नई दिल्ली
गुरुवार, 27 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 346
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 30.0
न्यून. 20.0

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

बाजार का हाल

मार्केट	बंद	गिरावट
सेंसेक्स	77,288.50	728.69 ▼
निफ्टी	23,486.85	181.80 ▼

धातु	कीमत	तेजी
सोना	90,685 /-	235/- ▲
चांदी	1,01,500/-	1500/- ▲

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

मुद्रा	प्रति डॉलर	ऊपर
रुपया	85.69	3 पैसे ▲
क्रूड ऑयल 73.48/ बैरल		0.63% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

प्रश्नकाल में केंद्रीय मंत्री और द्रमुक सांसद दयानिधि मारन के बीच हुई तीखी नोकझोंक

लोकसभा में अश्विनी वैष्णव ने द्रमुक को पढ़ाया संघीय ढांचे के सम्मान का पाठ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के सांसदों को संविधान में शामिल देश के संघीय ढांचे के सम्मान की याद दिलाई। दरअसल यह पूरा मामला द्रमुक सांसद दयानिधि मारन द्वारा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से ऑनलाइन गेमिंग के मामले पर पूछे गए एक प्रश्न से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने सरकार पर ऑनलाइन गेमिंग के खिलाफ अपनी नैतिक जिम्मेदारी उठाने से बचने का आरोप लगाते हुए तमिलनाडु सरकार की पीठ थपथपाते हुए कहा कि राज्य ने ऑनलाइन गेमिंग पर

रोक लगा दी है। ऐसे में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा मामले से जुड़ी हुई सभी वेबसाइटों पर कब तक रोक लगाई जाएगी?

कानून बनाना राज्यों की जिम्मेदारी है: वैष्णव

प्रश्न के जवाब में बेहद तीखी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग (जुआ) संविधान प्रदत्त संविधान ढांचे के तहत राज्य का विषय है। जिसका उल्लेख लिस्ट-2 एंटी-34 में किया गया है। इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि इस मामले पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों का ही है। ऐसे में द्रमुक सांसद दयानिधि मारन को केंद्र सरकार की नैतिक जिम्मेदारी पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। यह देश संविधान में बताए गए संघीय ढांचे से चलता है। जिसमें ऑनलाइन गेमिंग पर कानून बनाने का अधिकार और उसका नैतिक दायित्व पूरी तरह से राज्य सरकारों को प्रदान किया गया है। उन्होंने मारन से अनुरोध करते हुए कहा कि उन्हें संघीय ढांचे का अध्ययन करना चाहिए। साथ ही वो इस व्यवस्था का सम्मान करें और भारत के संघीय ढांचे को बचाएं।

बैन की गई 1 हजार 410 वेबसाइट

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार के पास विभिन्न माध्यमों से आई शिकायतों के आधार पर अब तक ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी हुई कुल 1 हजार 410 वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाया गया है। वैष्णव ने कहा कि कुछ राज्यों ने मामले पर कानून बनाया है। लेकिन केंद्र की तरफ से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परामर्श जारी किया है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विज्ञापन के जरिए हर खासो आम को जागरूक करने की कोशिश की है। यह कवायद भविष्य में भी जारी रहेगी।

पूरक प्रश्न पूछने को नहीं मिलेगा: बिरला

अश्विनी वैष्णव के जवाब के साथ ही द्रमुक सांसदों ने अपनी सीटों पर खड़े होकर हंगामे के साथ सरकार का विरोध करना शुरू कर दिया। जिस पर तुरंत टोकते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें नसीहत देते हुए कहा कि अगर आप लोग एक बार प्रश्न पूछने के बाद दोबारा कुछ बोलने के लिए अध्यक्ष की अनुमति के बिना खड़े हुए तो मैं आपको सदन में पूरक प्रश्न पूछने का मौका नहीं दूंगा। मैंने व्यवस्था दे दी है जो सदन में लागू रहेगी।

हर साल बनते 374 किमी. नए ट्रैक

रेलवे से जुड़े कांग्रेस के सांसद हरीश चंद्र मीना के एक प्रश्न के जवाब में वैष्णव ने कहा कि अजमेर से सवाई माधोपुर के बीच के रेलवे ट्रैक निर्माण को लेकर केंद्र और प्रदेश की सरकार के बीच बातचीत चल रही है। इसमें लागत को केंद्र और राज्य के बीच 50:50 के अनुपात में बांटकर पूरा करने का निर्णय लिया गया है। पूर्व में राजस्थान में रही कांग्रेस की सरकार ने इस बाबत स्वीकृति प्रदान नहीं दी थी। जिसकी वजह से परियोजना में देरी हुई है। लेकिन अब केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। इसलिए काम जल्द पूरा हो जाएगा। उन्होंने यूपीए के शासनकाल के दौरान 2009 से 14 तक सालाना 160 किलोमीटर नए रेल ट्रैक बनाने की मौजूदा एनडीए सरकार से तुलना करते हुए कहा कि आज डेढ़ गुना से अधिक यानी 374 किलोमीटर नए ट्रैक बनाए जा रहे हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पैसे निकालना होगा महंगा, मिली मंजूरी

नई दिल्ली। अब एटीएम से पैसे निकालना महंगा होने वाला है। 1 मई से नियमों के तहत चार्ज देना

होगा। यह बढ़ोतरी भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के प्रस्ताव के आधार पर आरबीआई द्वारा अनुमोदित किया है। होम बैंक के एटीएम के बजाय दूसरे बैंक एटीएम से पैसे निकालने पर हर ट्रांजैक्शन पर 17 से बढ़कर 19 रुपए हो जाएगा।

टैक्स चोरी: सैमसंग पर लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। भारत सरकार ने सैमसंग और उसके अधिकारियों पर 601 मिलियन (लगभग 5,154

करोड़) का बैक टैक्स और जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई टेलीकॉम उपकरणों के आयात पर शुल्क बचाने की कथित हेराफेरी के कारण की गई है। यह मामला हाल के वर्षों में किसी भी कंपनी पर लगाए गए सबसे बड़े कर मांगों में से एक माना जा रहा है।

योग शिक्षक को 7 फीट गहरे गड्ढे में जिंदा गाड़ा

नई दिल्ली। रोहतक के बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में योग

शिक्षक जगदीप लापता थे। मंगलवार को उनका शव चरखी दादरी के पैंतावास कलां गांव में 7 फुट गहरे गड्ढे से बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या के पीछे मुख्य आरोपी राजकरण था, जिसे शक था कि उसकी पत्नी के जगदीप से अवैध संबंध थे।

सुझाव, वर्तमान में अमेरिकी आयोग को 'चिंता की एक इकाई' माने जाने की जरूरत

अमेरिका के धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की रिपोर्ट पर भारत ने खूब सुनाई खरी-खरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रिपोर्ट को खारिज करते हुए बोला, इसमें साफ दिखता है भारत के खिलाफ किया जाने वाला पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित आकलन करने का पुराना चलन।

भारत ने बीते मंगलवार को जारी की गई अमेरिका के धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट पर बुधवार को बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत, अमेरिकी आयोग की इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज करता है।

क्योंकि इसमें आयोग द्वारा भारत के खिलाफ लगातार किया जाने वाला पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित आकलन करने का पुराना चलन ही साफ तौर पर दिखाई पड़ता है। भारत की नजर में वर्तमान समय में इस अमेरिकी आयोग को ही 'चिंता की इकाई' मनाने की आवश्यकता है। यहां बता दें कि वर्ष 2023 में भी अमेरिका की तरफ से भारत पर उक्त रिपोर्ट जैसा ही आरोप लगाया जा चुका है। जिसमें अमेरिका ने सिख आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के पीछे भारत के पूर्व अधिकारी विकास यादव पर आरोप मढ़ा गया था। अमेरिका की तर्ज पर कनाडा भी भारत पर ऐसे ही आरोप लगाता रहा है। जिसे भारत द्वारा हर बार पूरी तरह से खारिज किया जाता है।

2023 में भी अमेरिका की तरफ से भारत पर उक्त रिपोर्ट जैसा ही आरोप

आतंकवादी पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप भी भारत पर लगाया

रॉ पर प्रतिबंध लगाया जाए: रिपोर्ट

यूएससीआईआरएफ ने अपनी रिपोर्ट में भारत पर गंभीर आरोप लगाते हुए अमेरिका की सरकार से कुछ सिफारिशें की हैं। जिसमें उसने भारत को अल्पसंख्यकों के लिए असुरक्षित देश करार देते हुए कहा है कि वहां पर उनके साथ बुरा व्यवहार किया जा रहा है, उनके खिलाफ हमले और भेदभाव बढ़ा है। साथ ही सिख अलगाववादियों की हत्या की साजिश में रॉ के शामिल होने का आरोप लगाते हुए भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश भी अमेरिकी आयोग ने डोनाल्ड ट्रंप की सरकार से की है। रिपोर्ट ये भी कहती है कि पिछले साल 2024 में भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति और अधिक खराब हो गई है।

सिफारिशें मानने की बाध्यता नहीं

उधर, जानकार मानते हैं कि अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों को मानने के लिए ट्रंप सरकार बाध्य नहीं है। रिपोर्ट में भारत को विशेष चिंता वाला देश घोषित करने की बात भी कही गई है। इसके अलावा इसमें चीन के खतरे का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उससे मुकाबला करने के लिए ही अमेरिका ने भारत से संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की कोशिश की थी। जिसके चलते भारत में मानवाधिकार के मामलों की अनदेखी की गई। अमेरिका द्वारा भारत को की गई एमक्यू-9 बी ड्रोन जैसे रक्षा हथियारों की बिक्री जैसे मामलों की समीक्षा की सिफारिश भी आयोग ने अपनी रिपोर्ट में है।

एक खास किस्म के एजेंडे पर केंद्रित रिपोर्ट

विदेश मंत्रालय ने प्रवक्ता ने कहा कि हमने हाल ही में अमेरिका के आयोग की इस रिपोर्ट पर नजर डाली है। जिसमें अलग-अलग घटनाओं को गलत तरीके से प्रस्तुत करने और देश के बहु-सांस्कृतिक समाज पर संदेह करने की लगातार कोशिशों की झलक देखने को मिलती है। जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि रिपोर्ट में धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर हकीकत में चिंता करने की जगह पर जानबूझकर एक एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

लोकतंत्र, सह-सहिष्णुता का प्रतीक भारत

उन्होंने कहा कि भारत कुल 140 करोड़ देशवासियों का निवास स्थान है। यहां मानव जाति के सभी ज्ञात अनुयायी रहते हैं। लेकिन हमें यूएससीआईआरएफ से यह उम्मीद कतई नहीं है कि वो भारत के बहुलवादी ढांचे की हकीकत से जुड़ेगा और इसके अलग-अलग समुदायों के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को स्वीकार करेगा। लोकतंत्र और सह-सहिष्णुता के प्रतीक के रूप में भारत की स्थिति को कमजोर करने के लिए किए जा रहे तमाम प्रयास कभी सफल नहीं होंगे।

लोकसभा अध्यक्ष की राहुल गांधी को नसीहत, सदन में मर्यादा-शालीनता के साथ करें आचरण

बिफरे राहुल बोले, सदन में नेता प्रतिपक्ष को बोलने ही नहीं दिया जाता, गैर लोकतांत्रिक ढंग से चलाई जा रही लोकसभा की कार्यवाही

कांग्रेस के 70 सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में जाकर मामले पर जताया विरोध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद में बुधवार की समूची कार्यवाही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बनाम नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रही। मामले की शुरुआत शून्यकाल के दौरान दोपहर करीब एक बजे हुई, जब लोकसभा अध्यक्ष अचानक सदन में आए और उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वो सदन में उसकी मर्यादा और प्रतिष्ठा के अनुरूप आचरण करेंगे।

बिरला ने लोकसभा प्रक्रिया के नियम-349 का उल्लेख करते हुए कहा कि सभा के पालनीय नियमों के हिसाब से सदन में आचरण और व्यवहार करना चाहिए। जो लोकसभा की मर्यादा और प्रतिष्ठा के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन में मेरे संज्ञान में ऐसी कई घटनाएं आई हैं। जब सदस्यों ▶▶ शेष पेज 5 पर

नाराज राहुल बोले, मुझे सदन में बोलने नहीं देते

मामले पर सदन में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के सचेतक मणिकम टैगोर सहित 70 सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में जाकर नाराजगी जताते हुए सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने का अवसर न दिए जाने का मुद्दा उठाया। वहीं, संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा कि मैं भी यह नहीं समझ पाया कि सदन में आखिर हुआ क्या? लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मेरे बारे में कुछ कहा, जिसकी मुझे जानकारी तक नहीं है। मैं ▶▶ शेष पेज 5 पर

अपने अधिकारों से वंचित किए जाते नेता प्रतिपक्ष

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि संसदीय परंपरा में यह देखने को मिलता है कि सदन जितना सत्ता पक्ष का है उतना ही विपक्ष का भी है। लेकिन अब ये देखने में आ रहा है कि नेता प्रतिपक्ष जब भी सदन में आते हैं और किसी विषय पर अपनी बात रखना चाहते हैं तो हर बार कोई नियम दिखाकर उनको लोकसभा में जनता के मुद्दे उठाने के अपने अधिकार का प्रयोग करने से वंचित किया जाता है। नेता प्रतिपक्ष हमारे संवैधानिक ढांचे और ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत-चीन के विदेश मंत्रालयों के बीच हुई बैठक, कैलाश मानसरोवर यात्रा सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के विदेश मंत्रालयों के बीच बुधवार को बीजिंग में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े तमाम जरूरी मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि बैठक में भारत का नेतृत्व मंत्रालय में संयुक्त सचिव जी. दास (पूर्व एशिया) ने किया। जबकि चीन की तरफ से बैठक में लियू जिनसांग (महानिदेशक, एशियाई मामले)

शामिल हुए। दोनों पक्षों की चर्चा में पिछले साल 2024 में भारत और चीन के शीर्ष नेताओं की मुलाकात में संबंधों के विकास के लिए मार्गदर्शन के साथ दिए गए सुझावों और मसलों को परखा गया। इस अवधि के बाद दोनों देशों के बीच कई बार उच्च ▶▶ शेष पेज 5 पर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी डीआरडीओ नौसेना और उद्योग जगत को बधाई

भारत ने किया नौसेना के लिए स्वदेशी एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने बुधवार को ओडिशा स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से स्वदेशी रूप से विकसित की गई वर्टिकली लांच शॉर्ट रेंज सर्फेस टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इसके लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), नौसेना और उद्योग जगत को बधाई दी। उन्होंने कहा कि परीक्षण की इस सफलता से भारतीय नौसेना की

रणनीतिक क्षमता में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। साथ ही यह बल के लिए एक फोर्स मल्टीप्लायर भी ▶▶ शेष पेज 5 पर

राज्यसभा से वित्त विधेयक पास: सीतारमण का दावा मोदी सरकार ने हर वर्ग का रखा उचित ख्याल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में वित्त विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक का उद्देश्य करदाताओं को सम्मान देना और मध्यम वर्ग के योगदान को मान्यता देना है।

वित्त मंत्री ने बताया कि व्यक्तिगत आयकर दाताओं की सालाना 12 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह करमुक्त रखा गया है, और इससे थोड़ी अधिक आय पर कर का प्रभाव सीमित होगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सीमा शुल्क दरों को युक्तिसंगत

बनाने का प्रयास किया गया है, ताकि घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिले और निर्यात की प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार हो। इसके साथ ही, गूगल और मेटा जैसी कंपनियों पर ऑनलाइन विज्ञापन आय पर लगने वाले 6 प्रतिशत इक्वालाइजेशन कर को हटाने का प्रस्ताव रखा गया। विभिन्न दलों के सांसदों ने चर्चा में भाग लिया। सवाल उठाये। उन सभी सवालों का बारी बारी जवाब वित्तमंत्री ने दिया। सीमा शुल्क (कस्टम ड्यूटी) में बदलाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाया गया है ताकि आयात पर निर्भरता कम हो और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिले। इसका उद्देश्य 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करना और भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाना है। उदाहरण के तौर पर, कुछ कच्चे माल पर शुल्क कम किया गया, जबकि तैयार उत्पादों पर शुल्क में मामूली वृद्धि की गई। वित्तमंत्री ने इक्वालाइजेशन लेवी हटाने का ▶▶ शेष पेज 5 पर

ईपीएफओ के सदस्यों के लिए अच्छी खबर

यूपीआई और एटीएम से हो सकेगी पीएफ की निकासी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मई के अंत या जून 2025 की शुरुआत तक एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इस नए बदलाव के साथ ईपीएफओ के सदस्य यूपीआई और एटीएम के जरिए तत्काल अपना भविष्य निधि (पीएफ) निकाल सकेंगे।

इससे कर्मचारियों को अब अपनी पीएफ बचत तक पहुंचने के लिए लंबी और समय लेने वाली प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। इस पहल को श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से क्रियान्वित

किया जा रहा है और इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से मंजूरी मिल गई है। इस कदम से देशभर के लाखों ईपीएफओ सदस्यों को पहले से बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि कर्मचारी तत्काल 1 लाख रुपए तक निकाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि सदस्य सीधे यूपीआई प्लेटफॉर्म पर अपना पीएफ बैलेंस भी देख सकेंगे और बिना किसी देरी के अपने पसंदीदा बैंक खातों में फंड ट्रांसफर कर सकेंगे। वर्तमान में, पीएफ फंड निकालने के लिए ऑनलाइन क्लेम जमा करने और अप्रूवल की प्रतीक्षा करने की जरूरत होती है। इससे कर्मचारियों के लिए जरूरत के समय अपने पैसे तक पहुंच आसान हो जाएगी। वर्तमान में, पीएफ फंड निकालने के लिए ऑनलाइन क्लेम जमा करने और अप्रूवल की प्रतीक्षा करने की जरूरत होती है, जिसमें कई दिन या ▶▶ शेष पेज 5 पर

सेना के लिए की जाएगी हाई मोबिलिटी वाहन की खरीद

भारतीय सेना की बढ़ेगी युद्धक क्षमता, रक्षा मंत्रालय ने किया 6,900 करोड़ का समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की घरेलू सीमाओं से बढ़ते सुरक्षा खतरे के बीच रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय सेना के युद्धक बेड़े को मजबूती प्रदान करने के लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड के साथ कुल 6 हजार 900 करोड़ रुपए के एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसके तहत बल के लिए 155 एमएम/52 कैलिबर एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) और हाई मोबिलिटी व्हीकल 6x6 गन टोइंग व्हीकल की खरीद की जाएगी। सेना से जुड़े रक्षा उत्पाद के लिए निजी क्षेत्र से की गई यह पहली बड़ी खरीद है। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि 155 एमएम/52 कैलिबर एटीएजीएस पुरानी और छोटी कैलिबर वाली तोपों की जगह लेगी।

इससे सेना की तोपखाना क्षमता को काफी मजबूती मिलेगी। साथ ही इसकी खरीद से तोपखाना रेजिमेंट के आधुनिकीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। यह तोप अपनी असाधारण मारक क्षमता के लिए प्रसिद्ध है। सेना इसकी मदद से अपने सटीक और लंबी दूरी के हमलों में महारत हासिल कर अपनी रणनीतिक और परिचालन ▶▶ शेष पेज 5 पर

देश में बढ़ेगा इको-सिस्टम

मंत्रालय ने कहा कि निजी क्षेत्र के शामिल होने से देश के अंदर तोप निर्माण उद्योग और समग्र रूप से स्वदेशी रक्षा विनिर्माण ईको सिस्टम को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा यह परियोजना मेक इन इंडिया पहल के मुताबिक भारत में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में भी अहम योगदान देते हुए आत्मनिर्भर भारत का अहम ध्वजवाहक बनेगी।

अब तक किए 1.40 लाख करोड़ के करार

रक्षा मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक पूंजीगत खरीद के लिए 1.40 लाख करोड़ रुपए के कुल समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उक्त समझौते को अमलीजामा पहनाने के दौरान यानी हस्ताक्षर के वक्त रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, पुणे के एटीएजीएस परियोजना के ▶▶ शेष पेज 5 पर

10 लाख की फिरौती के लिये किया गया था अगवा

वजीराबाद में किशोर की अपहरण के बाद हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वजीराबाद इलाके में 16 वर्षीय लड़के की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। हत्या के सिलसिले में तीन किशोरों को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा नौ के छात्र को भलस्वा झील के पास एक सुनसान इलाके में ले जाया गया और उस पर कई बार चाकू से वार कर मौत के घाट उतारा। किशोर के परिजनों को 10 लाख रुपये की फिरौती के लिए फोन भी किया गया था।

पुलिस के अनुसार किशोर रविवार से लापता था और सोमवार को स्थानीय थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। किशोर मुखर्जी नगर में पढ़ता था। जांच के दौरान पता चला कि लड़के को आखिरी बार तीन लड़कों के साथ देखा गया था, जिनमें से दो की उम्र 16 और 17 साल थी। युवक झाड़ौदा पुश्ता रोड पर मोटरसाइकिल पर थे। इलाके में लगे सीसीटीवी की फुटेज से इस बात की पुष्टि हुई। पुलिस ने तीनों लड़कों को पकड़ लिया और आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने 10 लाख रुपये की फिरौती के लिए लड़के का अपहरण किया था। आरोपियों ने बताया कि रविवार को वे लड़के को मोटरसाइकिल पर अपने साथ घुमाने के बहाने ले गए थे। उसे भलस्वा झील के पास एक सुनसान इलाके में ले जाकर चाकू से वार किये गये थे। इसके बाद शव वहीं छोड़कर फरार हो गए। अगले दिन उन्होंने लड़के के पिता को फोन कर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी। लड़के का पिता पेशे से चालक है। लड़के का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने शव के टुकड़े करने की भी कोशिश की थी।

खास बातें

- पुलिस ने तीन नाबालिग पकड़े
- शव को टुकड़ों में काटने की भी हुई कोशिश

चाकू से गोदकर शख्स की हत्या

नई दिल्ली। उत्तरी बाहरी जिले के शाहबाद डेयरी इलाके में मंगलवार रात एक शख्स की लाठी डंडों व चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम नागेंद्र कुमार बताया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। हत्या से गुस्साएं पीड़ित परिजनों ने हंगामा प्रदर्शन भी किया है। हत्या की वजह अभी सामने नहीं आई है। आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस के अनुसार हत्या का केस दर्ज कर स्पेशल स्टाफ, एएटीएस समेत पांच टीमें गठित की गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

फाइनेंसर से प्रताड़ित शख्स ने फांसी लगा दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

शाहदरा जिले के गांधी नगर थाना इलाके में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला सामने आया है। दरअसल प्रॉपर्टी डीलर व फाइनेंसर से प्रताड़ित शख्स ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी फाइनेंसर को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आत्महत्या का यह मामला 24 मार्च को सामने आया था। पुलिस को एलएनजेपी अस्पताल से सूचना मिली थी। गांधी नगर थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची जहां ललित मोहन वार्ष्णेय (42) निवासी कैलाश नगर को फांसी लगाने के बाद लाया गया था। पत्नी पूनम गुप्ता ही अस्पताल लेकर आई थी। मृतक अपने पते पर ही मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता था। शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के मोबाइल में कुछ वीडियो मिली है जिसमें उसने संजीव जैन नामक फाइनेंसर पर आर्थिक प्रताड़ना के आरोप लगाये हैं। संजीव कैलाश नगर में ही जैन प्रॉपर्टी के नाम से प्रॉपर्टी डीलिंग की दुकान भी चलाता है। इसके साथ ही वह ब्याज पर पैसा देता है। ललित ने वीडियो में बताया कि उसने 2014 में संजीव से पचास हजार रुपये ब्याज पर लिये थे। वह तब से अब तक लगातार ब्याज दे रहा था। लेकिन रकम अब बढ़कर 10 लाख हो गई। वह ब्याज चुका चुकाकर थक चुका है। इसलिये आत्महत्या कर रहा है। इस संबंध में मृतक की पत्नी पूनम गुप्ता की शिकायत पर थाना गांधी नगर में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी संजीव जैन (60) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

■ आरोपी फाइनेंसर गिरफ्तार

क्रॉकरी के डिब्बों में बिहार भेजी जा रही थी अवैध शराब

■ ट्रांसपोर्टर समेत तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्रॉकरी के डिब्बों की आड़ में ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से बिहार अवैध शराब भेजने का मामला सामने आया है। इस सिलिसिले में उत्तरी रेंज-2, अपराध शाखा ने शराब विक्रेता, पैकिंग करने वाले और ट्रांसपोर्टर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 74 कार्टन (3732 क्वार्टर शराब) बरामद हुई है। थर्मोकोल पैकेजिंग वाले क्रॉकरी के कार्ड बॉक्स के अंदर शराब के कार्टन छिपाए गए थे। अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को भी जब्त किया गया है। पकड़े गये लोगों के नाम ललन कुमार निवासी, सेहरसा, बिहार (ड्राइवर), लखन निवासी हैलीमंडी, गुरुग्राम, हरियाणा (पैकेजर), जिसकी पहाड़ी धीरज, सदर बाजार में दुकान है और महेंद्र बहेरा निवासी न्यू कृष्णा नगर शराब की दुकान पर अनुबंधित कर्मचारी जो शराब उपलब्ध कराता था को गिरफ्तार किया गया है।

हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

घोषणा

विज्ञापन दिनांक 17.03.2025 की निरंतरता में, यह उन उम्मीदवारों की सूचना के लिए है जो असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) (विज्ञा. सं. 57/2024) के तहत म्यूजिक (इंस्ट्रयूमेंटल) विषय में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा में आवेदन कर चुके हैं कि आयोग ने उक्त पदों हेतु कुशलता परीक्षा को पुनः निर्धारित किया है। कुशलता परीक्षा अब 11.04.2025 से 12.04.2025 तक आयोजित की जाएगी। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

दिनांक : 26.03.2025
हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद-1156/13/309/2025/33330/88/7 दि. 26.03.25

नकदी मामलाः डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस टीम न्यायाधीश के आवास पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास में लगी आग के बाद कथित नकदी बरामदगी के मामले की जांच के सिलसिले में पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) के नेतृत्व में एक टीम बुधवार को उनके आवास पहुंची। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि टीम अपराह्न करीब 1.50 बजे न्यायमूर्ति वर्मा के घर पहुंची और दो घंटे बाद वापस गई। हालांकि, पुलिस टीम ने मीडिया से बात नहीं की और न्यायाधीश वर्मा के घर से निकलकर तुगलक रोड पुलिस थाना गई। इससे पहले पुलिस सूत्रों ने बताया था कि टीम उस स्थान का निरीक्षण करने जा रही है जहां आग लगी थी और वह न्यायाधीश के आवास पर काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ कर सकती है। प्रधान न्यायाधीश ने 22 मार्च को आरोपों की आंतरिक जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की और घटना में दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय की जांच रिपोर्ट अपलोड करने का फैसला किया। इसमें कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी मिलने की तस्वीरें और वीडियो शामिल थे। न्यायमूर्ति वर्मा ने आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि उनके या परिवार के किसी सदस्य ने भंडारगृह में कभी भी कोई नकदी नहीं रखी।

पांच लोगों के कत्ल में शामिल रहा पैरोल जंपर 14 साल बाद अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ भजनपुरा में दिया था वारदात को अंजाम

क्राइम ब्रांच की एनडीआर टीम ने एक 20 साल के सजायाप्ता पैरोल जम्पर को मेरठ से गिरफ्तार किया है। यह 14 सालों से पुलिस को चकमा दे रहा था। आरोपी ने 2011 में मां की बीमारी के बहाने 40 दिनों का पैरोल लिया था। लेकिन लौटकर सरेंडर नहीं किया और अंडरग्राउंड हो गया था। आरोपी राजकुमार उर्फ राजू ने अपने तीन सहयोगियों के साथ भजनपुरा इलाके में लूट के लिए एक रिश्तेदार के घर में प्रवेश किया। दो महिलाओं और दो बच्चों सहित परिवार के पांच सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया था। अभियुक्तों ने हत्या से पहले एक महिला के साथ बलात्कार भी किया था।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 6 जुलाई 1996 को सुबह 10:30 बजे भजनपुरा थाने में सी-3/276, यमुना विहार में हत्या के संबंध में एक सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पांच शव (एक पुरुष, दो महिला और दो बच्चे) मिले थे। सुरेश शर्मा (मृतकों में से एक का पति) के बयान पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मामले में छह आरोपियों राजेंद्र उर्फ राजू, सुनील, राजकुमार उर्फ राजू, जयकिशन, कवलजीत उर्फ कवल सिंह और राज रानी को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला कि वे डकैती के इरादे से घर में घुसे थे। उन्हें शक था कि अंदर बड़ी मात्रा में नकदी रखी हुई थी। परिवार ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन सभी को मार डाला। घर की एक महिला के साथ बलात्कार किया। कीमती सामान लूट लिया और अपराध स्थल से भाग गए थे। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने चार आरोपियों को 20 साल की सजा सुनाई थी। दो आरोपियों सुनील और जयकिशन की सजा की अवधि के दौरान मृत्यु हो गई। आरोपी हापुड़, यूपी का रहने वाला है। 1990 से 1996 तक सदर बाजार में बैग बनाने का काम करता था। 1996 में उसके दोस्त और सह-अभियुक्त राजेंद्र ने इसे बताया कि भजनपुरा में रहने वाले उसके चचेरे भाई ने अपनी संपत्ति 22 लाख रुपये में बेची है। सारा पैसा उसके घर में रखा है। इसके बाद, राजकुमार और उनके सहयोगियों ने राजेंद्र के चचेरे भाई को लूटने की योजना बनाई थी। उन्होंने आरोपी राजेंद्र के चचेरे भाई को चाकू से मार डाला लेकिन उन्हें घर की तलाशी में कोई रकम नहीं मिली थी। इसके बाद उन्होंने घर में मौजूद महिला (मृतक की सिस्टर-इन-लॉ) के साथ बलात्कार किया और अपने दो बच्चों सहित पूरे परिवार को मार डाला। आरोपी ने फरारी के दौरान शादी कर ली। इसके परिवार में पत्नी व चार बच्चे हैं। वह घर चलाने के लिये मेरठ में दिहाड़ी मजदूरी करता था। वह वर्तमान में मुल्तान नगर, मेरठ में किराए पर रह रहा था।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **कालू, निवासीः एग्री कल्चर लैंड, पोल नंबर जेएफपीके 160 के पास, गांव बिजवासन, नजफगढ़, पोल नंबर एनजेएफके 160 के पास, नई दिल्ली-110043** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **Ct Case No. 342/2018** के तहत एक मामला **थाना सेक्टर-23 द्वारका, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **कालू** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **कालू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **कालू** अभियुक्त **Ct Case No. 342/2018, थाना सेक्टर-23 द्वारका, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार श्री विनोद कुमार मीना
एलडी. अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट संख्या 609, दक्षिण पश्चिम जिला,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2036/DW/2025

टाटा पावर की विशेष लोक अदालत 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ सुलझेंगे बिजली चोरी से जुड़े केस

निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर डीडीएल ने घोषणा की है कि आने वाली 29 मार्च 2025 स्थायी लोक अदालत के अलावा बिजली चोरी के मामलों के लिए एक विशेष निपटान शिविर का आयोजन करने जा रहा है। दी गई जानकारी अनुसार यह शिविर सुबह 10-4 बजे तक चलेगा। इस विशेष लोक अदालत में बिजली चोरी आदि के मामलों को सुना जाएगा। जहां तक संभव होगा अधिक से अधिक मामलों को मौके पर निपटाने की कोशिश की जाएगी। यह लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत , सेक्टर-13, रोहिणी, पिंक अपार्टमेंट के पास आयोजित किया जाएगा। कंपनी के अनुसार कोई भी संबंधित उपभोक्ता इस विशेष लोक अदालत में शामिल होने के लिए अपने प्रश्नों आदि के पंजीकरण के लिए 19124 पर संपर्क कर सकते है। इसके अलावा उपभोक्ता चाहे तो टाटा पावर की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भी अपना पंजीकरण करवा सकते है। सनद रहे कि दिल्ली की बिजली आपूर्ति कंपनियां बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल समय समय पर ऐसे आयोजन करते रहे है।

निगम उपचुनाव में जीत के लिए कांग्रेस ने शुरू की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ चुनाव आयोग से जल्द चुनाव की मांग की

दिल्ली में रिक्त हुए 12 नगर निगम वार्डों पर उप चुनावों को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मांग की है कि जल्द से जल्द निगम उपचुनाव कराए जाए। बैठक में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के अलावा पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार डा. नरेंद्र नाथ, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज व प्रदेश प्रशासनिक अधिकारी जतिन शर्मा सहित अन्य नेता मौजूद थे। यादव ने बैठक में सभी पदाधिकारियों से उनकी राय पूछी और अंत में कई दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर यादव ने बताया कि खाली पड़े 12 निगम वार्डों के उप चुनावों में संगठन की मजबूती और जीतने की रणनीति पर चर्चा हुई। दिल्ली कांग्रेस चुनाव आयोग से मांग करती है कि दिल्ली नगर निगम उपचुनाव जल्द से जल्द कराए जाए क्योंकि दिल्ली की जनता की प्रतिदिन की समस्याओं को सुलझाने के लिए निगम पार्षदों से संपर्क करना होता है।

लोकसभा और विधानसभा चुनाव में 12 निगम पार्षद चुनाव जीतने के बाद 12 वार्ड रिक्त हो गए है और उन पर उपचुनाव होना है। इन वार्डों पर उप चुनाव में कांग्रेस संगठन की मजबूत स्थिति बनाने के लिए बैठक में निगम उपचुनावों के लिए कांग्रेस नेता मौजूद रहे। यादव ने कहा कि सत्ता हथियाने के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच लगातार नूरा कुश्ती के कारण पिछले दो वर्षों से निगम का कामकाज ठप्प पड़ा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इनके आपसी संघर्ष को उजागर करने के लिए लोगों के बीच सच्चाई को बताना होगा। बताएं कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की नियमित लड़ाई ने शहर के सभी विकास कार्य ठप्प कर दिए है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश** पुत्र चरण सिंह निवासी झुग्गी नं. ए–547, मेट्रो अपार्टमेंट के पास, के–ब्लॉक, जहांगीरपुरी, एन. एस. मंडी, उत्तर–पश्चिम, दिल्ली दूसरा पताः 161, गली नं. 6, हरिदरपुर दिल्ली शालीमार बाग, उत्तर–पश्चिम, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 252/2021 धारा 279/337/338 भा.द.स. और 3/181 मोटर वाहन अधिनियम, थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 252/2021 धारा 279/337/338 भा.द.स. और 3/181 मोटर वाहन अधिनियम, थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **26.05.2025** को हाजिर हो। **आदेशानुसारः सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नंबर 107, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3724/RD/2025

पुलिस ने चोरी हुये फोन से 36 किये बरामद

एयरपोर्ट कर्मचारी 75 स्मार्टफोन चोरी के आरोप में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईजीआई पुलिस ने एक एयरपोर्ट कर्मचारी को लाखों रुपये के स्मार्टफोन चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी शख्स का नाम मोनू उर्फ निखिल कुमार (28) है। पुलिस ने इसके पास से चोरी हुये 75 मोबाइल में से 36 फोन बरामद कर लिये हैं। अन्य फोन की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार यह मामला तब सामने आया जब 'कार्गो सर्विसेज' के बिक्री एवं मार्केटिंग प्रमुख संजय यादव ने छह फरवरी को ई-एफआईआर दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार कंपनी ने 27 जनवरी को अपने नोएडा फेज दो के गोदाम से इंदौर के एक स्टोर के लिए चार पीवीसी बॉक्स में 280 ब्रांडेड स्मार्टफोन भेजे थे। 75 फोन वाला एक बॉक्स गायब था। जांच के दौरान हवाईअड्डे के 'कार्गो लोडिंग और स्टोरेज एरिया' के सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद चोरी हुए फोन की तकनीकी निगरानी की गई। टीम को तब सफलता मिली जब चोरी के कुछ फोन उन खरीदारों तक पहुंचे जिन्होंने उन्हें अनजाने में ईस्ट पटेल नगर के मोबाइल डीलर सुमन कुमार से खरीदा था। पूछताछ करने पर सुमन ने खुलासा किया कि उसने दूसरे डीलर अरुण शर्मा से 26 लाख रुपये से ज्यादा कीमत के 27 फोन खरीदे थे। जब ग्राहक बिल न होने के कारण सुमन को फोन लौटाने लगे तो सुमन ने उन्हें अरुण शर्मा को लौटा दिया। अरुण शर्मा ने बताया कि उसने मथुरा के साहिल नामक व्यक्ति से 34 चोरी के फोन खरीदे थे। इनमें से 27 फोन सुमन को बेचे गए थे, जबकि उसके पास अभी भी सात फोन बचे हुये थे। साहिल अभी भी फरार है। चोरी का एक फोन गुरुग्राम के एक व्यक्ति ने स्थानीय दुकानदार चिंटू से खरीदा था। पूछताछ करने पर चिंटू ने निखिल कुमार से दो लाख रुपये में दो सीलबंद फोन खरीदने की बात स्वीकारी है। उसने ऑनलाइन भुगतान का सबूत भी दिया। इस सुराग से पुलिस आरोपी तक पहुंची। पूछताछ के दौरान निखिल कुमार ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 'ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी' के लिए माल चढ़ाने-उतारने का काम कर रहा था। उसने एक सुनसान पार्किंग क्षेत्र में एक कंटेनर में मोबाइल की खेप रखे जाते देखा और स्थिति का फायदा उठाकर एक बक्सा चुरा लिया था। उसने पहले चोरी किए गए फोन को हवाई अड्डे पर एक पुराने कंटेनर में छिपा दिया और बाद में उन्हें धीरे धीरे बाहर ले गया। निखिल कुमार ने अपने दोस्त साहिल को 55 और चिंटू को दो फोन बेचे। इसकी गिरफ्तारी से 36 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जबकि साहिल को पकड़ने और शेष मोबाइल को बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक	जलापूर्ति तकनीकी मंडल रोहतक में स्थायी पम्प हाउस के आरडी 93500 बीएसबी पर एलटीडीबी ट्रांसफॉर्मर कार्य की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग + 3 कार्य।	बंद होने की तिथि 01.04.2025	333.71 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com
2	राजकीय महाविद्यालय सुल्तानपुर (फारूखनगर), गुरुग्राम	परिसर की क्लीनिंग और हाउसकीपिंग इत्यादि सेवाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एतद द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है।	बंद होने की तिथि 11.04.2025		https://etenders.hry.nic.in	8769350065 gcfarrukhnagar@gmail.com
3	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा	क्र. सं. 1 से 13 मदों तक मदों की निहित सूची (13 मदों का एकल लॉट)।	26.03.2025 22.04.2025		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
4	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा	क्र. सं. 01 से 01 मद तक मदों की निहित सूची अर्थात आरआईजी 017डी बेरिंग नं. एचआर68बी-4419 (01 मद का एकल लॉट)।	26.03.2025 22.04.2025		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
5	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा	क्र. सं. 1 से 486 तक निहित मदों की सूची (486 मदों का एकल लॉट)।	26.03.2025 22.04.2025		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
6	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा	क्र. सं. 1 से 35 मदों की निहित मदों की एक सूची (35 मदों का एकल लॉट)।	26.03.2025 22.04.2025		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
7	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा	क्र. सं. 1 से 437 मदों की निहित मदों की एक सूची (437 मदों का एकल लॉट)।	26.03.2025 22.04.2025		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
8	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा	क्र. सं. 1 से 19 मदों की निहित मदों की एक सूची (19 मदों का एकल लॉट)।	26.03.2025 22.04.2025		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
9	एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़, नूह	एसएचकेएम जीएमसी नल्हड़ नूह में अग्निशामन सेवाओं हेतु सीएमसी।	28.03.2025 03.04.2025	2.57 लाख	https://etenders.hry.nic.in/ nicgep/app	01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com
10	एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़, नूह	एसएचकेएम जीएमसी नल्हड़ नूह में अल्ट्रासाउंड कलर डोपलर मशीन के प्रावधान, विकास, प्रचालन और रखरखाव हेतु निविदा।	28.03.2025 15.04.2025	ईएमडी 2 लाख	https://etenders.hry.nic.in/ nicgep/app	01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com
11	एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़, नूह	फिनायल कंसनट्रेट की खरीद।	28.03.2025 15.04.2025	10000/-	https://etenders.hry.nic.in/ nicgep/app	01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/220/33331/I/88/7 दि. 26.03.25

सदस्यों ने सदन में की वेतन बढ़ाने और डाटा एंट्री आपरेटर की संख्या बढ़ाने आदि की मांग

विधायकों के वेतन-भत्तों को बढ़ाने और अन्य सुविधाओं की समीक्षा के लिए कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मंत्री आशीष सूद ने दिया कमेटी गठित करने का सुझाव

दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदस्यों ने सदन में अपने वेतन-भत्तों को बढ़ाने के साथ साथ डाटा एंट्री आपरेटर की संख्या बढ़ाने की मांग की। जिस पर सदन में मंत्री आशीष सूद ने एक समिति गठन का सुझाव दिया। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों के वेतन, भत्तों और अन्य सुविधाओं की समीक्षा करने तथा उचित अनुशंसा देने के लिए एक पांच सदस्यीय एडहॉक कमेटी का गठन किया। समिति का उद्देश्य वर्तमान वेतन और भत्तों की स्थिति की जांच करना और उसमें संभावित संशोधनों पर विचार करना है, ताकि विधायकों को उपयुक्त सुविधाएं मिल सकें। इस समिति के सभापति अभय वर्मा होंगे, जबकि अन्य सदस्यों में सूर्य प्रकाश खत्री, पूनम शर्मा, संजीव झा और विशेष रवि शामिल हैं। इन सदस्यों को विभिन्न पहलुओं पर विचार करके निष्पक्ष और संतुलित अनुशंसा देने की जिम्मेदारी दी गई है। समिति विधायकों के कार्यभार, जिम्मेदारियों और आवश्यक संसाधनों को ध्यान में रखते हुए समीक्षा करेगी। अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि यह समिति अपनी रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करेगी। समिति को तय समय-सीमा में अपनी समीक्षा पूरी करनी होगी और अपनी संस्तुतियां अध्यक्ष को सौंपनी होंगी, जिससे आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके। यह निर्णय विधायकों के वेतन और सुविधाओं से जुड़ी चिंताओं को दूर करने और उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। अध्यक्ष ने कहा कि यह निर्णय सदस्यों की भावनाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया।

सदन में सदस्य सूर्यप्रकाश खत्री ने डाटा एंट्री ऑपरेटर की संख्या 2 से 4 करने व इन्हें कुशल कामगार के तौर पर वेतन देने की मांग रखी। जबकि विपक्ष ने भी इसका समर्थन किया और विपक्ष के सदस्य संजीव झा ने कहा कि ने कहा कि आपरेटरों को वेतन 26 हजार दिए जाएं। साथ ही विधायकों का वेतन भी बढ़ाया जाए। भाजपा विधायक अभय वर्मा ने कहा कि 2008-09 में यह डाटा एंट्री आपरेटर लगे थे तब उन्हें 15 हजार वेतन तय किया गया था। इनकी संख्या चार की जाए वह इनका वेतन बढ़ाया जाए। विपक्षी सदस्य विशेष रवि ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया साथी विधायकों के वेतन भत्ते बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि विधायकों का वेतन 2021 में बढ़ा था लेकिन तब भी काम रहा। विपक्ष के सदस्य अनिल झा ने भी विधायकों के वेतन, पेंशन व सुविधाएं बढ़ाने की मांग रखी और कहा कि एसडीएम और डीएम जैसी सुविधाएं विधायकों दी जाएं व पंजाब, गोवा जैसी पेंशन भी प्रदान की जाए। सत्तापक्ष के सदस्य कुलवंत राणा ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया जबकि डॉक्टर अनिल गोयल ने सुझाव दिया कि एक सोशल मीडिया कर्मी, एक मैनेजर व दो डाटा एंट्री ऑपरेटर दिए जाएं। मंत्री आशीष सूद ने इस पर एक समिति बनाने का सुझाव दिया। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने एक एडहॉक कमेटी का गठन किया।

बजट 2025-26 जनविरोधी, टैक्स बढ़ाया और सुविधाएँ घटाईं यादव

दिल्ली की नई भाजपा सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सरकार व अपना पहला बजट पेश किया था। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इस बजट को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि भाजपा ने बजट में टैक्स बढ़ा लेकिन सुविधाएं घटा दी है। इस बजट ने दिल्ली की नई नवेली भाजपा सरकार की तमाम नाकामियों को उजागर करके रख दिया है। बजट 2025-26 में कर संग्रह में वृद्धि के बावजूद जनकल्याणकारी योजनाओं में भारी कटौती कर दी गई है। आम आदमी पार्टी और भाजपा, दोनों ही इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा से भाग रही हैं, जबकि जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ा दिया गया है। वर्ष 2024-25 में जीएसटी और वैट से कर संग्रह बढ़कर 41000 करोड रुपये हो गया है, लेकिन इसके बावजूद शिक्षा, जल आपूर्ति, स्वच्छता, आवास, शहरी विकास, ऊर्जा, कृषि, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण जैसी योजनाओं के बजट में कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक बजट को 49 प्रतिशत से घटाकर 41 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे सरकारी नौकरियों पर संकट गहराने की आशंका है।

प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों की गैरमौजूदगी पर अध्यक्ष ने दी सख्त नसीहत

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रश्नकाल के दौरान सदन में विपक्ष के नेता समेत अन्य विपक्षी सदस्यों की गैरमौजूदगी को लेकर सख्त नसीहत दी। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि 20 प्रश्नों में विपक्ष के 11 प्रश्न हैं और विपक्ष के सदस्य अपना सवाल पूछे जाने के मौके पर सदन में मौजूद नहीं रहते हैं। यह गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है। शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने नेता विपक्ष आतिशी को गैर जिम्मेदार बताया और कहा प्रश्न के समय गैरमौजूदगी बताती है कि आप कितने जिम्मेदार हैं।

दिल्ली का बजट विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण को है समर्पित : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में मंगवार को सीएम रेखा गुप्ता द्वारा पेश दिल्ली के बजट पर बुधवार को सदन में चर्चा हुई। चर्चा में भाग लेते हुए सत्तापक्ष के सदस्यों ने बजट को बेहतर और ऐतिहासिक बताया जबकि विपक्ष के सदस्यों ने इसमें कमियां गिनाईं। बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व सक्षम मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार ने समग्र विकास, आर्थिक वृद्धि और जनकल्याण को समर्पित एक प्रगतिशील बजट पेश किया है। इसमें यमुना नदी की सफाई, जल गुणवत्ता सुधार और वेस्ट वाटर मैनेजमेंट पर खास ध्यान दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि यमुना सफाई हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। अत्याधुनिक ट्रीटमेंट प्लांट्स लगाए जाएंगे, सख्त निगरानी होगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि दिल्लीवासियों को साफ पानी मिले और यमुना की सफाई हो। साफ पानी और स्वच्छता भी बजट का मुख्य हिस्सा रहा जिसके तहत 9,000 करोड़ रुपये दिल्ली की पेयजल व्यवस्था मजबूत करने और पाइपलाइन नेटवर्क अपग्रेड करने के लिए रखे गए हैं। मंत्री ने कहा कि दिल्ली में सालों से लोगों को परेशान कर रहे टैंकर माफिया का पर नकेल कसेगी। प्रदूषण नियंत्रण और आपातकालीन उपायों के तहत 300 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया गया है। इसके अलावा पर्यावरण में सुधार और दिल्ली को हरा भरा करने के लिए वृक्षारोपण के लिए 506 करोड़ रुपये के विशेष बजट की घोषणा की। इसके अलावा पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार व्यापारियों की सुविधा के लिए ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड बनाएगी, जिससे लाइसेंसिंग की प्रक्रिया आसान होगी, अनावश्यक देरी खत्म होगी और एमएसएमई कारोबारियों को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

गरीब और जरूरतमंद लोगों को सस्ता और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए 'अटल कैंटीन योजना' को शुरू किया जाएगा, इसके लिए बजट में 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

मंत्री ने पिछली सरकार पर साधा निशाना

मंत्री ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल के बारे में मैं क्या कहूं जब कोरोना महामारी अपने पिक पर थी लोगों को दवाइयों और ऑक्सीजन जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही थी, उस समय केजरीवाल जी विज्ञापन पर 40 लाख रुपए हर दिन खर्च कर रहे थे। इससे पता लगता है की इनकी सरकार दिल्ली के लोगों के प्रति कितनी संवेदनशील रही है। पहले के बजट सिर्फ प्रचार और झूठे वादों के लिए होते थे। लेकिन यह बजट असली विकास के लिए है। हर एक रुपये का हिसाब है और यह जनता के हित में खर्च किया जाएगा।

बजट पर चर्चा के लिए समय में कटौती का आरोप पूरी तरह असत्य : अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी के पत्र पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में वक्तव्य देते हुए कहा कि मुझे नेता विपक्ष आतिशी का एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसके तहत उन्होंने लिखा है कि बजट पर चर्चा के लिए केवल एक घंटे का समय दिया गया है। यह पूरी तरह असत्य है। मैं इस संबंध में स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में, जिसमें विपक्ष के सदस्य भी उपस्थित थे, यह निर्णय लिया जा चुका है कि बजट पर दिनांक 26 और 27 मार्च को चर्चा होगी। साथ ही सभी सदस्यों को पार्टी की सदस्य संख्या के अनुसार बोलने का बराबर समय दिया जाएगा और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि सभी सदस्यों को बोलने का पूरा मौका मिले। पिछले सत्रों के दौरान जिन नियमों का पालन किया गया था, उनका इस बार भी ध्यान रखा जाएगा। यदि सत्र की अवधि बढ़ाने की आवश्यकता हुई तो सत्र को भी बढ़ाया जाएगा। इस बात का स्वागत किया जाना चाहिए कि सत्र के दौरान हर विषय पर चर्चा की जा रही है। अतः यह कहना बिलकुल तर्कसंगत नहीं है कि बजट के लिए केवल एक घंटे का समय निर्धारित किया गया है, ये विषय राजनीति से प्रेरित है।

आतिशी ने पत्र लिखकर बजट पर चर्चा के समय में कटौती का लगाया आरोप

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर वार्षिक बजट 2025-26 पर चर्चा के समय को जानबूझकर कम करने का आरोप लगाया। आतिशी ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को लिखे पत्र में सदन की दिन भर की 'कार्य सूची' को लेकर क्षोभ प्रकट किया, जिसमें बजट पर चर्चा के लिए बमुश्किल एक घंटा आवंटित किया गया था। आतिशी ने पत्र में कहा कि इससे ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार बजट पर विस्तृत चर्चा से बचना चाहती है। आतिशी ने कहा कि साल के सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय दस्तावेज पर चर्चा करने के लिए 70 विधायकों की विधानसभा को बमुश्किल एक घंटा कैसे दिया जा सकता है।

बिना लाइसेंस के कोई भी दिल्ली में कर सकता है व्यापार : प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली में बिना किसी लाइसेंस के कोई भी व्यापार कर सकता है। सिर्फ खानपान के लिए एमसीडी से अनिवार्य लाइसेंस लेने होते हैं। इस बात की जानकारी मंत्री प्रवेश वर्मा ने सदन में एक प्रश्न के उत्तर में दी।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने विपक्ष के सदस्य वीरेंद्र सिंह कादियान के प्रश्न का उत्तर देते हुए बताया कि बिना किसी लाइसेंस के कोई भी दिल्ली में व्यापार कर सकता है लेकिन खानपान के लिए एमसीडी से अनिवार्य लाइसेंस लेने होते हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 11836 ऐसे जीएसटी नंबर की पहचान की गई थी जो फर्जी हैं।

डूसिब के शौचालय का रखरखाव संतोषजनक नहीं : सूद

सदन को एक प्रश्न के जवाब में मंत्री आशीष सूद ने बताया कि डूसिब के 28 हजार शौचालय का रखरखाव संतोषजनक नहीं है इसलिए बजट में शौचालय और नए स्नान कर बनाने की योजना लाए हैं। वहीं मंत्री आशीष सूद ने एक पूरक प्रश्न के जवाब बताया कि 1797 अनधिकृत कॉलोनी में पिछले 10 साल के भीतर 1564 किलोमीटर सडक़ बनी है यानी एक कॉलोनी में एक किलोमीटर और 3499 किलोमीटर सीवर लाइन बिछी है यानी एक कॉलोनी में दो किलोमीटर सीवर लाइन बिछाई गई है।

सभी सरकारी अस्पताल जन औषधि केंद्रों से ही खरीदेंगे दवाएं : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों से ही दवाएं खरीदनी होंगी, स्थानीय स्तर पर दवाओं की खरीद केवल इमरजेंसी के समय में ही की जा सकेगी। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने दी है। मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री माननीय डॉ. पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में 6 मार्च 2025 को दिल्ली सचिवालय में एक समीक्षा बैठक हुई थी। इस बैठक में सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई थी। इस दौरान, उन्होंने सभी चिकित्सा अधीक्षकों और स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से दवा खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इस निर्देश में भारत सरकार के फार्मास्युटिकल विभाग के तहत एक अधिकृत चैनल पार्टनर के साथ समझौता ज्ञापन (करने की जरुरत बताई गई थी, ताकि दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों में सुचारू रूप से दवाओं की खरीद सुनिश्चित की जा सके।

मार्च में सूरज उगल रहा आग, पारा 38 डिग्री पार

नई दिल्ली। ऐसा लग रहा है कि मार्च के महीने में ही सूरज ने आग उगलनी शुरू कर दी है। बुधवार का दिन दिल्ली के इतिहास में वर्ष 1945 के बाद तीसरे सबसे गर्म दिन के रूप में दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 7.4 डिग्री अधिक है। वहीं दिल्ली की दो जगह पर यह आंकड़ा 40 डिग्री को भी पार कर गया। इसमें पीतमपुरा में सबसे ज्यादा 40.6 डिग्री और रिज एरिया में 40.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जबकि नजफगढ़ में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं सफदरजंग 38.9 डिग्री, लोधी रोड 38.7 डिग्री, आया नगर 38.9 डिग्री और पूसा में 38.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। मार्च के महीने में ही लोगों को भयंकर गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। मौसम विभाग अनुसार दिल्ली में 31 मार्च 1945 को अब तक सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो चुका है, जो ओवर आल टाइम के रिकॉर्ड के रूप में दर्ज है। जबकि इसके बाद मार्च 2021 में भी पारा 40 डिग्री तक पहुंच चुका है, मगर आल टाम रिकॉर्ड तोड़ने से पीछे रह गया।

छात्रों को यूनिफॉर्म और किताबें खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं प्राइवेट स्कूल : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में दाखिला लेने वाले छात्रों पर यूनिफॉर्म, किताबें और अन्य लेखन सामग्री खरीदने के लिए दबाव डालने और छात्रों से पैसे वसूलने की शिकायत मिलने पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सभी निजी स्कूलों को सख्त चेतावनी दी। मंत्री ने बताया कि छात्रों और उनके माता-पिता से मिली शिकायतों को देखते हुए दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने 24 मार्च को दिल्ली के सभी प्राइवेट स्कूलों को सख्त आदेश जारी किया है। जिसके मुताबिक शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के तहत ईडब्ल्यूएस और अन्य छात्रों यूनिफॉर्म, किताबें और सभी अध्ययन सामग्री को तयशुदा वेंडर से जबरदस्ती खरीदने के लिए निजी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं। आशीष सूद ने बताया कि कई निजी स्कूल बच्चों को जरूरी सामान देने के लिए अभिभावकों से पैसे की भी मांग कर रहे हैं, जबकि ऐसी हर गतिविधि को रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान हैं। छात्रों को वर्दी, किताबें और जरूरी सामग्री की शिकायत मिलने पर शिक्षा निदेशालय ने निजी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है और स्कूलों को साफ चेतावनी दे दी गई है कि कानून का पालन नहीं करने पर दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, नियम 1973 और बीएनएस के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नमामि गंगे परियोजना पर जनता को जबाब क्यों नहीं दे रही भाजपा : देवेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सवाल उठाया है कि भाजपा की रेखा सरकार को केंद्र सरकार की नमामि गंगे परियोजना पर जनता द्वारा उठाए जा रहे सवालों का जवाब देना चाहिए जबकि वह चुप है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा से पूछा कि केंद्र सरकार की नमामि गंगे परियोजना का क्या हुआ। क्योंकि इसको लेकर पूरी भाजपा चुप्पी साधे हुए है, जबकि जनता को इस पर जवाब देना चाहिए। सरकार को यमुना सफाई के नाम पर जो पैसे मिले इसको लेकर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए ताकि लोगों के समक्ष पूरी स्थिति स्पष्ट हो सके। यादव ने कहा कि वर्तमान बजट में सरकार दिल्ली के जल संकट को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दी। क्योंकि बजट में रेखा सरकार ने दिल्ली की अतिरिक्त जल आपूर्ति को लेकर कुछ भी व्यवस्था नहीं की है। दिल्ली को 740 एमजीडी अतिरिक्त पानी की जरूरत है लेकिन बजट में वर्ष 2021 के लक्ष्य को लेकर न चर्चा हुई और न इसको लेकर कोई ठोस आश्वासन दिया गया। यादव ने कहा कि यमुना रिवर फ्रंट को लेकर मंत्री आशीष सूद ने असली कहानी बताई।

सीएम ने पीतमपुरा के विभिन्न ब्लॉकों में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

सरकार दिल्ली की कॉलोनियों में सभी बुनियादी सुविधाएं देने के लिए है प्रतिबद्ध : सीएम रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की कॉलोनियों में सारी बुनियादी सुविधाएं देने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को शालीमार बाग विधानसभा के अंतर्गत पीतमपुरा के विभिन्न ब्लॉकों का दौरा करने के दौरान कही। सीएम इस दौरान विकास कार्यों का निरीक्षण किया और विभिन्न ब्लॉकों में हुए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएम ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और समस्याओं के निदान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की हर कॉलोनी में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। यह कार्य दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा में एसडी (सी) ब्लॉक, एचपी ब्लॉक,एलपी ब्लॉक,आरयू ब्लॉक, एमयू ब्लॉक और जीएन्डजेयू ब्लॉक में हुए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन कार्यों में नई गलियों, नालियों, सीवेज लाइन और सुरक्षा उपायों का निर्माण शामिल है। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि इन विकास कार्यों से पीतमपुरा के हजारों निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। इन कार्यों में मुख्यतः पीतमपुरा केएसडी (सी) ब्लॉक में सम्पवेल, पंपहाउस, स्टाफरूम, दीवार और टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण, एचपी ब्लॉक में स्थानीय निवासियों की सुविधाओं के लिए गलियों और नालियों का सुधार, एलपी ब्लॉक में गोपाल मंदिर मार्ग और सिटी पार्क होटल के सामने 36 लाख रुपये की लागत से नालियों का निर्माण, आरयू ब्लॉक में मंदिर के पास जल निकासी व्यवस्था का सुधार और 12.86 करोड़ रुपये की लागत से आउटर रिंग रोड का सुदृढ़ीकरण, एमयू ब्लॉक में नई सीवेज लाइन और जीएन्डजेयू ब्लॉक में 2 स्टेनलेसस्टील सुरक्षा गेट का निर्माण जैसे कार्य सम्मिलित हैं।

सरकारी संपत्ति पर अवैध रूप से लगे पोस्टर और बैनरों को हटाने के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध रूप से लगे पोस्टर और बैनर को हटाने का निर्देश दिया और कहा कि किसी को भी सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का अधिकार नहीं है। अगर हमें सुंदर और स्वच्छ दिल्ली चाहिए, तो इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। सरकारी संपत्ति की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली के हर कॉलोनी में उच्चस्तरीय बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाए। विकसित दिल्ली के इस सपने को साकार करने के लिए सरकार निरंतर कार्यरत है।

स्वच्छता निरीक्षक को किया निलंबित

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के पीतमपुरा क्षेत्र में एक नाले की सफाई में कमी पाए जाने पर एक स्वच्छता निरीक्षक को निलंबित कर दिया।

आप पार्टी के कार्यकाल में एमसीडी कर्मचारी वेतन तक लिए परेशानः इकबाल

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरकार राजा इकबाल सिंह ने आरोप लगाया है कि निगम चुनाव के समय कर्मचारियों से बड़े बड़े वादे करके सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में निगम कर्मचारी वेतन तक के लिए परेशान है। हालात इस कदर खराब हो रहे है कि फरवरी माह का वेतन 26 मार्च 2025 तक भी कर्मचारियों को नहीं मिला है। निगम की आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामयाबी के चलते ग्रुप ए एवं बी कर्मचारियों को वेतन के लिए तरसना पड़ रहा है। जबकि निगम चुनाव के समय आम आदमी पार्टी के नेतागण बड़े बड़े वादे एवं झूठे प्रलोभन देकर सत्ता पर काबिज तो हो गए लेकिन अब निगम कर्मचारी एवं वेतन के लिए परेशान हो रहे हैं। इकबाल सिंह ने कहा कि 6 दिन बाद ही दो महीने का वेतन देय हो जाएगा। आप पार्टी हर मोर्चे पर बुरी तरह से फेल साबित हुई है और इसके निगम के कार्यकाल में दिल्ली का हर निवासी भी त्रस्त है।

खबर संक्षेप

बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

गुरुग्राम। राजेंद्रा पार्क एरिया में तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। शिकायत में गांव धनकोट के सुनील कुमार ने कहा कि उसका भतीजा 22 वर्षीय मंजीत 25 मार्च को अपनी बाइक लेकर धनकोट से चंदु गांव की तरफ जा रहा था। धनकोट नहर की पुलिया पार करते समय एक तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी।

देसी कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने देसी कट्टा सहित आरोपी दीपक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया के क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी दीपक निवासी नेहरू कालोनी को एक देसी कट्टा सहित ओल्ड प्रेस कालोनी फरीदाबाद से काबू किया है। जिसके खिलाफ थाना सारन पुरीदाबाद में अवैध हथियार की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

सिल्लियों को चोरी करने वाले आरोपी को दबोचा

फरीदाबाद। अपराध शाखा-56 की टीम ने आरोपी मोहमद अशफाक खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कर्ण गौड वासी भीकम कॉलोनी ने थाना सेक्टर-58 में शिकायत दी थी इलेक्टोर प्लाटिंग जोन में प्लांट लगा रखा है। जिसमें 7 मार्च की रात को कोई प्लांट में कोई एग्जॉस्ट फेन के रास्ते प्लांट के अंदर घुसा और प्लांट से लगभग 250 किलो ग्राम जिंक की सिल्ली चोरी करके ले गया। मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने आरोपी मो. अशफाक खान को बैरागी चौक के पास से काबू किया है।

आपस में टकराई 2 कार हादसे में 3 लोग घायल

फरीदाबाद। सेक्टर-86 में ओमेक्स हाइट्स के सामने दो गाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक गाड़ी पलट गई। दोनों गाड़ियों में सवार 3 लोगों को गंभीर चोट आई है। जिनको इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दोनों ही गाड़ियों की टक्कर आमने-सामने से हुई है, टक्कर होने के बाद एक गाड़ी पलट गई। जिन गाड़ियों की टक्कर हुई है उनमें एक सियाज तो दूसरी वेन्यू गाड़ी है। दोनों ही गाड़ियों पर दिल्ली का नंबर मिला है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आस पास के लोगों को दूर कर आवाज सुनाई दे गई। इस हादसे में वेन्यू कार के परखच्चे उड़ गए, जबकि दूसरी गाड़ी में भारी नुकसान हुआ है। आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।

निगम कमिश्नर और सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक रही सकारात्मक

बैठक में यूनियन की अन्य मांगों पर भी लिया जाएगा उचित फैसला, पोर्टल पर लगेगी हाजिरीः कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कर्मचारियों की मांगों पर अमल कर उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। बता दें, नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास और सफाई कर्मचारियों की यूनियन के प्रतिनिधियों से मुलाकात सकारात्मक रही। बैठक में कमिश्नर ने कर्मचारियों की उचित मांगों को लेकर चर्चा की और कर्मचारियों को जल्द से जल्द उनके एजेंडा को पूरा करने का आश्वासन दिया। बैठक में यूनियन के कर्मचारियों ने भी कमिश्नर को आश्वासन दिया की उनके कर्मचारी साथी पूरी मेहनत और लग्न के साथ कार्य करेंगे। बैठक में पोर्टल पर हाजरी लगाने की बात पर सहमति बनी और अब आगे भी सफाई कर्मचारियों की हाजरी पोर्टल पर ही लगेगी। कर्मचारियों ने भी कहा कि वे पूरी मेहनत और लग्न से कार्य करेंगे।

कर्मचारियों को यूनिफॉर्म की राशि भी वेतन में जोड़कर देने के निर्देश दिए

यूनियन के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री और फरीदाबाद निगम कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर बालगुहेर ने निगमायुक्त से अपनी मांगे रखी जिन मांगों में मुख्यरूप से पोर्टल पर सफाई कर्मचारियों की हाजरी लगाने का मुद्दा के अलावा डैथ केस में कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी के अलावा लगभग 90 कर्मचारियों के पीएफ संबंधी मांग और लगभग 500 सफाई कर्मचारियों को कौशल विभाग से नौकरी लगवाने जैसी अन्य मांगे रखी गई। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कर्मचारियों को यूनिफॉर्म की राशि भी वेतन में जोड़कर दी जाए, साथ ही सैनेटरी से संबंधित जरूरी सामान भी समय पर उपलब्ध कराया जाए।

सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मृतक सफाई कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी पर रखने की कार्रवाई को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाए। इसके अलावा कमिश्नर ने कहा की स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग आने के बाद सफाई के अच्छे कार्य के लिए भी सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा।

बैठक में यह लोग उपस्थित रहे

इस बैठक में एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल, सफाई निरीक्षक, राज्य प्रधान नरेश शास्त्री, फरीदाबाद यूनियन के प्रधान बलवीर बाल गुहेर, अनिल चिंडालिया, नरेश भगवाना, श्रीनंद ढकोलिया, महेंद्र कुडिया, गुरचरण खंडिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

जिला अध्यक्ष ने कहा- बूथ मजबूत कर संगठन को मजबूती देना, उनका पहला लक्ष्य

सीएम सैनी बिना थके, बिना रुके, कर रहे प्रदेश की जनता की सेवाः पंकज रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने भाजपा कार्यालय अटल कमल पर मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर हैं। जनता का पीएम मोदी और भाजपा के प्रति विश्वास और स्नेह का परिणाम है कि केंद्र और राज्य में लगातार 3 बार भाजपा की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना थके, बिना रुके प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं। प्रदेश में युवाओं को बिन पर्ची और बिन खर्ची के नौकरियां मिल रही है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार ने पिछले 10 सालों में युवाओं, गरीबों, किसानों और महिलाओं का विकास कर उनको मजबूत करने का कार्य किया है। बैठक में जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स और जिला महामंत्री सुरेंद्र जांगड़ा मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

खास बातें

- जनता का पीएम मोदी एवं भाजपा के प्रति विश्वास
- भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें और संगठनों को मजबूत रखे

भाजपा का हर कार्यकर्ता, संगठन की रीढ़ः नरेंद्र वत्स

भाजपा जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स ने कहा कि फरीदाबाद के कार्यकर्ता बहुत ही निष्ठा और मेहनत से काम करते हैं जिसका परिणाम रहा कि फरीदाबाद में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनी और मेयर चुनाव में तो देश की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वत्स ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती हमेशा से भाजपा की पहचान रही है। भाजपा का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से अपील की कि उनके बूथ के कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनसंपर्क बढ़ाएं, भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें और संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का कार्य करें।

बूथ समितियों की संरचना कर अपने मंडल को मजबूत करें

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने मंडल अध्यक्षों के साथ जिला अध्यक्ष के तौर पर अपनी पहली बैठक में कहा कि बूथ को मजबूत कर संगठन को मजबूत करना उनका पहला लक्ष्य है। मंडल की कार्यकारिणी का गठन कर अपने मंडल को सक्रिय मंडल बनाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करना है। रामपाल ने कहा कि हम एक अनुशासित संगठन हैं, अनुशासन ही हमारी पहचान है। हमारे पास जिस प्रकार की निष्ठा, समर्पण और अनुशासन है, वह किसी भी अन्य दल के पास नहीं है। मंडल अध्यक्ष अपनी अनुशासित कार्य शैली से बूथ समितियों की संरचना कर अपने मंडल को मजबूत करें।

गाड़ी रुकवाकर मारपीट व लूट का मामला

क्राइम ब्रांच की टीम ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर 85 में गाड़ी रुकवाकर मारपीट व लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में आरोपी अंकित को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भरत अग्रवाल निवासी सेक्टर 85 ने थाना खेड़ीपुल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 21 मार्च रात्रि 1.30 बजे वह सेक्टर 75 से सेक्टर 85 में अपने घर की तरफ जा रहा था तभी 3 लड़के बाइक पर सामने से आए और उन्होंने शिकायतकर्ता को रोक लिया तथा गाड़ी में बैठाकर मारपीट की व उसकी सोने की चैन, कार की चाबी व सोने का कड़ा छीन लिया तथा तथा कुछ समय तक गाड़ी में इधर-उधर घुमाकर समय करीब 3.30 बजे उसी जगह वापस छोड़ दिया जिस संबंध में थाना खेड़ीपुल में लूट से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अंकित निवासी खेड़ी गांव फरीदाबाद को उसके गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि 21 मार्च को रात के समय वह व उसके 2 साथी शराब लेने के लिए अपने गांव खेड़ी से मोटरसाइकिल पर ठेके पर जा रहे थे, तभी सामने से एक गाड़ी आती दिखाई दी। जिसको उन्होंने मोटरसाइकिल आगे लगाकर रोक लिया तथा वह व उसका एक साथी गाड़ी में बैठ गए तथा शिकायतकर्ता को फरीदाबाद में घूमते रहे, इस दौरान उसने व उसके साथी ने बारी-बारी गाड़ी चलाई, उनका तीसरा साथी उनके साथ पीछे-पीछे मोटरसाइकिल पर था।

जिसको बीच में उन्होंने वापस भेज दिया था। इस दौरान उन्होंने रास्ते में गाड़ी चालक के कड़ा, चैन व पैसे छीन लिये। फिर उसके बाद वापस गाड़ी को लेकर अपने गांव खेड़ी के पास आए, जहां पर वह अपने साथी के साथ गाड़ी से उतर गया तथा उस व्यक्ति को उसकी गाड़ी में बैठ कर भेज दिया। आरोपी ने बी फार्मेसी की हुई है। आरोपी को पूछताछ के लिए 2 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

क्रेडिट कार्ड पर हेल्थ इंश्योरेंस सेवा का चार्ज बंद करने के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्रेडिट कार्ड पर हेल्थ इंश्योरेंस सेवा का चार्ज बंद करने के नाम पर ठगी करने के आरोप में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मवई में रहने वाले एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास ठगों का कस्टमर केयर अधिकारी बनके कॉल आया और बताया कि उसके क्रेडिट कार्ड पर हेल्थ इंश्योरेंस सेवा चार्ज लगा हुआ है क्या इस सर्विस को बंद करवाना चाहता है तो शिकायतकर्ता ने उस सेवा को बंद करने की स्वीकृति दे दी। जिसके बाद ठगों द्वारा सेवा को बंद करने के लिए उससे ओटीपी देने को कहा। जब शिकायतकर्ता ने ओटीपी शेयर किया तो उसके खाता से 28555 रुपए कटने का मैसेज आया। जिस पर साइबर थाना सेंट्रल में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले मे कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी विशाल निवासी गॉव जिरकी, अमरोहा, उप्र हाल सैक्टर-5 नोएडा उत्तर प्रदेश व अभिषेक साहू निवासी शाहजहॉपुर उप्र हाल गांव नया बॉस, नोएडा उत्तर प्रदेश को नोएडा से गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विशाल एक कॉल सेंटर में काम करता है और वहां से डेटा लेकर लोगों को ठगने के लिए कॉल करता था और क्रेडिट कार्ड डिटेल व ओटीपी लेता था। जिसके बाद डिटेल व ओटीपी अपने आरोपी साथी अभिषेक को दे देता था, जो प्राप्त डिटेल को प्रयोग करके फ्लिपकार्ट से सामान ऑर्डर कर देता था। आरोपियों से 2 मोबाईल फोन और सिम बरामद किया गया है जिसे ठग कॉलिग और ऑर्डर करने के लिए प्रयोग करते थे और साथ ही जो मोबाइल शिकातयकर्ता के क्रेडिट कार्ड से ऑर्डर किया गया था वो भी बरामद कर लिया गया है। आरोपियों को पूछताछ के लिए 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

सरकारी आदेश, परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड नहीं होने पर भी अब सरकारी स्कूलों में मिलेगा दाखिला

हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने शिक्षा मंत्री के प्रयास की सराहना की, कहा- कड़ाई से पालन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार प्रयास कर रही है कि सरकारी स्कूलों में अधिक से अधिक बच्चों के दाखिले हों। शिक्षा मंत्री महिपाल हांडा ने भी सभी स्कूलों के शिक्षकों को पत्र लिखकर एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए शिक्षा सत्र में सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिये कहा है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने शिक्षा मंत्री के इस प्रयास की सराहना की है लेकिन यह आरोप भी लगाया है कि कुछ स्कूल मुखिया सरकार के इस प्रयास में रोड़ा पैदा कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों के मुखिया उन अभिभावकों के बच्चों को दाखिला देने से मना कर रहे हैं जिनके पास परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड नहीं है जब कि अप्रैल 2024 में शिक्षा विभाग पंचकूला ने हरियाणा के सभी जिला शिक्षा अधिकारी व मौलिक जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किए थे कि जिन बच्चों के पास परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड नहीं है उनको भी सरकारी स्कूलों में दाखिला दिया जाए लेकिन कुछ स्कूल मुखिया इस आदेश को नहीं मान रहे हैं। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि शिक्षा का अधिकार कानून में प्रत्येक बच्चे को प्राइवेट व सरकारी स्कूल में दाखिला देना अनिवार्य किया गया है स्कूल संचालक व मुखिया किसी भी वजह का बहाना व उदाहरण देकर बच्चों को दाखिला देने से मना नहीं कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय भी कह चुका है कि स्कूलों में दाखिले के लिए आधार कार्ड अनिवार्य नहीं माना जाएगा। प्रवासी अभिभावकों ने बताया है उनके बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है इसके कारण उनके बच्चों का दाखिला स्कूलों में नहीं हो रहा है।

फ्राड करने के मामले में 3 और आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पीएम किसान के नाम पर फेक फाइल भेज फ्राड करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी विकास, कौशल व मधुसूदन को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेन्ट्रल में श्याम कालोनी पार्ट-2, फरीदाबाद में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके मोबाइल नंबर पर एक पीएम किसान के नाम से एपीके फाईल का लिंक आया। जब उसने उस पर क्लिक किया तो उसके फोन ने काम करना बंद कर दिया। जब उसका फोन चला और उसने चैक किया तो उसे पता चला कि उसके खाता से मोबाईल को हैक कर दो लाख रुपए निकाल लिए।

LOST & FOUND

I, Sanjay Singh, S/o Sh. Ram Dular Singh R/o E-1404 , Park View City-1, Sohna Road, Opp. Omaxe Mall, Sector-48, South city-II, Gurgram, Haryana-122018 declares that I have lost my orginal shares certificates of the M/s. Sindhu Trade Links Limited (CIN:-L63020DL1992PLC121695) during my house shifting somewhere at Mahipalpur New Delhi. The details regarding the lost shares is mentioned below :

Folio No.	Certificates No.	Distinctive from	Distinctive from	No. of Shares	Face value
004044	62195	1	31,500	31,500	10
004044	62187	416,806	417,805	1,000	10
004044	62188	429,806	430,805	1,000	10
004044	62189	851,306	852,305	1,000	10
004044	62190	909,406	911,405	2,000	10
004044	62191	920,406	921,405	1,000	10
004044	62192	937,406	938,405	1,000	10
004044	62194	2,298,501	2,301,000	2,500	10
004044	62737	2,654,601	2,681,600	27,000	10
004044	62193	5,510,001	5,544,000	34,000	10
004044	62788	42,096,087	42,256,086	160,000	10
004044	62803	45,819,087	46,069,086	250,000	10
004044	62804	46,069,087	46,149,086	80,000	10
004044	61648	46,149,087	46,228,346	79,260	10
004044	854	555,583,701	569,008,900	13,425,200	1

I hereby notify the public that I have lodged the following lost report for documents:
Application No. 132270872400731
Application No. 132270872400732
Report No. 2579713/2025
In case anyone finds these documents, please contact me at the above-mentioned address. Additionally, if there are any objections regarding this matter, kindly bring them to the attention of the Company/RTA within 15 days from the date of publication of this notice.

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परवेज पुत्र अब्दुल खालिद निवासी एफ-2/90, झुग्गी, सुंदर नगरी, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **03/2013, अन्तर्गत धारा 323/341 आईपीसी, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवेज** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवेज** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **03/2013, अन्तर्गत धारा 323/341 आईपीसी, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **परवेज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे** उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
महानगर न्यायधीश-03
शाहदरा, कोर्ट नं. 19
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/3768/NE/2025
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ मोटा पुत्र वीरपाल पताः मकान नं. वाई-713, मंगोलपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 723/2020 धारा 25/54/59 आर्मस एक्ट के तहत** थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ मोटा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ मोटा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 723/2020 धारा 25/54/59 आर्मस एक्ट के तहत थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली के उक्त राहुल उर्फ मोटा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शशांक नंदन भट्ट
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02
पश्चिम कमरा नं.356,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3803/WD/2025

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.-डी.एल.-अ.-13032025-261601
CG-DL-E-13032025-261601
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1154] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 12, 2025/फाल्गुन 21, 1946
No. 1154] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 12, 2025/PHALGUNA 21, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 12 मार्च 2025

का.आ. 1167(अ).—केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिले के गाँव-चन्दावली, तालुक-बल्लभगढ़ में फरीदाबाद – बल्लभगढ़ बाईपास से दिल्ली वडोदरा एक्सप्रेसवे NH148NA के कि.मी. 13 से कि.मी. 43.7 तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण 6-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् डीआरओ, फरीदाबाद को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिले के गाँव-चन्दावली, तालुक-बल्लभगढ़ में फरीदाबाद – बल्लभगढ़ बाईपास से दिल्ली वडोदरा एक्सप्रेसवे NH148NA के कि.मी. 13 से कि.मी. 43.7 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

[फा.नं.: NHAI/CMU/MTR/BM/DND-FBD-Bypass/LA/2018/D-50216/3a2/3A]
शेख अमीनखान, निदेशक

ज़िलाः फरीदाबाद
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथिः 12.03.2025
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

दबंगों ने परिवार को चाकुओं से गोदा, एक की मौत

सीवान। सीवान जिले के सराय थाना क्षेत्र के पपौर गांव में जमीन रजिस्ट्री को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पैसे के लेन-देन को लेकर हुए इस झगड़े में चाकूबाजी और मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, तीन लोग घायल हो गए। घटना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

भाजपा नेता अनिल महतो की हत्या

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में पूर्व जिला परिषद सदस्य और सह महावीर मंडल अध्यक्ष टाइगर अनिल महतो की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने प्रदेश की राजधानी रांची के चर्चित कांके चौक पर वारदात को अंजाम दिया। अनिल महतो चाय की एक दुकान पर खड़े थे, पूर्व जिला परिषद सदस्य, कंके महावीर मंडल के अध्यक्ष और सह बीजेपी प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अनिल आम दिनों की तरह बुधवार को भी अपनी गतिविधियों में व्यस्त थे।

राज्यपाल ने वितरित की आंगनबाड़ी संसाधन किट

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर श्रावस्ती में जिला पंचायत कार्यालय से सटे मैदान में तीन दिवसीय मेला चल रहा है। मेले के दूसरे दिन बुधवार को आंगनबाड़ी संसाधन किट वितरित की गई। इसमें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लाभार्थियों को डेमो चेक, किट आदि प्रदान किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हें-मुन्नें बच्चों ने प्रस्तुति दी।

ईद की सेवइयां खिलाना चाहते हैं तो गुझिया भी खानी पड़ेगी

एजेंसी ▶▶ संभल

संभल के सीओ अनुज चौधरी ने पीस कमेटी की बैठक में कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना है, न कि किसी विशेष समुदाय के खिलाफ कार्रवाई करना। हम केवल इतना चाहते हैं कि शांति व्यवस्था बनी रहे और कोई भी उपद्रव न हो। सीओ ने कहा कि अगर आप ईद की सेवइयां खिलाना चाहते हैं तो आपको गुझिया भी खानी पड़ेगी।

इससे पहले बैठक में एएसपी श्रीचंद्र ने स्पष्ट किया कि कोतवाली संभल क्षेत्र में मस्जिद और ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की जाएगी। सड़कों पर किसी भी हालत में इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है। संभल में संवेदनशील माहौल को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने ईद, नवरात्र के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख लोग शामिल हुए। इस दौरान एएसपी श्रीशचंद्र, एसडीएम वंदना मिश्रा शामिल थे। सीओ अनुज चौधरी ने लोगों को शांति बनाए रखने को कहा। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने घर की छतों पर नमाज पढ़ने की अनुमति मांगी, जिस पर प्रशासन ने साफ इनकार कर दिया।

पीस कमेटी की बैठक में बोले-सीओ अनुज चौधरी

अगर मैं गलत था तो कोर्ट में जाते, सजा दिलाते: सीओ

होली और जुमे की नमाज को लेकर दिए गए बयान पर उठे विवाद के बीच सीओ अनुज चौधरी ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका मकसद सिर्फ शांति बनाए रखना था और उन्होंने किसी के खिलाफ कुछ नहीं कहा। बुधवार को कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में सीओ चौधरी ने कहा कि अगर मेरा बयान गलत था तो लोग हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाते, सजा दिलाते। उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया? उन्होंने जोर देकर कहा कि वे हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लिए बराबर काम कर रहे हैं। दरअसल, होली से पहले सीओ चौधरी ने कहा था कि होली साल में एक बार आती है, लेकिन जुमे की नमाज 52 बार होती है। जिसे रंगों से परेशानी हो, वह उस दिन घर में ही रहे।

जूलूस के दौरान गाने बजाने को लेकर

हजारीबाग में मचा बवाल, खूब चले ईट पत्थर, मचा कोहराम



हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग में 25 मार्च को रामनवमी से पहले आयोजित मंगला जुलूस के दौरान दो गुटों में झड़प हो गई। ये झड़प कथित तौर पर जुलूस के दौरान गाने बजाने को लेकर हुई जुलूस निकाल रहे समुदाय की ओर से कुछ गाने बजाए गए जिस पर दूसरे समुदाय ने आपत्ति जताई। फिर दोनों ओर से इस मुद्दे पर तीखी बहस हुई। देखते ही देखते मामला हाथापाई और पथराव में बदल गया, कोहराम मच गया।

सीएम बोले- मुगलों से नहीं छत्रपति शिवाजी से जिले की पहचान

योगी सरकार के आठ साल: आगरा को दी 635 करोड़ की 128 योजनाओं की सौगात

एजेंसी ▶▶ आगरा

◆ सीएम योगी आदित्यनाथ ने सरकार के आठ साल पूरे होने पर 635 करोड़ की 128 योजनाओं का तोहफा दिया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि आगरा की पहचान मुगलों से नहीं छत्रपति शिवाजी से है।

आगरा के जीआईसी मैदान में आए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने 635 करोड़ की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआईसी मैदान पर अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने के मौके पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जीआईसी मैदान पर उन्होंने 635 करोड़ रुपए की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने यहां मौजूद लाभार्थियों और लोगों से कहा आगरा की पहचान मुगलों से नहीं है, आगरा की पहचान छत्रपति शिवाजी, राधारानी, बांके बिहारी और ब्रजभूमि से है।

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार विरासत सजाने के साथ विकास भी कर रही है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, नैमिषारण्य बटेश्वर इसके उदाहरण हैं। सीएम ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार दे रही है। 8.50 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। हाल में ही पुलिस भर्ती में 60 हजार युवाओं को नौकरी दी गई है। इनमें 12 हजार बेटियां हैं। सीएम ने कहा कि पहले की सरकार में गुंडे माफिया और दंगाई हावी थे। लेकिन हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की जगह वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को चेक और टूलकिट भी प्रदान की। प्रदर्शनी में उन्होंने लोगों से मुलाकात करके उन्हें प्रोत्साहन दिया। जीआईसी मैदान से वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

खास बातें

- 60 हजार युवाओं को दी नौकरी
- आगरा की पहचान बांके बिहारी और ब्रजभूमि से
- सीएम ने लाभार्थियों को चेक और टूलकिट भी प्रदान की

शंखाढाल कार्यक्रम में पहुंचे संत

जा मंडी स्थित दरियानाथ मंदिर पर शंखाढाल कार्यक्रम में संतों का समागम मंगलवार से शुरू हुआ। कार्यक्रम में शाही बग्गी में सवार होकर देश के प्रसिद्ध महंत देर शाम तक आगरा पहुंचे। मंदिर में चित्रकारों की ओर से बनाई गईं पेंटिंग के साथ भव्य सजावट मन मोह रही है। शंखाढाल कार्यक्रम में 12 रमतों के महंत योगी कृष्ण नाथ महाराज और 18 रमतों के महंत योगी समुदर नाथ महाराज की ओर से पूजन संपन्न की जाएगी। इस दौरान महंत पीर योगी शेर नाथ बापू महाराज (जूनागढ़ गुजरात से गोरक्षनाथ आश्रय), देवनाथ महाराज और विधायक योगी पीर बालक नाथ महाराज (बाबा मस्तनाथ पीठाधीश्वर अस्थल बोहर) कार्यक्रम के लिए शहर पहुंच चुके हैं।

सीएम योगी ने ओवैसी के बयान पर प्रतिक्रिया दी कहा-

मुसलमान खतरे में नहीं हैं इनकी वोट बैंक की राजनीति खतरे में है

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी को करारा जवाब दिया है। ओवैसी ने बीते दिनों कहा था कि मुसलमान खतरे में हैं। सीएम ने ओवैसी के इस बयान पर प्रतिक्रिया दी है। असदुद्दीन ओवैसी के 'मुसलमान खतरे में हैं' वाले बयान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'मुसलमान खतरे में नहीं हैं। इनकी वोट बैंक की राजनीति खतरे में है। जिस दिन भारतीय मुसलमान अपने पूर्वजों को समझ लेंगे, इन सभी को बोरिया-बिस्तर बांधकर भागना पड़ेगा। भारतीय मुसलमानों को याद रखना होगा कि वे तभी सुरक्षित हैं, जब हिंदू और हिंदू परंपरा सुरक्षित है। 1947 से पहले पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत का हिस्सा थे।

नेता प्रतिपक्ष बोले- नागपुरिया कानून नहीं चलेगा

वक्फ संशोधन बिल के विरोध में धरने पर बैठे लालू-तेजस्वी

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन जारी है। मुस्लिम संगठनों के लोग गर्दनीबाग धरनास्थल पर प्रदर्शन कर रहे। इससे राष्ट्रीय जनता दल ने अपना समर्थन दिया। इस प्रदर्शन में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी पहुंचे और मुस्लिम संगठन के नेताओं के धरने पर बैठ गए। इधर, तेजस्वी यादव ने मुस्लिम संगठनों के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता लालू प्रसाद यादव आपके साथ खड़े होने के लिए धरनास्थल पर आए हैं।

चाहे हमारी पार्टी सत्ता में हो या नहीं। हमलोग इस बिल के विरोध में रहेंगे। विपक्ष ने विधानसभा और विधान परिषद में वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया है। हमलोग इस बिल को गैर संवैधानिक और अलोकतांत्रिक मानते हैं। कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं, और उनकी पार्टी इस कानून को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

मुझे खुशी है कि लालू जी का खून मेरे अंदर है

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह भी बताया कि उन्होंने आज सदन में कार्य स्थगन प्रस्ताव लाकर इस बिल पर चर्चा की मांग की थी, लेकिन सदन को स्थगित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हमलोगों किसी भी हाल में नागपुरिया कानून को लागू नहीं होने देंगे। इस देश के संविधान, लोकतंत्र और भाईचारा को बचाने का काम करेंगे। किसी भी हाल में गैरसंवैधानिक बिल को हमलोग बर्दाश्त नहीं करेंगे।मुझे खुशी है कि लालू जी का खून मेरे अंदर है। किडनी और हार्ट के ऑपरेशन के बावजूद वह झुके नहीं। ईडी और सीबीआई की दबिश के बावजूद लालू जी ने आज तक सांप्रदायिक शक्तियों के आगे घुटने नहीं टेके। वह बीमार अवस्था में भी आपलोगों के बीच देश विरोधी लोगों के खिलाफ खड़े हैं। हमलोग आपको मजबूत करने पहुंचे हैं।

पेज एक का शेष

बिफरे राहुल बोले, सदन में नेता...

के आचरण लोकसभा की उच्च-परंपराओं और मापदंडों के अनुरूप नहीं हैं। इसी सदन में पिता-पुत्री, मां-बेटी और पति-पत्नी सदस्य रहे हैं। इस दृष्टिकोण से सभी सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह लोकसभा की मर्यादा और शालीनता के उच्च-मापदंडों को बनाए रखेंगे। इसके तुरंत बाद राहुल गांधी बोलने के लिए खड़े हुए लेकिन उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया और लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्रवाई को 1 बजकर 2 मिनट से लेकर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। उधर, सूत्रों ने बताया कि लोकसभा में राहुल गांधी का अपनी बहन और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी के साथ किया जाने वाला व्यक्तिगत व्यवहार ही लोकसभा अध्यक्ष की नाराजगी का कारण बना है। मामले पर कुछ सांसदों की तरफ से ओम बिरला से शिकायत भी की गई थी। जिसके बाद उन्होंने राहुल को यह नसीहत दी है।

गैर-लोकतांत्रिक ढंग से चलता सदन : राहुल गांधी ने ये भी कहा कि मैं आज सदन में बिलकुल शांति से बैठा था। मैंने एक शब्द नहीं बोला। लेकिन मैं देख रहा हूं कि बीते करीब सात, आठ दिन से मुझे लोकसभा में कुछ भी बोलने नहीं दिया जाता है। मुझे नहीं पता कि किस प्रकार से लोकसभा की कार्रवाई चलाई जा रही है। यह कोई नया तरीका जान पड़ता है। जहां लोकतंत्र के दो पक्षों (सत्ता पक्ष और विपक्ष) में से केवल सरकार की ही प्रधानता नजर आती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में कुंभ मेले के आयोजन को लेकर दिए गए वक्तव्य के बाद मैं भी अपनी बात जोड़ना चाहता था। वो भी सकारात्मक ढंग से कि कुंभ मेला बहुत अच्छा है कि हुआ। साथ ही मैं बेरोजगारी के बारे में भी बोलना चाहता था। लेकिन मुझे बोलने नहीं दिया गया। मुझे नहीं पता की लोकसभा अध्यक्ष की क्या सोच है? लेकिन सच्चाई ये है कि यह हमें बोलने नहीं दे रहे हैं। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी पार्टी है। मैं नेता प्रतिपक्ष हूं। लेकिन सदन बिलकुल गैर-लोकतांत्रिक ढंग से चलाया जा रहा है।

नाराज राहुल बोले, मुझे...

सिर्फ उनसे यह कह रहा था कि आपने मेरे बारे में बोला है। इसलिए मुझे भी बोलने दीजिए। लेकिन उन्होंने सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी और वह घूमकर चले गए। जबकि कार्रवाई को स्थगित करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। राहुल ने लोकसभा से जुड़ी हुई एक संधि का जिक्र करते हुए कहा कि इसके तहत विपक्ष के नेता को सदन में बोलने दिया जाता है। लेकिन जब भी मैं खड़ा होता हूं, मुझे बोलने नहीं दिया जाता है।

अपने अधिकारों से वंचित...

संसदीय परंपरा में एक बहुत ही महत्वपूर्ण पद है। लेकिन बार- बार हम ये देख रहे हैं कि सदन में ऐसा माहौल बन जाता है कि सरकार के कोई मंत्री या भाजपा के कोई सांसद हों। वो बस खड़े हो जाएं, उनका माइक चालू हो जाता है। उनके लिए कोई नियम सामने नहीं आता। लेकिन विपक्ष को बोलने का अवसर नहीं दिया जाता।

भारत-चीन के विदेश मंत्रालयों...

स्तरीय वार्ताएं हुई हैं। जिसमें विदेश मंत्री, विदेश सचिव स्तर से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्तर की बातचीत शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा बैठक में जनवरी 2025 में विदेश सचिव स्तर की बैठक में बनी सहमति से जुड़े कदमों की समीक्षा की गई। दोनों देशों के आम लोगों के बीच संबंधों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए सहमति जताई गई। इसमें भारत, चीन के बीच सीधी उड़ान सेवा की फिर से शुरुआत से लेकर मीडिया और थिंक टैंक के बीच संपर्क सहित इस साल के मध्य से की जानी वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा की पुनः शुरुआत करने से जुड़े हुए कदमों पर भी चर्चा की गई। 2025 की योजनागत गतिविधियों पर भी दोनों पक्षों ने विचार साझा किए। साथ ही कदम दर कदम संवाद तंत्र के आगाज का विषय भी बैठक का हिस्सा बना। जिसमें मुख्य रूप से इस बात पर ध्यान दिया गया कि दोनों देशों के हितों व चिंताओं से संबंधित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा। जिससे संबंधों को और अधिक स्थिरता के साथ आगे बढ़ाने की दिशा की तरफ बढ़ने में मदद मिलेगी।

भारत ने किया नौसेना के लिए...

साबित होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि आज बारह बजे किया गया यह परीक्षण संगठन ने भारतीय नौसेना के लिए किया। जिसमें मिसाइल ने भूमि आधारित एक वर्टिकल लांचर से एक अत्यधिक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाते हुए उसे नेस्तनाबूद कर दिया। परीक्षण सभी तय मानकों पर पूरी तरह से खरा उतरा है। मिसाइल ने परीक्षण के दौरान बहुत करीब से लक्ष्य को हवा में कम ऊंचाई पर नष्ट किया।

राज्यसभा से वित्त विधेयक पास...

प्रस्ताव के प्रस्ताव पर कहा, गूगल, मेटा और अन्य बड़ी तकनीकी कंपनियों की ऑनलाइन विज्ञापन आय पर लगने वाली 6 प्रतिशत इक्वालाइजेशन लेवी को हटाने का प्रस्ताव है। उनका तर्क था कि यह कर अब पुराना हो चुका है और वैश्विक कर ढांचे में बदलाव के साथ इसे समायोजित करने की जरूरत है। इससे डिजिटल क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वित्त मंत्री ने पेंशन सुधारों पर जोर देते हुए कहा कि सरकार कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की चिंताओं के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने घोषणा की कि पेंशन निर्धारण के तरीके को छठे वेतन आयोग (मार्च 2008) के आधार पर बहाल किया जाएगा। इसका मतलब है कि पेंशन की गणना पुराने, अधिक उदार फॉर्मूले के आधार पर होगी, जिससे पेंशनभोगियों को लाभ होगा। यह कदम सरकारी कर्मचारियों के एक बड़े वर्ग की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत कई छूटों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने सामाजिक और धार्मिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखा है। उदाहरण के लिए, गुरुद्वारों में लंगर के लिए सामग्री, जीवन रक्षक दवाइयाँ (जैसे कैंसर की दवाएँ), और शैक्षणिक संस्थानों की कुछ सेवाओं को जीएसटी से मुक्त रखा गया है। इसके अलावा, छोटे व्यवसायों के लिए जीएसटी अनुपालन को आसान बनाने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। चर्चा के दौरान विपक्ष ने महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सवाल उठाए। जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। उन्होंने जोर दिया कि ये सुधार लंबी अवधि में रोजगार सृजन और आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा देंगे।

यूपीआई और एटीएम से...

सप्ताह भी लग सकते हैं। हालांकि, यूपीआई इंटीग्रेशन के साथ, निकासी तत्काल और परेशानी मुक्त हो जाएगी।

राशि की जांच और लेनदेन तुरंत : कर्मचारी न केवल जल्दी से धन निकालने में सक्षम होंगे, बल्कि अपने शेष राशि की जांच भी कर सकेंगे और तुरंत लेनदेन भी कर सकेंगे। इसके अलावा, ईपीएफओ अपने सदस्यों के लिए पीएफ बचत निकालने के कारणों में भी विस्तार कर रहा है। चिकित्सा आपात स्थितियों के अलावा, कर्मचारी अब आवास, शिक्षा और विवाह के लिए धन निकाल सकेंगे। ईपीएफओ ने 120 से अधिक डेटाबेस को इंटीग्रेट कर अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा सुधार किया है। इन प्रयासों ने क्लेम प्रोसेसिंग समय को केवल तीन दिनों तक कम कर दिया है, अब 95 प्रतिशत क्लेम ऑटोमेटिकली प्रोसेस हो रहे हैं। सिस्टम को अधिक कुशल बनाने के लिए आगे के अपग्रेड पर काम चल रहा है।

भारतीय सेना की बढ़ेगी युद्धक...

क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी कर सकती है। समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक हालिया बैठक में इस खरीद से जुड़े हुए प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई थी।

अब तक किए 1.40 लाख ...

निदेशक को उनके योगदान के लिए रक्षा सचिव राजेश कुमार ने सम्मानित किया। उन्होंने इस परियोजना को साकार करने में विशेष भूमिका निभाई है।

5 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने मारी बाजी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जारी हो गया है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में परिणाम की घोषणा कर दी गई है। बिहार बोर्ड द्वारा जारी इंटर के रिजल्ट में बताया गया है कि इस साल करीब 86.5 फीसदी स्टूडेंट पास हुए हैं। वहीं स्ट्रीम वाइस रिजल्ट पर नजर डालें तो आर्ट्स में 82.75 फीसदी कॉमर्स में 94.77 और साइंस में 89.59 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं।

बता दें कि इस साल बिहार बोर्ड 12वीं की परीक्षाओं में 12.92 लाख स्टूडेंट शामिल हुए थे। स्टूडेंट्स बोर्ड की इन वेबसाइट्स पर जाकर अपना स्कोरकार्ड चेक व डाउनलोड कर सकते हैं। बिहार बोर्ड 12वीं के टॉपर्स को पिछले साल के मुकाबले दोगुनी इनामी राशि मिलेगी। बिहार सरकार ने पिछले साल ही इस राशि को दोगुनी करने की घोषणा कर दी थी। बिहार बोर्ड इस साल टॉपर्स में पहली पोजिशन लाने वाले को 2 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देगा। फर्स्ट पोजिशन वाले को पैसों के साथ-साथ लैपटॉप, सर्टिफिकेट और मेडल भी मिलेगा।

बिहार बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जारी

कॉमर्स में दो छात्रों ने किया टॉप

बिहार बोर्ड इंटर साइंस स्ट्रीम में प्रिया जासवाल ने टॉप किया है। वहीं बिहार बोर्ड इंटर आर्ट्स में दो छात्रों ने टॉप किया हैए एक का नाम अंकिता कुमारी हैए जो वैशाली की राजकीयकृत बीएनए उच्च विद्यालयए सेहन की छात्रा हैं। अंकिता को 500 में कुल 473 अंक मिले हैं और पर्सेंटेज 94ण्6 है। दूसरे छात्र का नाम शाकिब शाह हैए जो बक्सर के उच्च विद्यालयए कोरानसराय के छात्र हैं। बिहार बोर्ड इंटर के नतीजों की घोषणा राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में की है। इसके साथ ही उन्होंने नतीजों के साथ प्रतिशतए टॉपर्स के नामए कंपार्टमेंट परीक्षा की तारीखें और संबंधित जानकारी भी दी है। बिहार बोर्ड ने 12वीं के जारी रिजल्ट को लेकर बताया है कि इस बार कुल 12,92,313 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। इनमें से 11,07,330 छात्रों को परीक्षा में सफलता मिली है।

भर्ती बालिकाओं का बेहतर इलाज जारी

मानसिक रूप से कमजोर 20 बालिकाओं की तबीयत बिगड़ी, दो की मौत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में पारा स्थित निर्वाण संस्था में रह रहीं 20 बालिकाओं की तबीयत बिगड़ गई। एक-एक कर सभी को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें एक बालिका की मंगलवार को और एक बालिका की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

चार बालिकाओं को डिस्चार्ज कर दिया गया है। अन्य 14 बालिकाओं का इलाज जारी है। डिहाइड्रेशन व फूड पॉइजनिंग की आशंका है। निर्वाण संस्था के तहत अनाथ मानसिक रूप से कमजोर बालिकाओं को आश्रय दिया जाता है। डीपीओ विकास सिंह ने बताया कि संस्था में 147 बालिकाएं थीं। रविवार से अचानक एक के बाद एक बालिकाओं की तबीयत बिगड़ने लगी। बालिकाओं को उल्टियां हो रही थीं। बुधवार तक 20 बालिकाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो की मौत हो गई।

दोनों की उम्र लगभग 13 साल है। डीपीओ का कहना है कि डॉक्टरों के वह संपर्क में हैं। जो बालिकाएं भर्ती हैं उनका बेहतर इलाज जारी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का सही कारण पता चल सकेगा। विभागीय जांच भी कराई जाएगी।

40 घंटे बाद शोएब और अखलाक के शव भी मिले

नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के गर्रा नदी में डूबे तीन बच्चों में से दो के शव 40 घंटे बाद मिले। नहाने के दौरान सोमवार को दोपहर नदी में डूबे मोहल्ला मामूड़ी के तीन दोस्तों में शाहरुख (12) का शव मंगलवार को मिल गया था। वहीं शोएब (14) और अखलाक (11) के शव बुधवार सुबह नदी में उतराते मिले। दोनों के शव फूल गए थे। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया। ईद से पहले तीन बच्चों की मौत से उनके परिवारों में कोहराम मचा है। सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी शाहरुख (12), शोएब (14) और अखलाक (11) सोमवार दोपहर करीब दो बजे गर्रा नदी के किनारे बकरियां चराने गए थे। तीनों ककरा काकर कुंड में नहाने उतरे और डूब गए। एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को शाहरुख का शव नदी से निकाला।

शोएब और अखलाक की तलाश पूरे दिन होती रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। बुधवार सुबह दोनों के शव नदी में उतराते मिले। परिजनों को चार लाख रुपए की मिलेगी धनराशि अपर जिलाधिकारी एफआर अरविंद कुमार ने बताया कि मृतक बच्चे के परिजनों को आपदा राहत मद से चार लाख रुपए की धनराशि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट प्राप्त होते ही 24 घंटे में देने की कार्यवाही की जाएगी।

पब्लिक प्लेस पर जब फील हो एलर्जी

डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

मेरी उम्र 29 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे लगातार छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?

-रितेश, रायपुर

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है, आपको धूल से एलर्जी है, क्योंकि आप जब घर से बाहर भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाते हैं तो वहां जो धूल उड़ती है, उससे आपको छींकें आना शुरू हो जाती हैं। यह समस्या तमाम लोगों में देखी जाती है। इससे बचाव के लिए बेहतर होगा कि आप जब ऐसे स्थान पर जाएं तो मास्क लाकर ही जाएं। इस उपाय को अपनाने से आपको आराम मिलेगा।

मेरी उम्र 32 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी गर्दन से लेकर कंधे तक अकड़न बनी रहती है, साथ ही हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।

-आर्यन, बिलासपुर

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी लंबी सिटिंग होती हैं यानी, ऑफिस में एक ही पोश्चर में लंबे समय तक बैठे रहते हैं। इसके स्थाई समाधान के लिए आपको रेग्युलर एक्सरसाइज करना पड़ेगा। सर्वाइकल की एक्सरसाइज कौन-कौन सी होती हैं यह जानने के लिए बेहतर होगा कि आप किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लें। वे आपको बताएंगे, उसके बाद नियमित रूप से सुबह-शाम एक्सरसाइज करें। साथ ही ऑफिस में लंबे समय तक एक ही पोश्चर में ना बैठें। बीच-बीच में मूवमेंट करते रहें। इससे आपको राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 63 वर्ष है। दो-तीन महीने से बहुत स्ट्रेस फील कर रहा हूं। न अच्छी भूख लगती है, न ठीक से सो पाता हूं। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?

-कामेश्वर, भोपाल

आप अपनी परेशानी का कारण खुद ही बता रहे हैं। आप यह जानने की कोशिश करें कि जब से यह समस्या शुरू हुई है, उसके आस-पास जीवन में क्या ऐसा घटित हुआ है, जिससे स्ट्रेस हो रहा है। इसकी वजह क्या है? अगर जरूरत पड़े तो आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। इसे तरह स्ट्रेस से मुक्ति मिलेगी और आपको नींद भी आने लगेगी।

मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं हेयर ट्रांसप्लांट करवाना चाहता हूं। क्या यह सेफ है? इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? कृपया सजेस्ट करें।

-विभूति, रोहतक

आजकल हेयर ट्रांसप्लांट करने का चलन बढ़ा हुआ है, लेकिन आपके लिए कितना सेफ रहेगा, यह तो जांच करने के बाद ही पता चलेगा। आपकी स्किन कैसी है, आपको किसी चीज से एलर्जी तो नहीं है, जांच के बाद तय किया जा सकता है। बेहतर होगा कि आप किसी स्किन स्पेशलिस्ट डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे आपको जांच के बाद बताएंगे कि आपके लिए ट्रांसप्लांट करवाना कितना उचित रहेगा।

मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे भूख बिल्कुल नहीं लगती है। पेट हमेशा भरा-भरा सा लगता है। कभी-कभी खट्टी डकारें भी आती हैं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।

-सखाराम, जींद

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो रही है। जिस वजह से आपको खट्टी डकार आती है और भूख कम लगती है। इसके लिए आप दोपहर के खाने में दही और सलाद जरूर शामिल करें। साथ ही तली-भुनी और ऑयली चीजें खाने से बचें। रात में हल्का खाना जैसे दलिया या खिचड़ी खाएं। साथ ही सुबह-शाम सैर जरूर करें। इससे आपको आराम मिलेगा। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

स्पेशलः वर्ल्ड बाइपोलर-डे, 30 मार्च

बाइपोलर डिसऑर्डर हेल्दी लाइफस्टाइल सही मेडिकल ट्रीटमेंट से मिलती है राहत

बाइपोलर डिसऑर्डर एक जटिल मेंटल डिजीज है। इसके होने की कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर इसके लक्षणों को ध्यान में रखते हुए सही लाइफस्टाइल को फॉलो किया जाए और जरूरत पड़ने पर मेडिकल ट्रीटमेंट करवाया जाए, साथ ही फैमिली सपोर्ट मिले तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है। इस रोग के बारे में आप भी विस्तार से जानिए।

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. गौरव गुप्ता
डायरेक्टर-तुलसी हेल्थ केयर
नई दिल्ली-गुरुग्राम

अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार द्विध्रुवीय विकार (बाइपोलर डिसऑर्डर) एक मनोरोग है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति के मूड, ऊर्जा और उसकी कार्यक्षमता में बदलाव आता है। दूसरे शब्दों में कहें तो बाइपोलर डिसऑर्डर एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें मूड में अत्यधिक उतार-चढ़ाव होते हैं। इस मनोरोग में उन्माद (मेनिया) और अवसाद (डिप्रेशन) सरीखी स्थितियां (मूड एपिसोड्स) भी शामिल हैं। ऐसे मूड एपिसोड कई दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं।

क्या हैं कारण

बाइपोलर डिसऑर्डर के कई संभावित कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं।

न्यूरोकेमिकल में असंतुलनः मस्तिष्क रसायनों (न्यूरोकेमिकल्स) जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन आदि में असंतुलन बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं।

आनुवांशिक कारकः अगर परिवार के किसी सदस्य को बाइपोलर डिसऑर्डर रहा है, तो परिवार के अन्य सदस्य में इसके होने का जोखिम बढ़ जाता है। एक अध्ययन के अनुसार बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लगभग 60% मरीज ऐसे हैं, जिन्हें डिप्रेशन या बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या जेनेटिक कारणों से मिली है।

तनावपूर्ण घटनाएंः इसके अंतर्गत जीवन की गंभीर तनावपूर्ण घटनाएं जैसे किसी रिश्ते का टूटना, गंभीर बीमारी या कोई भावनात्मक समस्या आदि शामिल की जाती हैं, जो बाइपोलर डिसऑर्डर का कारण बन सकती हैं। भावनात्मक समस्या में आपसी संबंधों का बिगड़ना, पति-पत्नी के बीच तलाक होना, परिवार में किसी प्रियजन की मृत्यु होना आदि को शामिल किया जा सकता है।

मस्तिष्क की संरचना में बदलावः ब्रेन इमेजिंग अध्ययनों से पता चला है कि बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त लोगों के मस्तिष्क में संरचनात्मक परिवर्तन हो सकते हैं।

बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षण

पीड़ित व्यक्ति कभी-कभी बहुत ज्यादा निराश, उदास और दुखी महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग अवसाद (डिप्रेशन) से मिलते-जुलते होते हैं। कभी-कभी वह बहुत ज्यादा प्रफुल्लित और स्वयं को असाधारण रूप से ऊर्जावान महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग उन्माद (मेनिया) सरीखे होते हैं। उन्माद और अवसाद की स्थितियों (एपिसोड्स) के बीच मूड में अचानक और तीव्र बदलाव होना। इस स्थिति को मनोचिकित्सकीय भाषा में 'मूड स्विंग्स' कहते हैं। इनके अलावा अपनी क्षमताओं के बारे में गलतफहमी रखना, तेज गति से सोचना और बोलना, गलत फैसले लेना, नींद बहुत कम आना, चिड़चिड़ापन महसूस करना, स्वयं को बहुत ज्यादा महत्व देना या फिर अपने को श्रेष्ठ समझना भी इसके लक्षणों में शामिल हो सकता है।

ऐसे करते हैं डायग्नोसिस

बाइपोलर डिसऑर्डर का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर सबसे पहले मरीज से बात करते हैं, उसके बाद उसके परिजनों से भी। इसके अलावा डॉक्टर मरीज की अन्य बीमारियों का पता लगाने के लिए कंप्लीट फिजिकल टेस्ट भी करवा सकते हैं ताकि उसके लक्षणों का पता लगाया जा सके। साथ ही, मरीज की मेडिकल हिस्ट्री और फैमिली हिस्ट्री आदि के जरिए भी डॉक्टर मर्ज का पता लगाते हैं।

ट्रीटमेंट के तरीके

यह सच है कि फिलहाल बाइपोलर डिसऑर्डर का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई दवाएं लेने और उनके परामर्श पर अमल करने से बाइपोलर डिसऑर्डर का प्रबंधन और नियंत्रण जरूर किया जा सकता है, जिससे मरीज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञ डॉक्टर विशेषकर मनोचिकित्सक कुछ दवाओं के सेवन का सुझाव दे सकते हैं, जिन्हें 'मूड स्टेबलाइजर्स' के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा चिकित्सक के परामर्श से एंटीडिप्रेसेंट दवाएं भी मूड स्विंग को नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं।

मनोचिकित्सा (साइकोथेरेपी): मनोचिकित्सक मरीज की स्थिति के अनुसार साइकोथेरेपी का सहारा लेते हैं। मरीज के अलावा वे परिवार के सदस्यों की भी काउंसलिंग करते हैं। इसके अलावा कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी) बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षणों को प्रबंधित करने में सहायक है।

इन बातों का रखें ध्यान

- परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और उनसे मदद लें।
- सकारात्मक सोच रखें।
- तनाव और चिंता को नियंत्रित करने के लिए योग और ध्यान का सहारा लें।
- शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करें, क्योंकि वे आपकी समस्या को बढ़ा सकते हैं।

जीवनशैली में बदलावः यूरोपियन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के मुताबिक बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को जहां तक संभव हो सके, स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें अपनी समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यही नहीं, जो लोग बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त नहीं हैं, वे भी अगर स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें तो इससे उनमें भी इस समस्या के भविष्य में होने का जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत संतुलित पौष्टिक खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम, 6 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेना और तनाव का समुचित प्रबंधन आदि बातें शामिल हैं।

नियमित व्यायाम करेंः नियमित व्यायाम, बाइपोलर डिसऑर्डर पेशेंट्स के मूड को स्थिर करने में मदद कर सकता है। किस व्यक्ति को कितने समय तक और किस-किस प्रकार के व्यायाम करना चाहिए, इस संदर्भ में पीड़ित व्यक्ति को डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लेना चाहिए। इसके अलावा मेडिटेशन भी फायदेमंद हो सकता है।

पर्याप्त नींद जरूरीः बाइपोलर डिसऑर्डर किसी व्यक्ति की नींद उड़ा सकता है। ऐसा व्यक्ति बहुत कम सोता है। नींद पूरी न होने से मूड में बदलाव ज्यादा आता है। इसलिए मूड को प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त नींद लेना आवश्यक है। इसके लिए नियमित समय पर बिस्तर पर जाने और सुबह एक निश्चित समय पर उठने की आदत डालें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम यानी टेलीविजन देखने, स्मार्टफोन और कंप्यूटर के इस्तेमाल से दूर रहें। जिन लोगों को सोने में कठिनाई होती है, उन्हें डॉक्टर से बात करनी चाहिए। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

अवेयरनेस
शिखर चंद जैन

स्पेशलः वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे, 2 अप्रैल

ऑटिज्म एक विकास संबंधी एब्नॉर्मलिटी है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने, पढ़ने-लिखने और दूसरों से घुलने-मिलने में परेशानी होती है। ऐसे बच्चों की केयर पैरेंट्स को बहुत सावधानी से करने की जरूरत होती है। इस बारे में बहुत जरूरी सजेशंस।

ऑटिज्म पेशेंट के लिए जरूरी सही ट्रीटमेंट-इमोशनल सपोर्ट

ऑटिज्म को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर भी कहते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिससे पीड़ित व्यक्ति का दिमाग अन्य लोगों के दिमाग की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। इस बीमारी के बारे में अभी तक बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही वर्तमान में इसका कोई परफेक्ट ट्रीटमेंट उपलब्ध है। हालांकि इस बीमारी से पीड़ित लोग नौकरी करने, परिवार और दोस्तों के साथ मेल-मिलाप करने में सक्षम होते हैं, लेकिन कई बार उन्हें दूसरों की मदद लेनी पड़ती है। फैमिली मेंबर्स, टीचर्स या दोस्तों के सहयोग से ये लोग भी नई स्किल्स सीख लेते हैं और बिना किसी सपोर्ट के अपने काम भी कर लेते हैं। सही डायग्नोसिस और इंटरवेंशन ट्रीटमेंट की मदद से ऑटिस्टिक लोगों को सामाजिक व्यवहार और नई स्किल्स सीखने में मदद मिलती है, जिससे वे अपना जीवन बेहतर तरीके से जी पाते हैं।

ऑटिज्म की वजह से बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर आ जाता है, जो यह तय करता है कि वह अपने आस-पास की दुनिया के साथ कैसे रिस्पॉन्स करता है। यह अंतर कुछ ऐसा है जिसके साथ वे पैदा होते हैं-इसका उनके पालन-पोषण के तरीके, भोजन, टीके या जन्म के बाद बच्चे के साथ हुई किसी भी अन्य एक्टिविटी से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

क्या है ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डरः ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, एक न्यूरोलॉजिकल और डेवेलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो लोगों के दूसरों के साथ बातचीत करने, संवाद करने, सीखने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। इसके लक्षण आमतौर पर जीवन के पहले दो वर्षों यानी बचपन में दिखाई देते हैं। ऑटिज्म बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर लाता है, जो उन्हें सामाजिक रूप से घुलने-मिलने और अनोखे तरीके से व्यवहार करने के लिए प्रेरित करता है।

प्रमुख लक्षणः इसके प्रमुख लक्षणों में लिमिटेड आइज कॉन्टेक्ट, एब्नॉर्मल बॉडी लैंग्वेज और रिपीटेटिव बिहेवियर या बातें शामिल होते हैं। इसके अलावा अकेले रहना, दूसरे बच्चों के साथ ना खेलना, बोलने के बजाय इशारों से ज्यादा रिस्पॉन्स करना। खुद को चोट लगाना या नुकसान पहुंचाने के प्रयास करना। इस स्थिति के शुरुआती लक्षण माता-पिता या बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा बच्चे के एक वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही देखे जा सकते हैं। कुछ मामलों में, ऑटिज्म से संबंधित समस्याएं हल्की हो सकती हैं और तब तक स्पष्ट नहीं होती हैं जब तक कि बच्चा स्कूल जाना शुरू नहीं करता।

इससे बढ़ता है रिस्कः नई मेडिकल स्टडीज के अनुसार कई आनुवंशिक कारक ऑटिज्म के जोखिम को जटिल तरीके से बढ़ा सकते हैं। फ्रैजाइल एक्स सिंड्रोम और ट्यूबरस स्क्लेरोसिस जैसी कुछ विशिष्ट आनुवंशिक स्थितियों वाले लोगों में ऑटिज्म के निदान के लिए जोखिम अधिक होता है। ये दो स्थितियां ऑटिज्म के सैकड़ों अलग-अलग दुर्लभ आनुवंशिक कारणों के साथ मिलकर 30% से अधिक मामलों की व्याख्या करती हैं। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान मां द्वारा ली जाने वाली कुछ दवाइयां जैसे कि वैल्प्रोइक एसिड और थैलिडोमाइड, ऑटिज्म के हाई रिस्क से भी जुड़ी हुई हैं। गर्भावस्था के समय माता-पिता का अधिक उम्र का होना भी ऑटिज्म के अधिक जोखिम से जुड़ा हुआ है।

इलाज के तरीकेः ऐसे कई प्रभावी तरीके हैं, जो ऑटिस्टिक बच्चे को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं।

अप्लाइड बिहेवियर एनालिसिसः इसमें बच्चे की कार्यात्मक चुनौतियों का व्यवस्थित अध्ययन शामिल है, जिसका उपयोग उनके स्किल में सुधार और मिसबिहेव को कम करने के लिए एक बिहेवियरल प्लानिंग बनाने के लिए किया जाता है।

सोशल स्किल ट्रेनिंगः ग्रुप या पर्सनल सेटिंग में किया गया यह प्रयास ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को सामाजिक स्थितियों में नेविगेट करने की उनकी क्षमता में सुधार करने में मदद करता है।

वर्बल-लैंग्वेज ट्रीटमेंटः बच्चे के बोलने के तरीके और उसकी भाषा की समझ में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।

पैरेंटल मैनेजमेंट ट्रेनिंगः इसमें पैरेंट्स को अपने ऑटिस्टिक बच्चे के एब्नॉर्मल बिहेव पर सही प्रतिक्रिया करने और अपने बच्चे में उचित व्यवहार को प्रोत्साहित करने के प्रभावी तरीके सिखाए जाते हैं। पैरेंटल हेल्प ग्रुप्स, पैरेंट्स को ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे की परवरिश के तनाव से निपटने में मदद करते हैं। *

(मनोचिकित्सक डॉ.संजय गर्ग और मनोविज्ञानी डॉ.रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)

पैरेंट्स रखें ध्यान

- ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिजीज के बारे में जितना संभव हो उतना जानें।
- ऑटिज्म से पीड़ित अपने बच्चे को अच्छी और बैलेंस्ड डेली रूटीन फॉलो करने के लिए इंस्पायर करें।
- ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के अन्य पैरेंट्स और अपने समुदाय के रिर्सोसेस से जुड़ें।
- जरूरत पड़ने पर मेडिकल एक्सपर्ट से कंसल्ट करें।
- बच्चे के साथ बिताने के लिए पर्याप्त समय निकालें।
- अपने बच्चे की शिक्षा और उपचार से संबंधित अवेयरनेस को बढ़ाएं।

डाइट
राजकुमार 'दिनकर'

जब भी सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स की बात आती है तो सबसे पहले बादाम का नाम लिया जाता है। वजह है इसमें मौजूद बेशुमार स्वास्थ्यवर्धक गुण। यह किस तरह से हमारे लिए फायदेमंद है, आपको जरूर जानना चाहिए।

हेल्थ के लिए भरपूर फायदेमंद नट है बादाम

बादाम के पोषण के स्तर को देखते हुए पाक कला में सदियों से इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसके सेवन का इतिहास हजारों साल पुराना है। बादाम मीठे और कड़वे दो तरह के होते हैं। कड़वे बादाम की कड़वाहट निकालने के बाद उसके तेल का इस्तेमाल खाने में किया जाता है। कड़वे बादाम के फूल सफेद होते हैं और मीठे बादाम के फूल गुलाबी होते हैं। कड़वे बादाम और मीठे बादाम की रासायनिक संरचना समान होती है। बादाम का फल जब पकता है तो यह खुद ही खुल जाता है और उससे यह नट बाहर आ जाता है। बादाम के बीज कठोर छिलकों के अंदर होते हैं।

होते हैं कई पोषक तत्वः पोषक तत्वों से भरपूर बादाम में विटामिन बी1, फोलेट, विटामिन बी3, नियासिन, बी कॉम्प्लेक्स और मैग्नीज भरपूर मात्रा में होता है। 28 ग्राम यानी एक औंस बादाम में 183 कैलोरी, 5.82 ग्राम प्रोटीन, 2.94 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 16.4 ग्राम फैट, 3.4 ग्राम फाइबर, 7.3 मिलीग्राम विटामिन ई पाया जाता है।

कई तरह से लाभकारीः बादाम हमारी मस्तिष्क और तंत्रिका प्रणाली को मजबूत बनाकर याद्दाश्त को अच्छा बनाता है। बादाम में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने का गुण होता है। यह एलडीएल और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के बीच संतुलन बनाकर रखता है। इसमें मौजूद फॉस्फोरस हमारी हृदय गति को सामान्य बनाए रखता है। इसका ग्लासेमिक इंडेक्स कम होता है। यह हमारी रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ने से रोकता है। मैग्नीशियम और मैग्नीज से भरपूर होने के कारण यह हड्डियों और दांतों को मजबूती देता है। यह हमारे शरीर के वजन को भी नियंत्रित करके मोटापे के जोखिम को कम करता है। इसमें मौजूद आर्जीनिन एक ऐसा अमीनो एसिड है, जो रक्तप्रवाह को नियमित करता है और इससे हमारी मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं। विटामिन-ई से भरपूर बादाम त्वचा की नमी को लॉक करके हमें जवां और खूबसूरत बनाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की ग्रोथ को बढ़ाते हैं। फास्फोरस युक्त बादाम एसिडिटी को नियंत्रित करता है और शरीर में टीएच लेवल को बनाकर रखता है। आयरन से भरपूर बादाम हमारे शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं के विकास को बढ़ाता है और एनीमिया में बहुत फायदेमंद होता है।

ऐसे करें सेवनः बादाम दुनिया में सबसे पुराना और सबसे ज्यादा उगाया जाने वाला नट है। बादाम को साबुत भूनकर या तलकर खाया जाता है। बादाम का छिलका पचाना चूंकि मुश्किल होता है, इसलिए आयुर्वेद इन्हें उबालकर पकाने के बाद खाने की सलाह देता है। इनको अगर भिगोकर खाया जाए तो यह जल्दी पचते हैं। इन्हें बिना भिगोए कच्चा नहीं खाना चाहिए। रात भर भिगोकर, छिलका उतारकर इन्हें खाना चाहिए। बादाम मिल्क शेक या बादाम को अन्य फ्रूट्स के साथ मिलाकर इनकी स्मूदी बनाई जा सकती है। अखरोट, सूरजमुखी के बीज, खजूर, मखाना, किशमिश के साथ मिलाकर अलग-अलग तरह के अनाजों के साथ खा सकते हैं। इसके अलावा बादाम का शीरा, बादाम का हलवा, बादाम की बर्फी, बादाम कतली, बादाम की चटनी, बादाम का दूध, बादाम-खजूर मिल्क शेक, बादाम केला स्मूदी का सेवन किया जा सकता है। *

विभाग में 7,297 पद स्वीकृत इनमें से 4,502 पद ही भरे हुए

पीडब्ल्यूडी में इंजीनियरों व कर्मचारियों के करीब 38 फीसदी पद रिक्त

पदों पर भर्तियां नहीं होने से विभागीय कार्यों पर असर पड़ना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में इंजीनियरों व कर्मचारियों के करीब 38 फीसदी पद रिक्त हैं। इन पदों पर भर्तियां नहीं होने से विभागीय कार्यों पर असर पड़ना शुरू हो गया है। हालांकि विभाग ने रिक्त पदों पर भर्तियां करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है।

विभाग में कुल 7,297 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 4,502 पद ही भरे हुए हैं। शेष 2,795 पद, यानी करीब 38% पद, लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। इनमें इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों और प्रशासनिक स्टाफ के महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। पद रिक्त होने की वजह से सड़कों, पुलों और अन्य निर्माण कार्यों में देरी की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

एक इंजीनियर पर औसतन तीन परियोजनाओं की जिम्मेदारी

विभाग के एक वरिष्ठ इंजीनियर ने नाम न देने की शर्त पर बताया कि कर्मचारियों की कमी के कारण मौजूदा स्टाफ पर काम का दबाव अत्यधिक बढ़ गया है। एक इंजीनियर को औसतन तीन परियोजनाओं की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है, जो सामान्य से दोगुना है। इससे न केवल समयसीमा प्रभावित हो रही है, बल्कि कार्य की गुणवत्ता भी घट रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले एक साल में 139 निर्माण परियोजनाएं अपने निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं, जिनमें से 45% ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित हैं।

तीन वर्षों में रिक्त पदों की संख्या में 15% की हुई वृद्धि

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, पिछले तीन वर्षों में रिक्त पदों की संख्या में 15% की वृद्धि हुई है, क्योंकि सेवानिवृत्ति और स्थानांतरण के बाद नई भर्तियां नहीं की गईं। सूत्रों का कहना है कि कर्मचारियों की अपर्याप्त संख्या के कारण कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं, जैसे सड़क बनाने, राज्य राजमार्गों का उन्नयन समय पर पूरा नहीं हो पा रही हैं। विशेष रूप से मप्र के तकरीबन क्षेत्रों में सड़क निर्माण और रखरखाव के कार्य बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे बरसात के मौसम में सड़कों की स्थिति और खराब हो जाती है।

परियोजनाओं के पूर्ण होने में देरी से लागत में 10-15% तक की बढ़ोतरी हुई

पीडब्ल्यूडी में कर्मचारियों की कमी होने की वजह से विभाग की परियोजनाओं का बजट भी प्रभावित हो रहा है, क्योंकि देरी से लागत में 10-15% तक की वृद्धि हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शीघ्र ही रिक्त पदों को नहीं भरा गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस संबंध में विभागीय स्तर पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग पिछले तीन सालों से उठ रही है, लेकिन अब जाकर इस पर ठोस कदम उठाने की रणनीति बन पाई है। सूत्रों के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में देरी का कारण प्रशासनिक स्वीकृति और बजट आवंटन में कमी बताया जा रहा है।

कर्मचारियों की कमी को नजरअंदाज करना जनता के साथ अन्याय

अभी हाल में ही विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर सरकार से सवाल जवाब किया। सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग भी की है। विपक्ष के एक नेता ने कहा लोक निर्माण विभाग राज्य के विकास की रीढ़ है। कर्मचारियों की कमी को नजरअंदाज करना जनता के साथ अन्याय है। ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों ने भी शिकायत की है कि सड़कों की खराब स्थिति के कारण उन्हें आवागमन में परेशानी हो रही है। रिक्त पदों को भरने के लिए शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने और मौजूदा संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करे, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और विकास कार्य पटरी पर लौट सकें।

खबर संक्षेप

देशमुख ने लोकायुक्त डीजी का संभाला पदभार

भोपाल। विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त के नवागत महानिदेशक योगेश देशमुख ने अपना पदभार संभाल लिया। उन्होंने मंगलवार को लोकायुक्त ऑफिस पहुंचकर जयदीप प्रसाद से कार्यभार ग्रहण किया। जयदीप प्रसाद का एससीआरबी में एडीजी के पद पर ट्रांसफर किया गया है। मंगलवार को लोकायुक्त जस्टिस सत्येंद्र सिंह की मौजूदगी में जयदीप प्रसाद की विदाई एवं योगेश देशमुख का संगठन में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान लोकायुक्त पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

आरजीवीपी कर्मचारियों की तीन मांगें मंजूर

भोपाल। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच आरजीपीवी कर्मचारी समिति के नेतृत्व में पिछले 27 दिन से किया जा रहा आंदोलन मंगलवार को स्थगित कर दिया गया है। विवि के कुलपति और कुलसचिव द्वारा तीन मागें मंजूर करने के बाद कार्य परिषद की बैठक होने तक के लिए आंदोलन स्थगित किया गया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे के अनुसार आरजीपीवी के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 27 दिन से ध्यान आकर्षण आंदोलन कर रहे थे। विवि के कुलसचिव के कक्ष के सामने किए जा रहे इस आंदोलन को स्थगित किया गया है।

डॉ. यादव ने सालरिया में 58 करोड 93 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

बड़े नगरीय निकायों में 10-10 हजार गो-वंश की क्षमता वाली बनाई जाएगी गो-शालाएं: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य है। मेरा परम सौभाग्य है कि प्रदेश के सबसे बड़े गो-अभयारण्य में जन्मदिन पर साधु-संतों एवं गो-माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ये हमारी संस्कृति को न केवल पुष्पित-पल्लवित करते है, बल्कि हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। मुख्यमंत्री ने सालरिया में गो-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डूओं का भोग लगाया।

मुख्यमंत्री ने सालरिया में 58 करोड़ 93 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। उन्होंने 186 स्व-सहायता समूहों को 6 करोड़ 12 लाख रुपए का बैंक ऋण वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या-पूजन कर उपहार भेंट किए। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर गो-अभयारण्य में लगाया आंवले का पौधा

खास बातें

- गो-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डूओं का लगाया भोग
- पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर गो-अभयारण्य में 1008 पौधे रोपे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्मदिन पर गो-अभयारण्य सालरिया में आंवले का पौधा रोपा। किया। मुख्यमंत्री ने पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अपने जन्मदिन, शादी-सालगिरह एवं अन्य विशेष अवसर पर पौध-रोपण कर उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण कर पेड़ के रूप में विकसित करने का संकल्प लें। सालरिया में मुख्यमंत्री के साथ 1008 पौधों का गो-अभयारण्य परिसर में रोपण किया गया।

सरकार ने हर-घर में गोवंश बढ़ाने का लिया निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर-घर में गोवंश बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसके लिये निरंतर कार्य कर रही है, गो-शालाओं को आहार अनुदान की राशि 20 रूपए से बढ़ाकर 40 रुपए की गई है। जो व्यक्ति अपने घर में 10 से अधिक गोवंश पालेगा, उसे भी सरकार अनुदान राशि देगी। इसके साथ ही पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन पर प्रति लीटर पर 5 रुपए बोनस दिया जाएगा। देश में दूध उत्पादन का लगभग 9 प्रतिशत आपूर्ति मप्र की ओर से जाती है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से दुग्ध उत्पादन 20 प्रतिशत तक बढ़ाकर प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। प्रदेश की सभी बड़ी नगर निगम में 10-10 हजार गोवंश की क्षमता वाली गोशालाओं बनाई जाएगी।

गो-अभयारण्य सालरिया में हुआ एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जन्मदिन पर गो-अभयारण्य सालरिया (सुसनेर) में एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव अन्तर्गत गो-कथा उपसंहार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन किया। उन्होंने कहा कि गो-माता में हमारे 33 कोटि देवी-देवता विराजमान है, गो-माता अपने आंचल से हमको जीवन देती है, यह प्रकृति के समान हमको जीना सिखाती है। उन्होंने कहा कि जो गाय पालते हैं, वे सभी गोपाल हैं। जिन घरों में गाय का कुल है, वह गोकुल हैं। हमें हर घर को गोकुल बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में कोई विवाद न हों, जहां हर घर में गो-माता हों, ऐसे गांव को हम वृंदावन बनाएंगे।

सरकार की नीतियों, योजनाओं की जानकारी मिलेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया जनसंपर्क विभाग के मोबाइल एप का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित मोबाइल एप का लोकार्पण किया। इस एप से प्रदेशवासियों को सरकार की नीतियों, योजनाओं और महत्वपूर्ण समाचारों की त्वरित व सटीक जानकारी सीधे मोबाइल पर ही प्राप्त हो सकेगी। मोबाइल एप पर समाचार, फोटो गैलरी, वीडियो गैलरी, मंत्री परिषद के निर्णय, आलेख, विभिन्न विभागों की वेबसाइट के लिंक, जिलों के समाचार तथा मंत्रिमंडल के सदस्यों, कमिश्नर और कलेक्टर की सूची आसानी से प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता तथा सोशल मीडिया विशेषज्ञ उपस्थित थे।

सीएम के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा

आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. खाड़े ने अवगत कराया कि जनसम्पर्क विभाग के पोर्टल का एंड्रॉयड बेस्ड मोबाइल एप तैयार किया गया है। मोबाइल एप में मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण से जुड़े समाचार सिंगल क्लिक पर एप में उपलब्ध होंगे। एप पर स्क्रीन रीडर की भी सुविधा दी गई है, जिससे यूजर आसानी से समाचार सुन सकेंगे। उन्होंने बताया कि एप में वॉइस सर्च की सुविधा दी गई है, जिससे यूजर आसानी से आवश्यकता अनुसार कंटेंट सर्च कर सकते हैं।

'मेरी अपनी सोच' : दोहा-संग्रह पर चर्चा

"कुबेरी नहीं कबीरी सोच के कवि हैं नरेश शांडिल्य" - अनिल जोशी

पुस्तक पर बोलते हुए शिवाजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज। मंच पर (बाएँ से दाएँ नरेश शांडिल्य, अनिल जोशी, बालस्वरूप राही, अलका सिन्हा और प्रो. विकास शर्मा)।

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शिवाजी कॉलेज के हिन्दी विभाग और साहित्यिक संस्था 'वयम के संयुक्त तत्त्वावधान में देश के प्रख्यात दोहाकार नरेश शांडिल्य के हाल ही में प्रकाशित दोहा-संग्रह 'मेरी अपनी सोच' पर एक विस्तृत चर्चा का कार्यक्रम शिवाजी कॉलेज के पेशवा बाजीराव सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी साहित्य-जगत की वरिष्ठ काव्य-विभूति, प्रख्यात साहित्यकार बालस्वरूप राही ने की। शिवाजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज के गरिमामय सान्निध्य में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा के पूर्व उपाध्यक्ष, वैश्विक हिन्दी परिवार के अध्यक्ष, कवि-लेखक-समीक्षक अनिल जोशी तथा वक्ताओं के रूप में सुपरिचित कवयित्री-कथाकार अलका सिन्हा व शिवाजी कॉलेज के हिन्दी विभाग के प्रो. विकास शर्मा मंच पर विराजमान रहे। शिवाजी कॉलेज के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति शर्मा और वयम के महासचिव कवि अनिल वर्मा 'मीत' के संयुक्त संयोजन में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम का संचालन वयम के सचिव कवि ताराचन्द 'नादान' ने किया।

सुकमा में 26 लाख रुपए के इनामी 9 नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

सुकमा में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है, यहां 26 लाख रुपए इनामी 9 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। पीएलजीए बटालियन नंबर 1 और जगरगुंडा एरिया कमेटी की आधा दर्जन महिला नक्सलियों समेत 9 नक्सलियों ने किया पुलिस के सामने सरेंडर किया है। ये सभी कई नक्सली वारदात में शामिल थे। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, एएसपी नक्सल उमेश गुप्ता के सामने नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित और बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव के रवैया से परेशान होकर किया इन्होंने आत्म समर्पण किया। सरेंडर किए गए नक्सलियों में छह महिला नक्सली शामिल है। पुलिस ने बताया कि सभी पर 26 लाख रुपए का इनाम घोषित था। सरेंडर करने पर यह राशि उन्हें फिर से जीवन की नई शुरुआत करने के लिए दी गई है। आत्मसमर्पण करने वाले 9 नक्सली कई बड़ी वारदात में शामिल रहे हैं। नक्सली बटालियन में सक्रिय एक नक्सली ने भी आत्मसमर्पण किया है। माना जा रहा है कि इन

नक्सलियों के सरेंडर से नक्सली संगठन कमजोर हो गया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि लगातार चलाए जा रहे ऑपरेशन और कैंप खोलने से प्रभावित होकर नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

इनमें बटालियन नंबर वन के अलावा जगरमुंडा एरिया में शामिल नक्सली हैं। ये नक्सलियों की खोखली विचारधारा को त्यागकर आत्मसर्मपण किया है। इन्हें शासन की आत्मसमर्पण की नीतियों का लाभ दिया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत 25,000 रुपए की तत्काल सहायता दी गई और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। बीजापुर जिले में इस साल अब तक 84 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। वहीं, पिछले साल पूरे बस्तर क्षेत्र में 792 नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया था। पुलिस और प्रशासन लगातार काम कर रहे हैं, ताकि नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास की राह पर लौट सकें।

केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा

कालिंजर-अजयगढ़-पन्ना व्हाया जबलपुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने का किया अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंटकर कालिंजर-अजयगढ़-पन्ना व्हाया जबलपुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने तथा केन्द्रीय सड़क निधि योजना अंतर्गत गुनौर व पवई के विभिन्न मार्गों की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में अनुरोध किया। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने पन्ना से मंडला तक 21 किमी एलीवेटेड रोड निर्माण की प्रक्रिया को वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 में शामिल करने के लिए केन्द्रीय मंत्री गडकरी का आभार माना।

खाद्य अधिकारी, निरीक्षकों सहित राशन दुकानदारों को तलब करेंगे

छत्तीसगढ़ में चावल घोटाला: अब खाद्य विभाग के अधिकारियों से होगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में 219 करोड़ रुपए से ज्यादा के चावल घोटाले की जांच तेज हो रही है। घोटाले की जांच के लिए बनी विधानसभा समिति अब खाद्य विभाग के अधिकारियों से पूछताछ करेगी। पिछले बजट सत्र के दौरान चावल घोटाले के लिए गठित विधानसभा जांच समिति की बैठक 18 मार्च को हुई थी।

जांच के लिए गठित समिति की ये सातवीं बैठक थी। समिति की पहली बैठक 12 अगस्त 2024 को हुई थी। इसके बाद चार, पांच, 30 सितंबर, 19 नवंबर, 11 दिसंबर 2024 को हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, घोटाले में संचालनालय के अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका भी सामने आना तय बताया जा रहा है।

विधानसभा की समिति गठित

पिछले बजट सत्र के दौरान प्रदेश में हुए चावल घोटाले की जांच के लिए विधानसभा की समिति गठित की गई थी। पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले और दो पूर्व मंत्री राजेश मूणत और विक्रम उसेंडी सहित कांग्रेस के लखेश्वर बघेल व संगीता सिंह को सदस्य बनाया गया है। इस समिति के सचिव विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा हैं। आगे की पूछताछ के लिए खाद्य अधिकारी, निरीक्षकों सहित नान के मैनेजर, ट्रांसपोर्टर सहित राशन दुकानदारों को तलब किया जाएगा। बैठक में राशन दुकानों के घोषणा पत्र को गायब करने सहित नियम विपरीत बाजार से चावल खरीदवाने के लिए जूम कान्फ्रेंस सहित दुकानों के प्रकरण बनाए बगैर आरआरसी वसूली का मुद्दा उठा था।

दत्तक ग्रहण विनियम-2022 पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने प्रतिभागियों को किया संबोधित

गोद लेने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा बच्चों को मिलेगा एक उज्जवल भविष्य: भूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से अधिसूचित दत्तक ग्रहण विनियम-2022 का उद्देश्य भारत में गोद लेने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और अधिक बच्चों को परिवार का प्यार एवं संरक्षण उपलब्ध कराना है। यह नियम किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम-2015 के तहत लागू किए गए हैं, जो अनाथ, परित्यक्त या अभ्यर्पित बच्चों के पुनर्वास के लिए दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देते हैं।

केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग, मप्र के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल में दत्तक ग्रहण विनियम 2022 पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 एवं 26 मार्च को किया जा रहा है।

प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने कार्य करने की अपील

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया।

उन्होंने बच्चों के एडॉप्शन से जुड़ी संवेदनाओं को समझने और इस प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के दत्तक ग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल गोद लेने की प्रक्रिया को सरल और सुरक्षित बनाया जाएगा, बल्कि बच्चों को एक उज्जवल भविष्य भी मिलेगा।

प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

यह कार्यक्रम बच्चों के कानूनी और नैतिक रूप से गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण के पहले दिन जिलों के प्रतिनिधि एसजेपीयू के अधिकारी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण एवं बाल गृह के अधीक्षक, प्रबंधक शामिल हुए।

गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने पर जोर

आयुक्त महिला एवं बाल विकास सूफिया फारुकी वली ने कहा कि विभाग दत्तक ग्रहण विनियम-2022 के तहत बच्चों के स्थायी पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नैतिक और कानूनी तरीके से गोद लेना बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। यह न केवल बच्चों को एक सुरक्षित और प्यार भरा घर देता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाता है।

चिंतन

दुष्कर्म पर असंवेदनशील टिप्पणी पर रोक उचित

इन दिनों जजों की साख कटघरे में है। एक तरफ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक जज के आवास परिसर में मिले अधजले नकदी मामले के चलते न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों पर बात हो रही है, तो दूसरी तरफ इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक जज की दुष्कर्म पर असंवेदनशील टिप्पणी के चलते कानून व उसकी व्याख्या को लेकर समझ पर प्रश्न उठना लाजिमी है और ऐसी अमानवीय टिप्पणी के पीछे भ्रष्ट आचरण की आशंका भी जायज है। सर्वोच्च अदालत ने दोनों ही मामले में सक्रियता दिखा कर न्याय के प्रति जनमानस के विश्वास को कायम रखने की कोशिश की है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवास परिसर में मिले अधजले नोट की जांच तेजी से चल रही है, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज की टिप्पणी पर संज्ञान लिया है। उच्चतम न्यायालय ने दुष्कर्म पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की टिप्पणियों को असंवेदनशील और अमानवीय कहा और बलात्कार संबंधी हालिया दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए रोक लगा दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के गत 17 मार्च के एक आदेश में कहा गया था कि महज ...पकड़ना और 'पायजामे' का नाड़ा ...बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इसे 'बेहद गंभीर मामला' करार दिया। दुष्कर्म को लेकर हमारे अनेक नेताओं की ओर से अनर्गल, असंवेदनशील और अमान्य टिप्पणियां कई बार आईं हैं, लेकिन न्यायालय से हमेशा कानून सम्मत टिप्पणी की अपेक्षा की जाती है। जिस देश में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराध के आंकड़े डराने वाले हों, उस देश की किसी हाई कोर्ट से ऐसी अमानवीय टिप्पणी की उम्मीद कैसे की जा सकती है? सुप्रीम कोर्ट को कोई ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिसमें निचली अदालत से लेकर उच्च अदालत तक के जजों की कानून को लेकर समझ व व्याख्या की नियमित स्क्रूटनी की जा सके। सर्वोच्च नयायालय ने कहा, 'चूंकि पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं और असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण वाली हैं, इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं। दरअसल 'वी द वूमेन ऑफ इंडिया' नामक संगठन ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के संज्ञान में लाया, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। उच्च न्यायालय की विवादास्पद टिप्पणियों पर रोक लगाने का लीगल तात्पर्य यह है कि किसी तरह की विधिक प्रक्रिया में इनका आगे इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को कानून सम्मत उचित कदम उठाना चाहिए। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश से संबंधित मामले में संज्ञान लेते हुए शुरू की गई कार्यवाही में केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है। न्याय के मंदिर में असंवेदनशील टिप्पणियों के प्रति सख्त रुख जरूरी है। न्याय प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और योग्यता की स्थापना और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस के लिए व्यापक स्तर पर न्यायिक सुधार को लागू किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति अधिनियम को लागू करने पर यथाघीघ्र विचार किया जाना चाहिए। देश के जज अपनी संवैधानिक व न्यायिक जिम्मेदारी को समझें और आम मानस के अदालत के प्रति विश्वास को खंडित नहीं होने दें।

जलवायु परिवर्तन

विकेश कुमार बडोला

प्रकृति संरक्षण के प्रति गंभीर हों हम

होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए।

आधुनिक प्रगति की असंख्य उलझी हुई समस्याओं के साथ निरंतर उत्पन्न होती मौसम संबंधी अस्थिरताएं भी मनुष्य को हतप्रभ कर रही हैं। इस बार होली दिवस के संध्याकाल से ही भारत सहित विभिन्न देशों में जलवायु प्रतिकूल होनी आरंभ हो गई। परिणाम में जम्मू कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड की संपूर्ण पर्वतमाला के ऊंचे शिखरों पर हुए हिमपात, वर्षा, आंधी-तूफान द्वारा जलवायु पुनः अस्थिर हो उठी है। होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी केवल कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है।

इस लेखक ने स्वयं पहाड़ी क्षेत्र में रहते हुए 14 मार्च को रात 12 बजे के बाद से लेकर 15 मार्च प्रातः 9 बजे तक भयंकर तेज हवाओं, अंधड़, तूफान और घन गर्जनाओं का सामना किया। वायु की गति इतनी तीव्र थी कि विशाल आकार के बीस-पच्चीस फुट लंबे-चौड़े वृक्ष जड़मूल धराशायी हो गये। घन गर्जनाएं ऐसी प्रतीत हुईं कि घर को नींव से भी नीचे गहरे जाकर उखाड़ रही हों। घरों में बनाये हुये अपने घोंसलों में रहनेवाले गौरैया पक्षी इस विध्वंशकारी वातावरण में बाहर निकलने का साहस नहीं कर सके। विशाल वृक्षों को तोड़-मरोड़ कर रख देने वाली तेज हवाओं के सम्मुख नन्हे पक्षियों का क्या अस्तित्व! प्रायः ब्रह्म मुहूर्त में अपनी चहचहाहटों के साथ फुदकने वाले गौरैया सहित अनेक अन्य पक्षी इस जलवायुगत विपत्ति में निःश्वास एवं अस्तित्वहीन होकर दुबके हुए थे। ऐसे में क्या मनुष्य का घर और क्या पक्षी का घोंसला, सभी आश्रयस्थल असुरक्षित थे। इस प्रतिकूल परिस्थिति में पूरा जीवन ही असुरक्षित हो उठा था। यह सभी कुछ होने की समयावधि में जो जन गहरी नींद में थे, उनके निद्रास्वास्थ्य का अभिनंदन है। किंतु यह लेखक तो पूरे छह-सात घंटे तक प्रकृति के विनाशक तांडव के थमने, रुकने की ही प्रतीक्षा करता रहा।

यह पारिस्थितिकी असंतुलन भारत के वायुमंडल तक ही सीमित नहीं था। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए। अमेरिका के इन क्षेत्रों में भी वैसी ही अग्नि भड़की हुई है। जैसी जनवरी में कैलिफोर्निया के जंगलों में थी। हवाओं से अग्नि का तीव्र प्रसार हो रहा है। परिणामतः मिसिसिपी, अलबामा और टेनेसी सहित अनेक क्षेत्रों के लगभग नब्बे लाख लोग तेज हवाओं से प्रज्ज्वलित अग्नि बवंडर से प्रभावित हो सकते हैं। वहां आठ करोड़ अट्ठाईस लाख की जनसंख्या को हवा के अलर्ट के बारे में सूचित किया गया है। मौसम का विनाशक घूर्णनकारी चक्र अमेरिका के मध्य क्षेत्र से होकर के पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इस कारण जॉर्जिया में अत्यधिक वर्षा, बाढ़ आने, विनाशकारी हवा के झोंकों के चलने और तीव्रतापूर्वक फैल रहे बवंडर का संकट व्याप्त है। भारत और अमेरिका ही नहीं दुनिया के अनेक

देशों, भूभागों और इनमें रह रहे लोगों पर 14-15 मार्च का जलवायु उत्पात गहन संकट बनकर छाया। ऐसा गत पंद्रह वर्षों में कम प्रभाव के साथ, गत दस वर्षों में अधिक प्रभाव के साथ और अब विगत एक-दो वर्षों में अत्यधिक प्रभाव के साथ निरंतर कुछ-कुछ दिनों के अंतराल पर हो ही रहा है। जब मौसम मानव जाति के सिर पर विनाश की छतरी बनकर तन चुका है, तो क्या मानवों को अभिशप्त वैज्ञानिक प्रतिस्पर्द्धा और परिणामकारी जैविक व जीवन संबंधी गतिविधियों पर नियंत्रण का कार्य अभ्यास आरंभ नहीं कर देना चाहिए? मौसम के अप्रत्याशित संकटों के सम्मुख मानव का विज्ञान-लालच कोई महत्व नहीं रखता है। अतः विज्ञान के आत्मघाती प्रयोगों को रोककर मानवीय जीवन को पुनः आत्मनिर्भर ग्रामीण व्यवस्था की ओर अग्रसर करने का समय आ चुका है। कोरोना महामारी के बाद तो ऐसा हो भी जाना चाहिए था, किंतु विश्व के कर्ताधर्ता ऐसा नहीं चाहते हैं। वे महामारीजन्य अनेक असुरक्षाओं के बाद भी मनुष्य को प्रगति का दास बनाये रखने की प्रेरणा दे रहे हैं। वे मनुष्य को प्राकृतिक जीवन, स्वास्थ्य, खाद्यान्न, आनंद देने की स्थिति में तो नहीं हैं किंतु वैज्ञानिक प्रगति के मंत्र से मुग्ध करके उसे अप्राकृतिक रूप में मरने-खपने और मरने-खपने की इस प्रतियोगिता से लगाव रखने की सीख देने में अवश्य सफल हैं। वैज्ञानिकों, पूंजीधारकों, उद्योगकारों और इनके अनुसार शासन हांकने वाले शासकों को अंततः कितना अधिक साधन-संसाधन संपन्न होना है! ऐसी संपन्नता की कोई सीमा भी तो होगी। यदि ऐसे लोग प्रकृति के प्रकट व गुप्त तत्त्वों का राक्षसी दोहन करते हुए अपने संबंधियों और समर्थकों के लिए भी साधनों-संसाधनों की विशाल मात्रा एकत्र कर देना चाहते हैं, तो करें। इस हेतु वे अपने व अपने संबंधियों के लिए साधनों-संसाधनों के मूल्य प्रतीक और अर्थव्यवस्था के शक्ति संकेत के स्वरूप में विद्यमान मुद्रा को वास्तविक अथवा आभासी रूप में मनचाही मात्रा में एकत्र कर लें। वे ऐसा कर भी रहे हैं। किंतु गहन आश्चर्य है कि ऐसा करने के बाद भी उनका लालच रुक नहीं रहा। उन्हें स्वयं और अपनी पीढ़ियों के लिए मनचाही मात्रा में एकत्र की हुई मुद्रा भी कम ही लग रही है। यदि मनुष्यगण ऐसी ही प्रवृत्ति से ग्रस्त रहेंगे तो इसका अंतिम दुष्परिणाम प्रकृति की विनाश-लीला के रूप में ही सामने होगा। साधन-संसाधन संपन्न मनुष्यों को बारंबार यह सूत्र स्मरण करने की आवश्यकता है कि वे उपलब्ध पंचतत्त्वों का आसुरी दोहन करके वैज्ञानिक-आधुनिक प्रगति तो कर सकते हैं, परंतु पंचतत्त्वों की विकारग्रस्तता के कारण उत्पन्न होने वाली अप्रत्याशित पर्यावरणीय प्रतिक्रियाएं नहीं थाम सकते। आज के प्रगतिवादी, आधुनिक और तर्कशील व्यक्ति अपनी कपोल कल्पना के वशीभूत होकर प्राचीन लोगों को मूर्ख समझते हैं, किंतु उन्हें जलवायु की दुर्दशा देखकर अपने बारे में भी यह सत्य जानने-समझने की अति आवश्यकता है कि अपने जीवन के आधार पंचतत्त्वों को पराकाष्ठा तक विकृत करने में वे सर्वाधिक दोषी हैं। पहले के मनुष्य जीवन की प्रत्येक गतिविधि को दूरदर्शी नीतियों के अनुसार निर्धारित करते थे। अपने जीवन को जीते हुए, उसे संभालते हुए, उसका चहुँदिश आनंद लेते हुए और उसका सम्मान करते हुए वे हमारी अर्थात् अपनी भावी पीढ़ी की पर्यावरणीय सुरक्षा के बारे में भी विचार किया करते थे। यदि वे हमारी चिंता न करते और हमारी ही तरह पंचतत्त्वों का कठोरतापूर्वक दोहन करते तो क्या वर्तमान धरती, आकाश और अन्य जीवन-तत्त्व हमारे लिए उपलब्ध रह भी पाते। आज के वैज्ञानिकों से लेकर साधारण जन को इस बिंदु पर अवश्य विचार करना चाहिए। संभवतः तब हमारे भीतर प्रकृति के प्रति सम्मान उत्पन्न हो सके और तत्पश्चात हम उसका क्रूर दोहन न कर अपनी भावी पीढ़ी हेतु उसे संरक्षित करने के कृतसंकल्प लें।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्व रंगमंच दिवस

ऋतुपर्ण दवे

कला व अभिव्यक्ति से विश्व को अनूठा संदेश

आज विश्व रंगमंच दिवस है। रंगमंच शब्द ग्रीक शब्द 'थिएट्रॉन' से लिया गया है जिसका अर्थ है 'देखने की जगह'। भारत में रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। भरत मुनि को नाट्यशास्त्र के लिए जाना जाता है। शुरू से यही वो माध्यम है जिसे समझकर उसके सौंदर्य और महत्व के साथ मनोरंजन के माध्यम से दैनिक जीवन में जश्न यानी खुशी प्रदर्शित की जाती है। विश्व रंगमंच दिवस इसी का प्रतीक है। रंगमंच वह विधा भी है जिससे दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को भी मंच के जरिए सूचित व सचेत किया जाता है कि समाज की ऐसी संस्थाओं और लोगों के प्रति कैसी जनधारणा है। वास्तव में यह अभिव्यक्ति की वह कला है जिसमें कलाकार वास्तविक जीवन या घटनाओं का एक तरह से नाट्य रूपांतरण यानी रिक्रिएशन करते हैं, दोहराते और याद दिलाते हैं। इसे मनाने की शुरुआत 1961 से हुई थी। 27 मार्च, 1962 को विश्व रंगमंच दिवस अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों, उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। अब,यह दिन विश्व के 90 से अधिक देशों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं।

संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस दिन एक विशेष संदेश जारी किया जाता है, जो किसी प्रमुख रंगमंच हस्ती द्वारा लिखा जाता है। यह संदेश रंगमंच की भूमिका और इसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालता है। हर वर्ष इसकी एक अलग थीम होती है। इस बार की थीम 'रंगमंच और शांति की संस्कृति' है। जैसा कि नाम से ही साफ है, इस झुलसती और तृतीय विश्व युद्ध की आहट के बीच बढ़ रही दुनिया को बड़ा संदेश देना उद्देश्य है। साफ है कि रंगमंच या थिएटर प्रदर्शन वास्तव में कला के जरिए जीवंत प्रस्तुति, अभिव्यक्ति, स्वीकरण या अस्वीकरण का वह तरीका है जिसमें कलाकार किसी वास्तविक या काल्पनिक घटना के अनुभव को किसी विशिष्ट स्थान पर आकर सामने नाट्या प्रदर्शन करते हैं। निश्चित रूप से यह न केवल कठिन कार्य है बल्कि अभिनय की वह चुनौती है जिसे सामने बैठे दर्शकों के समक्ष मंच पर कलाकार करते हैं। एक तरह आज की भाषा में यह लाइव प्रदर्शन ही है। अपने संवाद, हाव-भाव, भाषण, गीत, संगीत और नृत्य के संयोजन से की जा रही जीवंत प्रस्तुतियों का दर्शकों पर एक अलग छाप व प्रभाव पड़ता है। ऐसे मंचन समाज के लिए न केवल बड़े संदेश देते हैं बल्कि कला के तत्व और कृत्रिम संसाधनों जैसे चित्रित दृश्य और स्टेज क्राफ्ट व प्रकाश व्यवस्था का उपयोग कर वो अनुभव की भौतिकता, उपस्थिति और तात्कालिकता भी बढ़ाते हैं। आधुनिक रंगमंच में नाटकों और संगीत थिएटर का प्रदर्शन भी शामिल होने से यह और भी आकर्षक और लोकप्रिय होते जा रहे हैं। बैले और ओपेरा थिएटर की वो प्रस्तुतियां बन गईं हैं जिसमें पारंपरिक रूप से किए जाने अभिनय, वेशभूषाओं का उपयोग किया जाता है। समय के साथ इस कला का भी विकास आधुनिक होते हुए भी काफी हद तक पारंपरिक भी है। यह दिन थिएटर कला के महत्व और मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बात पर प्रकाश डालने के लिए भी मनाया जाता है ताकि उनका उपयोग शांति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है। वास्तव में एक खास दिन इसको समूचे विश्व में एक साथ मनाने के पीछे भी बहुत बड़ी और व्यापक सोच है। रंगमंच के मूल्य के बारे में जागरूक करना, रंगमंच समुदायों को अपने काम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने में सक्षम बनाना, दुनिया भर के रंगमंच कर्मियों और संगठनों को आपस में जोड़ना और एक-दूसरे परिचित कराना।

विश्व में अलग-अलग रूपों में प्रचलित रंगमंच विधाओं का न केवल आनंद लेना बल्कि दूसरों के साथ आनंद साझा करना है। वास्तव में विश्व रंगमंच दिवस हमें रंगमंच के विभिन्न रूपों का जश्न मनाने और हमारे समाज में उनके महत्व की सराहना करने का मौका भी देता है। निश्चित रूप से रंगमंच समाज में जागरूकता और चेतना का बड़ा जरिया है। आज नुक्कड़ नाटकों के जरिए दिए जाने वाले संदेश काफी प्रभाव छोड़ते हैं। यह समाज के लिए सचेतक जैसे होते हैं। विश्व रंगमंच दिवस का उद्देश्य इसे जीवित रख और उन्नत बनाना है ताकि यह अपनी-अपनी भाषाओं, लोकगाथाओं, लोक कलाओं के जरिए वो संदेश दे सके जो मानवता के लिए अपरिहार्य, हितकारक और शांति-सद्भाव को बनाए रखने में सहायक हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

उपकार



संकलित

दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनर्पयत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामथ्र्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया। इसलिए आनंद देने वाली उन सब वस्तुओं से भय, क्रोध, लालच, पीड़ा,ईर्ष्या, द्वेष एवं पीड़ा टपकने लगी।

गणेश विनायक जी की कथा

संकलित

प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मांगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन

आज की पाती

ओपीएस का बेहतर विकल्प क्या हो?

भारत में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक मुद्दा बन चुका है। यह केवल सरकारी कर्मचारियों का ही नहीं, बल्कि देश की वित्तीय नीति और सामाजिक सुरक्षा का भी विषय है। 2004 में पुरानी पेंशन योजना को समाप्त कर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की गई, लेकिन बीते कुछ वर्षों में ओपीएस की बहाली को लेकर कर्मचारियों में व्यापक आंदोलन और राजनीतिक बहस छिड़ी हुई है। कई प्रदेशों में ओपीएस बहाल कर दी गई है, लेकिन इससे राजकोष पर पड़ते भारी बोझ के कारण दबाव यह भी है कि ओपीएस का कोई बेहतर विकल्प ढूंढना होगा। इसीलिए केंद्र सरकार यूपीएस यानी यूनिफाइड पेंशन स्कीम लेकर आई है। अब बहस यह है कि क्या यह ओपीएस का बेहतर विकल्प है?

- प्रदीप यदु, बिलासपुर

ट्रेंड

रेगु टीम ने इतिहास रचा

सेपक टकराव विश्व कप 2025 में शानदार खेल प्रदर्शन के लिए हमारे दल को बधाई! दल ने 7 पदक जीते। पुरुषों की रेगु टीम ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

गंभीर चिंताएं जताईं

आज संपादकों, शोधकर्ताओं और डोमेन विशेषज्ञों के एक विविध समूह से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, विशेष रूप से आरटीआई अधिनियम के दायरे पर इसके प्रभाव के बारे में गंभीर चिंताएँ व्यक्त कीं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

आर्थिक असमानता

पिछले 78 वर्षों से किसी सरकार ने आम जनता को आर्थिक रूप से इतना कमजोर नहीं किया, जितना मोदी सरकार ने किया है। आर्थिक असमानता भयावह स्तर पर है। अरबपति, खरबपति बन चुके हैं और गरीब, कंगाल हो रहे हैं।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

लोकतांत्रिक व्यवस्था

समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करती है। इतिहास की घटनाओं पर आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं चल सकती। भाजपा सरकार को जनता के रोजी-रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

करंट अफेयर

सीरिया दोराहे पर खड़ा है : संयुक्त राष्ट्र दूत



सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत ने कहा है कि राष्ट्रपति बशर अल-असद को अपदस्थ किए जाने के तीन महीने बाद सीरिया दोराहे पर खड़ा है जहां से वह फिर से हिंसा की ओर लौट सकता है या शांति की ओर बढ़कर दशकों के संघर्ष को समाप्त कर सकता है। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत गीर पेडरसन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि सीरिया में हिंसा की स्थिति लौट सकती है। उन्होंने कहा कि बाहरी शक्तियों को सीरियाई संप्रभुता के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। पेडरसन ने कहा कि दूसरा रास्ता जो सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय सुरक्षा को बहाल करेगा वह 'व्यवहार्य' है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि 'सीरिया के लोग सही निर्णय लें' और उन्हें अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिले। सीरिया में 13 वर्षों से गृह युद्ध जारी है। पिछले वर्ष दिसंबर में इस्लामी समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने बशर अल असद की सत्ता को पलट दिया था और इसी के साथ देश में उनके परिवार का 50 वर्षों से अधिक पुराना शासन समाप्त हो गया।

ऑफ बीट

क्या कॉफी नींद की कमी की भरपाई कर सकती है

नींद की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। रातभर गहरी नींद लेने के बाद हरेक को अच्छा महसूस होता है और नहीं सोने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तो नींद की कमी की भरपाई के लिए क्या किया जा सकता है? या यूं कहें कि आप कम सोकर भी कैसे अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं? पर्याप्त नींद नहीं लेने से दिमाग के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। वैज्ञानिक कई वर्षों से यह बात जानते हैं कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है। हमने कुछ प्रतिभागियों को घर जाकर सोने और कुछ प्रतिभागियों को प्रयोगशाला में पूरी रात जागने को कहा। हमने पाया कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से न केवल ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत हुई, बल्कि इससे एक निश्चित क्रम में किए जाने वाले कार्यों को करने में (प्लेसकीपिंग) भी अधिक गलतियां हुईं। क्या कॉफी हो सकती है नींद का विकल्प? इसके बाद, हमने नींद की कमी की भरपाई के विभिन्न तरीकों को लेकर परीक्षण किया। यदि आपने पिछली रात पर्याप्त नींद नहीं ली, तो आप क्या करेंगे? कई लोग कॉफी या कोई 'एनर्जी ड्रिंक' (ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थ) पीना चाहेंगे।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हिरासत में रहकर संसद सत्र में शामिल होंगे इंजीनियर राशिद, हाईकोर्ट ने दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हाई कोर्ट ने कहा कि 26 मार्च से 4 अप्रैल के बीच प्रत्येक दिन संसद की कार्यवाही समाप्त होने पर राशिद जेल लौटेंगे।

इंजीनियर राशिद के नाम से लोकप्रिय शेख अब्दुल राशिद बारामुल्ला लोकसभा क्षेत्र में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में विजयी हुए, उन्होंने उमर अब्दुल्ला को हराया, जो वर्तमान में जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के बारामुल्ला लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद को संसद सत्र में भाग लेने की अनुमति दे दी। उन्हें आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह और न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने निर्देश दिया कि राशिद 'हिरासत में' संसद में भाग लेंगे और उन्हें सेलफोन या लैंडलाइन का उपयोग करने या मीडिया से बातचीत करने का अधिकार नहीं होगा।

खास बातें

- बारामुल्ला सीट से सांसद पुलिस कस्टडी में जाएंगे लोकसभा
- 4 अप्रैल तक लोकसभा की कार्यवाही समाप्त होने के बाद जेल लौटेंगे

2019 से तिहाड़ जेल में बंद है आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार इंजीनियर राशिद



26 मार्च से 4 अप्रैल तक मिली मोहलत

हाई कोर्ट ने कहा कि 26 मार्च से 4 अप्रैल के बीच प्रत्येक दिन संसद की कार्यवाही समाप्त होने पर राशिद जेल लौटेंगे। इंजीनियर राशिद के नाम से लोकप्रिय शेख अब्दुल राशिद बारामुल्ला लोकसभा क्षेत्र में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में विजयी हुए। उन्होंने उमर अब्दुल्ला को हराया, जो वर्तमान में जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री हैं। 2017 के आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से राशिद 2019 से तिहाड़ जेल में बंद है। एनआईए और ईडी द्वारा दर्ज किए गए दोनों मामलों में पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख और 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद, हिजबुल मुजाहिदीन नेता सैयद सलाहुद्दीन और अन्य शामिल हैं।

तिहाड़ जेल में बंद

ईडी ने एनआईए की एफआईआर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया, जिसमें उन पर सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने और कश्मीर घाटी में परेशानी पैदा करने का आरोप लगाया गया था। राशिद 2024 के लोकसभा चुनावों में बारामूला निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे और 2017 के आतंकी-वित्तपोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत एनआईए द्वारा उन्हें गिरफ्तार किए जाने के बाद 2019 से तिहाड़ जेल में बंद हैं। राशिद 2019 से जेल में हैं, जब एनआईए ने कथित आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत उन पर आरोप लगाए थे।

अमृत सरोवर योजना 2022 में शुरू हुई

देश में 20 मार्च 2025 तक 68,000 से अधिक अमृत सरोवर हो चुके हैं पूरे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमृत सरोवर योजना के तहत देश में 20 मार्च 2025 तक 68,000 से अधिक अमृत सरोवर पूरे हो चुके हैं। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। दरअसल,सरकार की इस पहल ने जल की कमी की समस्या को हल करने और विभिन्न क्षेत्रों में सतही और भूमिगत जल की उपलब्धता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ये जलाशय न केवल तात्कालिक जल आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि सतत जल संसाधनों की स्थापना का भी प्रतीक हैं।

मिशन अमृत सरोवर योजना का अप्रैल 2022 में शुभारंभ किया गया था। इसका लक्ष्य प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवरों (तालाबों) का निर्माण या पुनरुद्धार करना है। मिशन अमृत सरोवर को राज्यों और जिलों द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी एनआरईजीएस), पंद्रहवें वित्त आयोग से अनुदान, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के उप-कार्यक्रम जैसे वॉटरशेड विकास घटक और हर खेत को पानी, साथ ही राज्य सरकारों की अपनी योजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं में क्राउडफंडिंग और कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) जैसे सार्वजनिक समर्थन के माध्यम से भी योगदान की अनुमति है।

मिशन के दूसरे चरण में जनभागीदारी पर फोकस

मिशन अमृत सरोवर का दूसरा चरण सार्वजनिक भागीदारी (जनभागीदारी) को केंद्र में रखकर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगा। इस चरण का उद्देश्य पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देना, जलवायु अनुकूलता को मजबूत करना और भावी पीढ़ियों के लिए स्थायी लाभ प्रदान करना है।

कहां कितने बने सरोवर

अंडमान और निकोबार	227
आंध्र प्रदेश	2154
अरुणाचल प्रदेश	772
असम	2966
बिहार	2613
छत्तीसगढ़	2902
गोवा	159
गुजरात	2650
हरियाणा	2088
हिमाचल प्रदेश	1691
जम्मू और कश्मीर	1056
झारखंड	2048
कर्नाटक	4056
केरल	866
लद्दाख	100
मध्य प्रदेश	5839
महाराष्ट्र	3055
मणिपुर	1226
मेघालय	705
मिजोरम	1031
नगालैंड	256
ओडिशा	2367
पुडुचेरी	152
पंजाब	1450
राजस्थान	3138
सिक्किम	199
तमिलनाडु	2487
तेलंगाना	1872
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	58
त्रिपुरा	682
उत्तराखंड	1322
उत्तर प्रदेश	16630
पश्चिम बंगाल	25
कुल	68,842

टेक्नालॉजी को लैब टू लैंड पहुंचाएंगे

खेती को फायदे का सौदा बनाने के लिए हमारी 6 सूत्रीय रणनीतिः शिवराज सिंह

माही नेशनल को-आपरेटिव फेडरेशन के कार्यक्रम का केन्द्रीय कृषि मंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को माही नेशनल को-आपरेटिव फेडरेशन ऑफ एफपीओ'एस द्वारा आयोजित कार्यक्रम का ए.पी. शिंदे सभागृह, पूसा, नई दिल्ली में शुभारंभ किया। इस अवसर पर चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा।केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि हमारे यहां छोटी जोत के आकर होते हैं। दुनियाभर में अगर देखें तो 5 से 10 हजार एकड़ के फार्म एक किसान के पास हैं जबकि हमारे यहां 86 प्रतिशत से ज्यादा छोटे व सीमांत किसान हैं, जिनके लिए आजीविका की गाड़ी चलाना मुश्किल होता है। इनके लिए खेती को फायदे का सौदा बनाने की हमारी 6 सूत्रीय रणनीति है, प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन लागत घटाना, उत्पाद का उचित मूल्य देना, यदि कोई आपदा आ जाएं तो नुकसान की भरपाई करना, कृषि का विविधीकरण और धरती की सेहत का ख्याल रखना। चौहान ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष बीजों की 109 नई किस्में जारी की हैं। हमारा फोकस है कि टेक्नालॉजी को लैब टू लैंड तक पहुंचाएं लेकिन हमारी सीमाएं भी हैं। दूसरे देश जीएम सीड से बंपर उत्पादन करते हैं लेकिन हम अनुमति नहीं देते। दूसरे देशों में उत्पादन बहुत होता है लेकिन हमारे यहां कम है, क्योंकि हमें प्रकृति के साथ खिलवाड़ नहीं करना है। अच्छे बीज, मेकेनाइजेशन, किसान के पास लगाने के लिए पूंजी भी हो। हमने किसान क्रेडिट कार्ड - केसीसी की राशि की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की है। लागत घटाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना भी है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शनि कुमार ठाकुर पुत्र** केदारनाथ ठाकुर, **निवासी** ओ–51, प्रेम नगर–द्वितीय, राज पार्क, दिल्ली, ने **FIR No. 153/2020, U/S 188 IPC, पुलिस स्टेशन राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शनि कुमार ठाकुर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शनि कुमार ठाकुर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 153/2020, U/S 188 IPC, पुलिस स्टेशन राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **शनि कुमार ठाकुर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
उत्तर–पश्चिम जिला, कोर्ट नं0–107,
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3717/OD/2025
(Court Matter)

महादेव सट्टाः बाबुओं के खूब किए जेब गरम, सीबीआई ने दी 60 स्थानों पर दबिश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), महादेव बुक ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की जांच के क्रम में, बुधवार को छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर दबिश देकर तलाशी ले रही है। जिनमें

राजनेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के प्रमुख पदाधिकारियों और मामले में शामिल होने के संदिग्ध अन्य निजी व्यक्तियों से जुड़े परिसर शामिल हैं। यह मामला महादेव बुक के अवैध क्रिया-कलाप से संबंधित है, जो वर्तमान में दुबई में रह रहे, रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर द्वारा प्रचारित एक ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच है।

जांच से पता चला है कि प्रमोटरों ने अपने अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क के सुचारू और निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कथित तौर पर लोक सेवकों को 'सुरक्षा राशि' के रूप में काफी मात्रा में धनराशि का भुगतान किया। शुरुआत में आर्थिक अपराध विंग (ईओडब्ल्यू), रायपुर द्वारा दर्ज किए गए इस मामले को बाद में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और अन्य आरोपी व्यक्तियों की भूमिका की व्यापक जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया था।

हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण विनियमन विधेयक विस में पारित

अब हरियाणा में लगेगी गैर कानूनी तरीके से युवाओं को विदेश भेजने पर रोक

युवाओं को विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाईः सीएम नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि गैर कानूनी तरीकों से युवाओं को विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ प्रदेश सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। अब तक 127 मामले दर्ज कर 102 एजेंटों के खिलाफ एक्शन लिया गया है। आठ ट्रैवल एजेंट को गिरफ्तार भी किया गया है। मुख्यमंत्री बजट सत्र में हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि ट्रेवल एजेंटों की पारदर्शिता, उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने और उनकी अवैध गतिविधियों की जांच और उन पर अंकुश लगाने सहित युवाओं को उनके शोषण से बचाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में पारित होने वाले इस विधेयक को लेकर विपक्ष की क्या मंशा है इस बारे में तो उन्हें पता नहीं, लेकिन प्रदेश सरकार की मंशा

स्पष्ट है कि युवाओं को गलत तरीके से विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सैनी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण विधेयक का विषय युवाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि सदन में पहले भी यह विधेयक लाया गया था परंतु तीन नए कानून आने के बाद कुछ धाराओं में परिवर्तन हुआ है, इसलिए एक बार फिर से विधानसभा में इस विधेयक को लाया गया है ताकि विधेयक में कड़े प्रावधान सुनिश्चित कर युवाओं को शोषण से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश जाने के लिए युवा अपनी जमीन तक बेच देते थे और असुरक्षित तरीके से उन्हें विदेश भेजने का काम किया जाता था। इस विधेयक के कानून बनाने के बाद ऐसी गैर कानूनी प्रथा पर अंकुश लगाने में सरकार को कामयाबी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सदन को अवगत कराया कि इस विधेयक में मानव तस्करी को लेकर भी प्रावधान किया गया है।

अगर कोई मानव तस्करी करने में संलिप्त पाया जाता है तो दोषी को 7 से 10 वर्ष के कारावास की सजा का प्रावधान भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विदेशी सहयोग विभाग का गठन किया गया है जिसके माध्यम से युवाओं को व्यापार, नौकरी या शिक्षा के लिए विदेश में सुरक्षित भेजने का काम किया जाएगा। इस विधेयक को लाने का उद्देश्य सभी ट्रैवल एजेंट्स का पंजीकरण करवाना है ताकि सभी एजेंट नए कानून के नियमों के तहत ही युवाओं को बाहर भेजने का काम करें और सरकार के पास भी सही जानकारी उपलब्ध हो सके।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल पुत्रः** भगवत प्रसाद **पताः** सी–100 विजय विहार फेस–02 दिल्ली बुध विहार, ने **FIR No. 010055/20 U/s 379/411/34 IPC थानाः उत्तर रोहिणी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 010055/20 U/s 379/411/34 IPC थानाः उत्तर रोहिणी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राहुल,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 107 पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट दिल्ली

DP/3711/RD/2025
(Court Matter)

भाजपा सांसद संजय जायसवाल के आवास पर जेपी नड्डा, चिराग और मांझी भी पहुंचे

स्नेह मिलन संध्या पर जुटे एनडीए के नेता, बिहार चुनाव पर हुआ मंथन

जदयू के वरिष्ठ नेता और सांसद भी रहे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार चुनाव से पहले एनडीए में शामिल राज्य के दल सियासी तौर पर सक्रिय हो गए हैं। नई दिल्ली में बुधवार को भाजपा सांसद संजय जायसवाल के आवास पर आयोजित स्नेह मिलन संध्या के दौरान भाजपा, जदयू, लोकजनशक्ति पासवान, हम और आरएलएम के नेताओं और सांसदों के अलावा बिहार के कई वरिष्ठ नेताओं ने बिहार विधानसभा के आगामी चुनाव को लेकर मंथन किया।

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, जदयू के संजय झा, लोकजनशक्ति पासवान के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, हिंदुस्तानी अवामी

मोर्चा के अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और आरएलएम राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। चिराग ने कहा कि बैठक का कोई खास उद्देश्य नहीं है। संसद सत्र चल रहा है, यह चुनाव वर्ष है। तमाम रणनीति तय की जाएंगी, क्या रणनीति होगी, हम चुनाव में किस सोच के साथ जाएंगे, सरकार की उपलब्धियां कैसे जनता के बीच रखी जाएंगी, सीट शेयरिंग पर, इन सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बार एक ऐतिहासिक जीत होगी, हमें 225 से अधिक सीटें मिलेंगी।मांझी ने बिहार एनडीए बैठक पर कहा कि हम बिहार का चुनाव जीतेंगे और हमारा गठबंधन वहां 225 सीटें लेकर आएगा। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, कि यह आपस में मिलने-जुलने का कार्यक्रम है। चुनाव के समय जब राजनीतिक लोग मिलते हैं तो स्वाभाविक रूप से उस संदर्भ में चर्चा होती।

कर्नाटक हनी ट्रैपः सीबीआई जांच की मांग खारिज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक राज्य में एक मंत्री और अन्य राजनेताओं से जुड़े कथित हनी-ट्रैप प्रयास की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया। याचिका सामाजिक कार्यकर्ता बिनय कुमार सिंह ने दायर की थी, जिसमें जांच की निगरानी शीर्ष अदालत से की थी। या फिर सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता वाली एक समिति से करने की मांग की गई थी। मामले में याचिकाकर्ता के वकील बरुण कुमार सिन्हा ने अदालत में कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में जो आरोप लगाए गए हैं, इस पर गहन जांच की आवश्यकता है। यह भी कहा गया कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा न्यायाधीशों को हनी ट्रैप में फंसाना न्यायपालिका की स्वतंत्रता गंभीर खतरा है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड	कर्ण स्टेडियम सीएएलएल-4 हेतु जिम्नास्टिक उपकरणों की आपूर्ति व स्थापना।	22.03.2025 07.04.2025	4.65 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	9253206320 smartcitykarnal@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/33336/I/88/7 दि. 26.03.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	गांव पहरावर रोहतक में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण।	20.03.2025 31.03.2025	225.00 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813082444 xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/33335/I/88/7 दि. 26.03.25

सब छूट गए पीछे, जेएसडब्ल्यू स्टील बनी विश्व की सबसे वैल्यूएबल स्टील कंपनी

- जेएसडब्ल्यू ने विश्व की सभी स्टील कंपनियों को पछाड़ा
- सेल और टाटा स्टील दोनों के मार्केट कैप से आगे निकला जेएसडब्ल्यू

नई दिल्ली (एजेंसी)। जेएसडब्ल्यू स्टील ने दुनिया की सभी स्टील कंपनियों को पछाड़ दिया है। मार्केट कैप की बात की जाए तो ये दुनिया में सबसे आगे निकल चुकी है। इसका मार्केट कैप ढाई लाख करोड़ के ऊपर आ गया है। सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील दुनिया की सबसे वैल्यूएबल स्टील कंपनी बन गई है। जेएसडब्ल्यू स्टील का मार्केट कैप 2.5 लाख करोड़ के पार निकलते हुए सेल और टाटा स्टील दोनों के कुल मार्केट कैप से आगे निकल गया है। जेएसडब्ल्यू स्टील निप्पॉन स्टील और आर्सेलर मित्तल से भी आगे निकल गई है। मार्केट कैप पर नजर डालें तो जेएसडब्ल्यू स्टील इंडिया का मार्केट कैप 2.50 लाख करोड़ के आसपास है।

कंपनी का मार्केट कैप 2.5 लाख करोड़ के पार पहुंचा

जेएसडब्ल्यू स्टील पर ब्रोकरेज की राय

ब्रोकरेज का कहना है कि दूसरी छमाही में जेएसडब्ल्यू स्टील के वॉल्यूम ग्रोथ में रिकवरी संभव है। चौथी तिमाही में कंपनी के वॉल्यूम में सालाना आधार पर 15 फीसदी की अच्छी वॉल्यूम ग्रोथ देखने को मिल सकती है। कंपनी को आगे 90 फीसदी क्षमता पर ऑपरेट करने का भरोसा है। क्षमता विस्तार का काम ट्रैक पर चल रहा है। कंपनी का कैप्टिव आयरन ओर एनर्जी बूस्ट पर जोर है। जेएसब्ल्यू स्टील पर आईसीआईसीआई सिक्यूरिटी ने ने 1230 रुपए का टारगेट दिया है। वहीं, एमओएफएसएल पर इस शेयर ने 1150 रुपए का टारगेट दिया है। जबकि एचडीएफसी सिक्यूरिटी ने 1080 रुपए का टारगेट दिया है।

जेएसडब्ल्यू स्टील का रिटर्न

जेएसडब्ल्यू स्टील के रिटर्न की बात करें तो इस स्टॉक ने 1 महीने में 11 फीसदी, इस साल 18 फीसदी और 1 साल में 31 फीसदी रिटर्न दिया है। हाल के दिनों में सरकार की तरफ से भी घरेलू स्टील कंपनियों को राहत दी गई है। फ्लैट स्टील प्रोडक्ट पर 12 फीसदी सेफगार्ड ड्यूटी की सिफारिश की गई है। डीजीटीआर से 200 दिनों के लिए सेफगार्ड ड्यूटी की सिफारिश की है।

शेयर बाजार में सात दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 729 अंक टूटा

मुंबई (एजेंसी)। शेयर बाजार में बीते सात कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 729 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 23,500 अंक से नीचे आ गया। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक अनुबंधों के निपटान से पहले मुख्य रूप से बैंक और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 728.69 अंक यानी 0.93% गिरकर 77,288.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 822.97 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 181.80 अंक यानी 0.77% की गिरावट के साथ 23,486.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "हाल की तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखने को मिली। यह मुनाफावसूली अगले सप्ताह अमेरिका में शुल्क दरों की घोषणा से पहले हुई है। औषधि और आईटी जैसे उन क्षेत्रों में कुछ बिकवाली दबाव देखने को मिला, जिनका काफी कारोबार अमेरिकी बाजार से जुड़ा है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थानः सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद प्रोविजन ऑफ थिक वेब स्विचेस ओवर दिल्ली डिवीजन।	
कार्य की अनुमानित लागत (₹)	₹ 15,17,77,680.45/-
धरोहर राशि (₹)	₹ 9,08,900.00/-
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय	निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 25.03.2025 / निविदा खुलने का दिनांक 16.04.2025 15:00 बजे तक
वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।	उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055

निविदा संख्याः 558-Sig-16-M-TENDER-1444 दिनांकः 25.03.2025 931/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

महामहोपाध्याय साधु भद्रेशदास को उनकी कृति 'स्वामिनारायण सिद्धांत सुधा' के लिए प्रदान किया जाएगा

नई दिल्ली। के. के. बिरला फाउंडेशन द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान, प्रख्यात संस्कृत विद्वान महामहोपाध्याय साधु भद्रेशदास को उनकी महत्वपूर्ण साहित्यिक कृति 'स्वामिनारायण सिद्धांत सुधा' के लिए प्रदान किया जाएगा। माननीय न्यायमूर्ति श्री अर्जन कुमार सीकरी (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सरस्वती सम्मान की 'चयन परिषद्' की बैठक में इसका निर्णय किया गया है। परिषद् के अन्य सदस्य हैं प्रो. रामदेव शुक्ल, डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, डॉ. किरण बुदकुले, डॉ. सी. मृणालिनी, प्रो. कालीदास मिश्र, प्रो. ललित गंगोत्रा, श्री मालन नारायणन, प्रो. मिलिन्द गोविन्दराव जोशी, डॉ. नानबेन्द्र मुखोपाध्याय, विजय वर्मा, श्री प्रियव्रत भरतिया एवं निदेशक, के. के. बिरला फाउंडेशन, डॉ. सुरेश ऋतुपर्ण। साधु भद्रेशदास, जो एक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्कृत विद्वान और बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था (बी. ए. पी. एस.) के संन्यासी हैं, का जन्म 12 दिसंबर, 1966 को नांदेड़, महाराष्ट्र में हुआ था। आप एम.ए., पीएच.डी., डी.लिट्, तथा आईआईटी खड़गपुर द्वारा प्रदत्त डॉक्टर ऑफ साइंस (मानद उपाधि) जैसी उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यताओं से सुशोभित हैं। भारतीय दर्शन में उनकी विद्वता और योगदान महत्वपूर्ण माने जाते हैं। उन्होंने आधुनिक युग में भारत की पारंपरिक वैदिक ज्ञान प्रणाली के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

- उद्योग निवेश व्यय व उपभोक्ता मांग के बीच संबंध पहचाने
- आयकर में राहत से नीतिगत दर में कटौती से उपभोग में अंतर आएगा
- निजी क्षेत्र को क्षमता विस्तार की दिशा में निवेश करना चाहिए

वित्त मंत्रालय ने मासिक आर्थिक समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा

निजी निवेश में तेज वृद्धि से वैश्विक जोखिमों से पार पा सकता है भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि निजी निवेश में तेजी लाने की जरूरत है। इससे देश को बाहरी कारणों से वृद्धि के रास्ते में उत्पन्न जोखिमों को दूर करने में मदद मिल सकती है। मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में कहा कि निजी क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती और इसके निरंतर वृद्धि परिदृश्य से राहत मिलनी चाहिए।

आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी मासिक आर्थिक समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया, "यह आवश्यक है कि उद्योग अपने निवेश व्यय और उपभोग मांग के बीच सह-संबंध को पहचाने। रिपोर्ट के मुताबिक, आयकर में राहत और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में कटौती से उपभोग में तेजी आने की उम्मीद है।

निजी क्षेत्र विस्तार क्षमता पर करे निवेश

निजी क्षेत्र को इन कदमों से संकेत लेना चाहिए और क्षमता विस्तार की दिशा में निवेश करना शुरू करना चाहिए। इसमें कहा गया है कि भारत की ठोस बुनियाद और आर्थिक संभावनाओं पर केंद्रित घरेलू निजी क्षेत्र का पूंजी निर्माण वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण चालक होगा।



विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त

विदेशी मुद्रा भंडार 11 महीने से अधिक के आयात बिल को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर तनावों और व्यापार नीति गतिविधियों से उत्पन्न अनिश्चितता से प्रभावित है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि में तेजी आई, जो निजी खपत में सुधार और मुख्य वस्तुओं (गैर-तेल, गैर-सर्राफा) के निर्यात में वृद्धि के कारण हुई।

कृषि गतिविधियों में तेजी से ग्रामीण मांग को समर्थन

रिपोर्ट के अनुसार, "कृषि गतिविधियों में तेजी से ग्रामीण मांग को समर्थन मिला है। आर्थिक गतिविधियों के बारे में बताने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ें वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में बेहतर विकास गति का संकेत देते हैं। इन आंकड़ों में ईवे बिल में वृद्धि दहाई अंक में है और पीएमआई सूचकांक में विस्तार जारी है।"

आर्थिक मजबूती को लेकर विश्वास बढ़ा

मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय बजट में दीर्घकालिक विकास को गति देने के उपायों और सुधारों पर ध्यान दिया गया है, जो कि विकसित भारत की महत्वाकांक्षा के इर्द-गिर्द है। यह महत्वपूर्ण वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच घरेलू आर्थिक मजबूती को लेकर भरोसे को बढ़ाता है।

खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आई

रिपोर्ट में मुद्रास्फीति के बारे में कहा गया है कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण फरवरी, 2025 में यह सात महीने के निचले स्तर पर आ गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में खाद्यान्नों के रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद से आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी।

मध्यम वर्ग के पास खर्च करने योग्य पूंजी

रिपोर्ट के अनुसार, "व्यक्तिगत आयकर ढांचे में प्रस्तावित बदलावों से मध्यम वर्ग के पास खर्च योग्य आय और उनकी खपत में सुधार होने की उम्मीद है। फरवरी में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ नकदी बढ़ाने के उपाय अधिक उदार मौद्रिक नीति वृद्धि की गति को बढ़ा सकते हैं।"

प्रमुख वस्तुओं का निर्यात बढ़ा

रिपोर्ट में कहा गया है कि बाह्य मोर्चे पर, प्रमुख वस्तुओं के निर्यात में उल्लेखनीय मजबूती देखने को मिली है, जो वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल से फरवरी) के दौरान 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। सकल एफडीआई प्रवाह मजबूत बना हुआ है। यह वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल से जनवरी) के दौरान 12.4 प्रतिशत बढ़ा है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मोहम्मद शहजाद,** पुत्र जैनुद्दीन अहमद, निवासी- बी-94, गली नं. 5 डीसीएम कॉलोनी इब्राहिमपुर, केशव पुरम, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 396/23 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम थाना पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शहजाद** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शहजाद** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शहजाद, प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 396/23 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम थाना पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 05.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
पूर्वी जिला, कोर्ट नंबर 03
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/3742/ED/2025

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मीनाक्षी, पताः** 288बी, पॉकेट–सी, मयूर विहार–II, **दिल्ली CIS No. 540802/16, U/s: 357/379 DMC Act, पुलिस थाना करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी,** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी,** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी, CIS No. 540802/16, U/s: 357/379 DMC Act, पुलिस थाना करोल बाग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शिप्रा धनकर
एलडी महानगर दण्डाधिकारी–01
कमरा नंबर 180 पहली मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3542/CD/2025
(Court Matter)

सोने में चार दिन से जारी गिरावट थमी

सोना 235 रुपए चढ़ा ,चांदी में 1,500 रुपए का उछाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में बुधवार को सोने में चार दिन से जारी गिरावट थम गई और इसकी कीमत 235 रुपये बढ़कर 90,685 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 235 रुपये की तेजी के साथ 90,235 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि हाल के नुकसान के बाद खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली से सोने की कीमतों में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि मजबूत वैश्विक रुझान से भी कारोबारी धारणा में सुधार हुआ। चांदी की कीमतें भी 1,500 रुपये बढ़कर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को चांदी 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

दूसरे देशों में बसना चाहते हैं भारत के 22% 'अमीर'

मुंबई (एजेंसी)। देश में कम से कम 22 प्रतिशत अति धनाढ्य लोग यहां रहने की स्थिति, विदेशों में बेहतर जीवन स्तर और अन्य देशों में कारोबार सुगमता जैसे कारणों से भारत के बारह बसना चाहते हैं।

गोल्डन वीजा योजना पसंदीदा

अति धनाढ्य 150 व्यक्तियों के बीच किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यहां तक कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अपनी 'गोल्डन वीजा' योजना के कारण उनके पसंदीदा गंतव्य हैं, जहां अमीर लोग बसना पसंद करते हैं। देश की अग्रणी संपत्ति प्रबंधक कंपनी कोटक प्राइवेट ने परामर्श कंपनी ईवाई के साथ मिलकर यह सर्वेक्षण किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, हर साल 25 लाख भारतीय दूसरे देशों में बसने चले जाते हैं।

भारतीय नागरिकता बरकरार रखना चाहते हैं : इसके निष्कर्षों में कहा गया, सर्वेक्षण में शामिल पांच में से एक अति धनाढ्य व्यक्ति वर्तमान में प्रवास की प्रक्रिया में है या प्रवास की योजना बना रहा है। उनमें से अधिकतर अपनी भारतीय नागरिकता बरकरार रखते हुए अपनी पसंद के देश में स्थायी रूप से निवास करना चाहते हैं।

भारतीय केवल 2,50,000 डॉलर ही निकाल सकते हैं : गावनकर ने कहा कि भारत में रहने वाला एक भारतीय नागरिक प्रति वर्ष केवल 2,50,000 अमेरिकी डॉलर ही निकाल सकता है, जबकि एक प्रवासी को 10 लाख अमेरिकी डॉलर की अनुमति है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पूंजी देश से बाहर नहीं जाएगी।

जीवनशैली में सुधार चाहते हैं : इसमें कहा गया, वे जीवन स्तर, स्वास्थ्य देखभाल समाधान, शिक्षा या जीवनशैली में सुधार चाहते हैं। दो-तिहाई से अधिक लोगों ने कारोबार सुगमता को भी इसकी मुख्य वजह बताया। सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने प्रवास के निर्णय को "भविष्य में निवेश" बताते कहा कि अपने बच्चों के लिए उत्कृष्ट उच्च शिक्षा की चाहत उन्हें यह विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है।

पूंजी बाहर जाने की सीमा तय है : गावनकर ने कहा कि स्थानांतरण के निर्णय को देश से पूंजी के बाहर जाने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। पूंजी के बाहर जाने की सीमा तय करने से यह सुनिश्चित होता है कि यदि कोई व्यक्ति अपना निवास स्थान बदलता है तो धन बाहर नहीं जाएगा।

स्वर्ण मौद्रीकरण योजना बंद करने का फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने बेहतर होती बाजार स्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (जीएमएस) को 26 मार्च 2025 से बंद करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा कि बैंक एक से तीन साल वाली अपनी अल्पकालिक स्वर्ण जमा योजनाओं को जारी रख सकते हैं। सरकार स्वर्ण मौद्रीकरण योजना के तहत नवंबर, 2024 तक लगभग 31,164 किलोग्राम सोना जुटा चुकी थी। सरकार ने इस योजना की घोषणा 15 सितंबर, 2015 को की थी। इसे लाने का उद्देश्य लंबी अवधि में सोने के आयात पर देश की निर्भरता को कम करने के साथ देश में परिवारों और संस्थानों द्वारा रखे गए सोने को जुटाना था ताकि इसका उपयोग उत्पादक उद्देश्यों के लिए किया जा सके। जीएमएस में अल्पकालिक बैंक जमा (एक-तीन वर्ष), मध्यम अवधि सरकारी जमा (पांच-सात वर्ष) और दीर्घकालिक सरकारी जमा (12-15 वर्ष) के रूप में तीन घटक शामिल हैं।

नोबोटेल ने किया नई दिल्ली सिटी सेंटर का उद्घाटन

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर संतुलित जीवन को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय कंपनी नोबोटेल ने नोबोटेल नई दिल्ली सिटी सेंटर के उद्घाटन का एलान किया है। भारत की राष्ट्रीय राजधानी में यह होटल मॉडर्न हॉस्पिटैलिटी का प्रमुख केंद्र बनकर सामने आएगा।रणनीतिक रूप से प्रमुख बिजनेस हब, शॉपिंग डेस्टिनेशन एवं सांस्कृतिक केंद्रों के निकट स्थित नोबोटेल नई दिल्ली सिटी सेंटर से बेहतरीन कनेक्टिविटी एवं कन्वीनियंस का अनुभव होगा। एक प्रेसिडेंशियल सुइट समेत 124 गेस्ट रूम के साथ यह होटल ऐसे ट्रेवलर्स को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो सस्टेनेबिलिटी को लेकर वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप सहूलियत और डिजाइन को महत्व देते हैं।होटल का गर्मजोशी भरा और सहज डिजाइन प्राकृतिक रूप से रोशन लॉबी के साथ मेहमानों का स्वागत करता है। लॉबी में कदम रखते ही ऊर्जा से भरपूर और आरामदायक प्रवास का वातावरण बन जाता है। बैठकों, कार्यक्रमों और विभिन्न समारोहों के लिए नोवोटेल नई दिल्ली सिटी सेंटर में 10,000 वर्ग फीट से ज्यादा जगह दी गई है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड द्वारा 4 कर्मचारी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

बिलासपुर। खोरधारोड के मंडल रेल प्रबंधक, एच.एस. बाजवा ने मंडल के चार रेल कर्मचारियों को उनकी ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सुरक्षा पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने इन रेल कर्मचारियों के अटूट समर्पण की सराहना की और कहा कि कर्तव्यों का पालन करते समय सतर्क, सावधान और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहें। इन पुरस्कार विजेताओं में से सुनंद कुमार बेहरा, स्टेशन प्रबंधक, जोरन्दा और टेकी श्रीनिवास राव, तकनीशियन-I/पलासा हैं। इन दोनों कर्मचारियों की सतर्कता और सूझबूझ से ट्रेनों का सुरक्षित और कुशल संचालन सुनिश्चित किया गया। तीसरा सम्मान खोरधारोड के मुख्य नियंत्रक, डी. रमेश बारिकी को प्रदान किया गया। वह ट्रेन पासिंग स्टाफ को संरक्षा परामर्श प्रदान करके अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार हैं और चौथे पुरस्कार विजेता खोरधारोड के संरक्षा अनुदेशक, सुकेंद्र बेहरा हैं।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

1.	कार्य का नाम	एडीएन/नई दिल्ली के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/आनन्द विहार के अनुभाग में प्लेटफार्म के शेल्टर 1 से 7 तक के स्टील ढांचे की पेटिंग, कोच केयर सेंटर और सिक लाइन के शेड, ट्रिप शेड, लेथ मशीन शेड आदि का कार्य तथा आनंद विहार रेलवे टर्मिनल के पूर्वी और पश्चिमी छोर पर पथ की मरम्मत, जिससे दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक बैटरी चालित कार/व्हील चेयर के माध्यम से एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक आसानी से जा सकें।
2.	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये)	₹ 1,01,64,448.96/- (रूपये एक करोड़ एक लाख चौंसठ हजार चार सौ अड़तालीस और छियानवे पैसे मात्र)
3.	बयाना राशि (रूपये)	₹ 2,00,800/- (रूपये दो लाख आठ सौ मात्र)
4.	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)	Rs. 0.00
5.	निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	17.04.2025 को 15.00 तक।
6.	वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध।

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जाएगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/ई–निविदा सूचना/53-2024-25/W-3 दिनांक: 26.03.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 932/25

राशिफल

मेष — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

सिंह — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

शब्द पहेली - 5817



बाएँ से दाएँ
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवणेंद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

ऊपर से नीचे
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

शब्द पहेली- 5816 का हल

सा	ल		ब	ला		य	म		श	र
या		क	ल		जो	श		जा	य	ज
	कै	द		श	र		का	न	न	
न	दी		खे	मा		का	त	ना		जा
म		जा	ल		का	य	र		ता	ल
	मा	न		र	म	ल		का	ला	
का	या		बी	न	ना		रा	म		सी
र		क	ह	र		शो	र		बा	धा
	की	च	ड़		सा	ला		री	त	
क	म	रा		ख	र		सी	ता		द
म	त		जी	त		मा	मा		दा	म





आईपीएल : हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी से सतर्क रहेगा लखनऊ

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

पहले मैच में पराजय का सामना करने वाली लखनऊ सुपर जॉइंट्स को आईपीएल के अपने अगले मैच में गुरुवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम ने इस सत्र में भी अपने आक्रामक अंदाज बरकरार रखे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम आईपीएल में अपने सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 44 रन से जीता था। पैट कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम के पास कई विस्फोटक बल्लेबाज हैं और ऐसे में ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली टीम के लिए अपने प्रमुख गेंदबाजों की अनुपस्थिति में उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा।

पंत ने बेटिंग और विकेटकीपिंग में किया निराश

लखनऊ को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से एक विकेट की करीबी हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ के कप्तान पंत पिछले मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे। यही नहीं विकेट कीपिंग में भी उन्होंने गलतियां की। दिल्ली के पास जब केवल एक विकेट बचा था और उसे अंतिम ओवर में छह रन की जरूरत थी तब पंत स्टंपिंग का आसान मौका चूक गए थे।

आक्रामक बल्लेबाजों की भरमार

सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी थी और छह विकेट पर 286 रन बनाए थे जिसमें ईशान किशन का शतक भी शामिल है। किशन के अलावा सनराइजर्स की टीम में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। यही नहीं नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले मैच में रन बना कर जतला दिया था कि उनको किसी भी तरह से कम करके आंकना गलती होगी।

मिशेल मार्श-पूरण से प्रदर्शन की उम्मीद

लखनऊ के लिए पिछले मैच में मिशेल मार्श और निकोलस पूरण ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अर्धशतक लगाए थे तथा टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। लखनऊ के मध्यक्रम के बल्लेबाजों को हालांकि बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में स्पिनर रवि बिश्नोई को छोड़कर लखनऊ के गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उसका तेज गेंदबाजी विभाग कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने से कमजोर पड़ गया है और ऐसे में शार्दुल ठाकुर की जिम्मेदारी बढ़ जाती है जिन्हें लखनऊ ने पहले मैच से ठीक पहले मोहसिन खान की जगह अपनी टीम से जोड़ा था।

खास खबर

डब्लूपीएल टीमें बढ़ाने की कोई योजना नहीं

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उसका महिला प्रीमियर लीग की मौजूदा पांच टीमों की संख्या में बढ़ोतरी करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी डब्लूपीएल समिति के भी प्रमुख हैं। आईपीएल के अध्यक्ष और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने कहा, 'अभी फिलहाल हमारा ध्यान इस टूर्नामेंट को मजबूत करने पर है। इसमें कोई अतिरिक्त टीम जोड़ने से पहले हम इसे और अधिक मजबूत करना चाहते हैं। अभी इसमें कोई नई टीम जोड़ने की कोई तात्कालिक योजना नहीं है।'

राष्ट्रीय मुक्केबाजी पूजा और सोनिया फाइनल में पहुंचीं

ग्रेटर नोएडा(भाषा)। अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी और सोनिया लाठेर ने बुधवार को यहां विपरीत जीत के साथ महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दो बार की एशियाई चैंपियन हरियाणा की पूजा ने 80 किग्रा सेमीफाइनल में रेलवे की अनुपमा पर कड़े मुकाबले में 4-2 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की। दिन के अंतिम मुकाबले में प्रतिस्पर्धा कर रही 34 वर्षीय पूजा को अनुपमा को मात देने के लिए अपने अनुभव का भरपूर इस्तेमाल करना पड़ा। दोनों मुक्केबाजों ने शुरुआती दो दौर में रक्षात्मक रूख अपनाया लेकिन पूजा ने तीसरे दौर में शक्तिशाली हुक और जैब लगा जीत दर्ज की। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोनिया भी फाइनल में पहुंच गई, उन्होंने महाराष्ट्र की पूनम कैथवास पर सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल कर अपनी खिताब की उम्मीदों को जीवित रखा। इस 33 वर्षीया मुक्केबाज का सामना अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) की संजू से होगा जबकि पूजा का सामना (एआईपी) की लालफाकमावी राल्ते से होगा। गत चैंपियन जैस्मीन (57 किग्रा), मीनाक्षी (48 किग्रा) और अनामिका हुड्डा (51 किग्रा) सभी लगातार दूसरे फाइनल में पहुंच गईं। सेना की जैस्मीन ने एकतरफा मुकाबले में पंजाब की विशाखा वर्तिया को हराया। अब उनका सामना हरियाणा की प्रिया से होगा, जिन्होंने रेलवे की पूनम को हराया। पिछले मुकाबले में विश्व चैंपियन नीतू घंघास को हराने वाली मीनाक्षी ने दिल्ली की संजना ने तीसरे राउंड में हराकर खिताबी मुकाबले में जगह पक्की की। इस बीच, अनामिका को तमिलनाडु की कलैवानी एस पर 4-3 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

डिकॉक की आतिशी पारी से केकेआर ने रॉयल्स को हराया

कोलकाता अपना पहला मैच 8 विकेट से जीता | राजस्थान अपना लगातार दूसरा मैच भी हारी

भाषा ▶▶| गुवाहाटी

क्विंटन डिकॉक ने मुश्किल विकेट पर नाबाद 97 रन की पारी खेलकर कोलकाता नाइट राइडर्स को बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच राजस्थान रॉयल्स पर आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई। वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट) और मोईन अली (23 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से केकेआर ने रॉयल्स को नौ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। डिकॉक ने इसके बाद 61 गेंदों पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 97 रन की नाबाद पारी खेलकर केकेआर को 17.3 ओवर में आसानी से लक्ष्य पार पहुंचा दिया। केकेआर ने मोईन अली (पांच) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (18) का विकेट जल्दी गंवा दिया लेकिन टीम जरूरी रन गति को ज्यादा बढ़ने नहीं दिया। डिकॉक ने एक छोर को मजबूती से संभाले रखा और उन्हें युवा अंगकृष रघुवंशी 22 (17 गेंद) के रूप में अच्छा साथी मिला। दोनों की 44 गेंद में 83 रन की अटूट साझेदारी से गत चैंपियन टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान रॉयल्स के लिए ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाये। यशस्वी जायसवाल ने 29 और कप्तान रियान पराग ने 25 रन का योगदान दिया। बारासपारा मैदान की पिच पर गेंद रूक कर आ रही थी और पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राजस्थान के बल्लेबाज अपने घरेलू मैदान पर सामंजस्य बैठाने के लिए संघर्ष करते दिखे।

ऐसे छाए क्विंटन



चक्रवर्ती और अली भी चमके

चक्रवर्ती और अली ने पावरप्ले के तुरंत बाद लगातार ओवरों में दो-दो विकेट चटका कर रॉयल्स के मध्यक्रम को ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा (33 रन पर दो विकेट) महंगे रहे लेकिन उन्होंने दो महत्वपूर्ण विकेट लिये। रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन (11 गेंद पर 13 रन) को पावरप्ले में यॉर्कर से आउट किया और फिर इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर आये शुभम दुबे (नौ) को सस्ते में आउट किया। हर्षित राणा (36 रन पर दो विकेट) ने आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने ध्रुव जुरेल की 28 गेंद की पारी को खत्म करने के बाद खतरनाक शिमरोन हेटमायर को सिर्फ सात रन पर चलता किया।जोफ्रा आर्चर ने सात गेंदों पर 16 रन की तेज पारी खेली जिससे टीम 150 रन के आंकड़े तक पहुंचा सकी। वह आखिरी ओवर में स्पेंसर जॉनसन (42 रन पर एक विकेट) का शिकार बने। लक्ष्य का पीछा करते हुए डिकॉक ने पारी की शुरुआत में छक्का लगाने की जगह मैदानी को तरजीह देते हुए आसनी से चौके जड़े। उन्होंने छोटे लक्ष्य को देखते हुए, सूझबूझ के साथ जोखिम उठाया। जोफ्रा आर्चर के खिलाफ पारी के तीसरे ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाकर उन्होंने अपने इरादे जाहिर कर दिये। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व कप्तान ने वानिंदु हसरंगा के खिलाफ अपनी पारी के तीसरे छक्के के साथ सिर्फ 35 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। केकेआर को आखिरी तीन ओवर में 17 रन की जरूरत थी और डिकॉक ने आर्चर के खिलाफ एक चौका और दो छक्का जड़ टीम को 15 गेंद शेष रहते जीत दिला दी। इससे पहले राजस्थान की टीम पावरप्ले के बाद एक विकेट पर 54 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी।

निशानेबाजों का जत्था विश्व कप के लिए रवाना

नई दिल्ली। भारत के 22 निशानेबाजों का पहला जत्था 13 सहयोगी कर्मचारियों के साथ बुधवार को ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना हुआ जो साल के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे। यह विश्व कप तीन अप्रैल से अर्जेंटीना की राजधानी में शुरू होगा। यह संयुक्त विश्व कप होगा जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन निशानेबाजी के तीनों स्पर्धाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कुल 35 भारतीय निशानेबाज 15 पदक स्पर्धाओं में भाग लेंगे जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल हैं। दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर एकमात्र निशानेबाज हैं, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जगह बनाई है। टीम के बाकी सदस्य 29 मार्च को रवाना होंगे क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनकी प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। कुछ को छोड़कर सभी निशानेबाजों ने 14 मार्च से दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया।

सना पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार

लाहौर। ऑलराउंडर फातिमा सना को नौ से 19 अप्रैल तक लाहौर में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार रखा गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ताओं ने युवा बल्लेबाज शवाल जुल्फिकार को कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में वापस बुलाया है। पाकिस्तान की अनुभवी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान निदा डार को टीम में शामिल नहीं किया गया। डार और एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी आलिया रियाज को पिछले नवंबर में महिलाओं के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया था।

खबर संक्षेप

श्रेयस ने अपने खेल में किया लगातार सुधार

अहमदाबाद। न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर केन विलियमसन का मानना है कि भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज और आईपीएल में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपने खेल में लगातार सुधार किया है। अय्यर ने मंगलवार को नाबाद 97 रन की मैच विजेता पारी खेली। विलियमसन ने कहा, 'श्रेयस अय्यर की सबसे खास बात यह है कि उन्होंने अपने खेल में लगातार सुधार किया है। एक समय उन्हें शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जाता था लेकिन उन्होंने बड़ी अच्छी तरह से इससे सामंजस्य से बिठाया।'

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने स्थगित किए चुनाव

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने 28 मार्च को होने वाले अपने चुनाव बुधवार को स्थगित कर दिया। महासंघ ने कहा कि दिल्ली और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयों द्वारा संस्था को निर्वाचक मंडल से हटाए गए नामों को बहाल करने का निर्देश दिए जाने के बाद 'मूल रूप से तय समय-सीमा के अंदर प्रक्रिया पूरी करना असंभव है'। बीएफआई ने अपने सदस्य इकाइयों को एक अधिसूचना में कहा, 'आपको सूचित किया जाता है कि बीएफआई की वार्षिक आम बैठक स्थगित कर दी गई है जो 28 मार्च 2025 को होने वाली थी।'

फुटबॉल

अर्जेंटीना विश्व कप के लिए क्वालीफाई, ब्राजील को हराया

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना के लिए मंगलवार का दिन विशेष रहा। उसकी टीम ने पहले अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और फिर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ब्राजील को 4-1 से करारी शिकस्त देकर जोरदार अंदाज में इसका जश्न मनाया।

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने ब्राजील के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर उतरने से पहले ही बोलीविया और उरुग्वे के मैच के ड्रॉ छूटने से विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर दी थी। बोलीविया के उरुग्वे को हराने में असफल रहने का मतलब था कि अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली दक्षिण अमेरिका की पहली टीम बन गई। एल ऑल्टो में उरुग्वे और बोलीविया का मैच गोल रहित ड्रॉ छूटने के बाद अर्जेंटीना ने चोटिल लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति के बावजूद मंगलवार को मोनुमेंटल डी नुनेज़ स्टेडियम में 85,000 प्रशंसकों के सामने ब्राजील को 4-1 से पराजित करके विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का जश्न मनाया। दक्षिण अमेरिका क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली छह टीम विश्व कप के लिए सीधा क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान की टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी।

मेसी सहित अर्जेंटीनी टीम अक्टूबर में प्रदर्शनी मैच खेलने आएगी भारत



नई दिल्ली। भारत में फुटबॉल प्रशंसकों को अक्टूबर में केरल में एक प्रदर्शनी मैच में लियोनेल मेसी और उनकी अर्जेंटीना टीम की एक और झलक देखने को मिलेगी। विश्व कप विजेता कप्तान मेसी का यह 14 साल बाद भारत का दूसरा दौरा होगा। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमन ने पिछले साल नवंबर में अर्जेंटीना की टीम का केरल का दौरा करने और कोच्चि में दो दोस्ताना मैच खेलने की घोषणा की थी। एचएसबीसी इंडिया बुधवार को भारत में फुटबॉल के सहयोग और प्रचार के लिए अर्जेंटीना की टीम का आधिकारिक साझेदार बन गया। उसने घोषणा की कि मैच अक्टूबर में आयोजित किए जाएंगे।

भारत और बांग्लादेश ने खेला गोलरहित ड्रॉ

शिलांग। भारत जैसी शुरुआत की उम्मीद कर रहा था, वैसी नहीं कर पाया और उसने मंगलवार रात को यहां 2027 एएफसी एशियाई कप के तीसरे दौर के क्वालीफाइंग मैच में बांग्लादेश की फुटबॉल टीम से गोलरहित ड्रॉ खेला। बांग्लादेश पहले हाफ में थोड़ी बेहतर थी लेकिन उसे कोई स्पष्ट मौका नहीं मिला, उसने इस दौरान थोड़े अधिक आक्रामक मूव और कॉर्नर किक हासिल किए। लेकिन भारत ने अगले 45 मिनट में काफी बेहतर प्रदर्शन किया जिससे बांग्लादेश पर काफी दबाव बढ़ गया, लेकिन मौके बहुत कम थे।

आर्यना ने चीन की किनवेन झेंग को 6-2, 7-5 से हराया

सबालेंका और पाओलिनी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और जैस्मिन पाओलिनी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। छठी वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने पोलैंड की गैरवरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट को 6-3, 6-2 से हराया। वह इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी बन गई है।

सेमीफाइनल में पाओलिनी का मुकाबला सबालेंका से होगा। सबालेंका ने मंगलवार रात अपने क्वार्टर फाइनल मैच में नौवीं वरीयता प्राप्त चीन की किनवेन झेंग को 6-2, 7-5 से हराया।



महिला एकल के अन्य क्वार्टर फाइनल मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला का मुकाबला ब्रिटेन की एम्मा राडाकानु से जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक का सामना फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला से होगा।

कीवियों ने आखिरी टी20 मैच में आठ विकेट से दर्ज की जीत

न्यूजीलैंड ने 4-1 से जीती सीरीज, पाकिस्तान की घर में हुई किरकिरी

एजेंसी ▶▶| वेलिंग्टन

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पाकिस्तान को एक बार फिर करारी हार का सामना करना पड़ा है। बुधवार को न्यूजीलैंड ने उन्हें आखिरी टी20 मैच में आठ विकेट से हराकर 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली।

वेलिंग्टन में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 128 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट गंवाकर 131 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

सेफर्ट ने दिलाई टीम को जीत

129 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत शानदार हुई थी। पहले विकेट के लिए टिम सेफर्ट और फिन एलन के बीच 93 रनों की साझेदारी हुई। सुफियान मुकीम ने दाएं हाथ के बल्लेबाज एलन को बोल्ड किया। वह 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, टिम सेफर्ट ने 38 गेंदों में 97 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। उनके अलावा मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल ने क्रमशः तीन और दो* रन बनाए। पाकिस्तान के लिए सुफियान ने दो विकेट लिए जबकि बाकी गेंदबाजों के हाथ खाली रहे।

नीशम ने बरपाया कहर

इससे पहले पाकिस्तान की टीम एक बार फिर बल्ले से प्रभावित करने में नाकाम रही। उनकी तरफ से कप्तान सलमान आगा ने 39 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली जबकि शादाब खान ने 28 रन बनाए। वहीं, पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के हसन नवाज, सुफियान मुकीम और मोहम्मद अली खाता भी नहीं खोल सके। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस 11 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। कीवियों के लिए जेम्स नीशम ने सर्वाधिक पांच विकेट चटकाए जबकि जैकब डफी को दो सफलताएं मिलीं। वहीं, बेन सियर्स और ईश सोढी को एक-एक विकेट मिला।

जहां राम के चरण पड़े, रामसेतु बना वहीं देंगे पंबन ब्रिज की सौगात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान राम से जुड़े तीर्थों को नया स्वरूप देने में जुटे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी अयोध्या के बाद तमिलनाडु में उस जगह से देशवासियों को एक खूबसूरत ब्रिज की सौगात देंगे,जहां कभी प्रभुराम के चरण पड़े थे।

रामेश्वरम का पंबन ब्रिज जिस समुद्री क्षेत्र (मन्नार की खाड़ी) के ऊपर बना है, वह वही स्थान माना जाता है जहां से भगवान राम ने लंका जाने के लिए रामसेतु का निर्माण करवाया था। रामनवमी के दिन पीएम मोदी यह ब्रिज देशवासियों को समर्पित करेंगे। इसका लुक गजब का बनाया गया है।

12.5 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया

415 टन है प्रत्येक पत्ते का वजन

143 खंभे लगे हैं इस पुल में

रामनवमी के दिन पीएम मोदी यह ब्रिज देशवासियों को करेंगे समर्पित

ब्रिज की खासियत

पंबन ब्रिज न केवल एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, बल्कि यह कई कहानियों और संघर्षों का साक्षी भी रहा है। पंबन ब्रिज एक कैंटिलीवर ब्रिज है, जो समुद्र तल से 12.5 मीटर की ऊंचाई पर बना हुआ है। इस पुल का डिजाइन इतना अनूठा है कि यह बीच से खुल सकता है, जिससे समुद्री जहाज आसानी से गुजर सकते हैं। इसे 'डबल-लीफ बेसक्यूल ब्रिज' कहा जाता है। इन पत्तों को मैन्युअल रूप से लीवर की मदद से उठाया और नीचे किया जाता था। प्रत्येक पत्ते का वजन लगभग 415 टन है। पुल में 143 खंभे लगे हैं, जो चक्रवात के वक्त भी इसे मजबूती से खड़ा रखेंगे।

पीएम मोदी तीर्थों को नया स्वरूप देने में जुटे

रामेश्वरम से मंडपम को जोड़ेगा

पंबन ब्रिज समुद्र पर बना हुआ है और यह रामेश्वरम को भारत की मुख्य भूमि (मंडपम) से जोड़ेगा। वैज्ञानिक अध्ययनों और नासा की तस्वीरों से साफ हो चुका है कि पंबन के पास ही समुद्र में एक प्राचीन चट्टानी श्रृंखला पाई गई है, जो रामसेतु की तरह नजर आती है। माना जाता है कि यह सेतु पंबन से श्रीलंका तक फैला हुआ था। यही वजह है कि सरकार ने इस जगह पर जो पुल बनाया है, उसका नाम पंबन ब्रिज रखा गया है।

113 साल पहले हुई शुरुआत

सबसे पहले पंबन ब्रिज का निर्माण 1911 में शुरू हुआ और 1914 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया। यह भारत का पहला समुद्री पुल था। यह पुल मन्नार की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है और रामेश्वरम द्वीप को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। 1954 में एक बड़ा हादसा हुआ, जब तूफान के कारण एक ट्रेन पुल से नीचे समुद्र में गिर गई। इसमें कई पैसेंजर्स की मौत हो गई थी। 1964 में आए चक्रवात ने ब्रिज को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। 2019 में इंडियन रेलवे ने इसकी डिजाइन में बड़े बदलाव किए।

खबर संक्षेप

जाफर एक्सप्रेस हमले में चार मददगार गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान से जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले मामले में बलूचिस्तान पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। उन पर 11 मार्च को बोलन जिले में जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने और 400 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाने में शामिल बलोच लड़ाकों की कथित तौर पर मदद करने का आरोप है। हमलावरों की पहचान के प्रयास भी जारी हैं। हमले में मारे गए लड़ाकों के अवशेष फॉरेंसिक साइंस एजेंसी को भेजे गए हैं। हमलावरों की ओर से इस्तेमाल किए गए हथियार और संचार उपकरणों को जब्त कर

लुकाशेंको ने सातवीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

मिन्स्क। बेलारूस के अधिनायकवादी नेता अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने मंगलवार को सातवीं बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली। उन्होंने अपने उन आलोचकों का मजाक उड़ाया जिन्होंने 'यूरोप का अंतिम तानाशाह' कहा था। लुकाशेंको ने कहा कि उनके देश में उन देशों से अधिक लोकतांत्रिक है, जो खुद को इसका आदर्श मानते हैं। आधी दुनिया हमारे तानाशाही के मॉडल के सपने देख रही है, जिसमें वास्तविक असली व्यापार और हमारे लोगों के हित प्राथमिकता में हैं।

भारतीय चुनाव व्यवस्था के कायल हुए अमेरिका को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

इलेक्शन सिस्टम को बताया आदर्श, अपने देश की चुनाव प्रणाली में की सुधार की बात

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव प्रणाली में बदलाव लाने की बात कही है। इसके लिए उन्होंने एक आदेश जारी किया है। इसमें चुनाव संचालन के तरीके में बदलाव की बात कही गई है। इस आदेश में मतदाताओं से उनकी अमेरिकी नागरिकता को साबित करने और यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि चुनाव के दिन तक केवल मेल-इन या पोस्टल बैलेट मतपत्र ही गिने जाएं। इसके अलावा, गैर-अमेरिकी नागरिकों को कुछ चुनावों में दान करने से भी रोकने का प्रस्ताव है। ट्रंप ने भारत और ब्राजील जैसे देशों के चुनाव प्रथाओं का उदाहरण दिया और तर्क दिया कि अमेरिका "बुनियादी और आवश्यक चुनाव सुरक्षा" को लागू करने में विफल रहा है, जो पहले से ही कई विकसित और विकासशील देशों में मानक बन चुके हैं। उन्होंने जोर दिया कि धोखाधड़ी, त्रुटियों या संदेह से अछूते स्वतंत्र, निष्पक्ष और ईमानदार चुनाव हमारे संवैधानिक गणराज्य को बनाए रखने के लिए जरूरी हैं।

ट्रंप ने कहा कि धोखाधड़ी, त्रुटियों या संदेह से अछूते स्वतंत्र, निष्पक्ष और ईमानदार चुनाव हमारे संवैधानिक गणराज्य को बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। अमेरिकी नागरिकों का यह अधिकार है कि उनके मतों की सही तरीके से गणना की जाए और उन्हें बिना किसी अवैध छेड़छाड़ के सारणीबद्ध किया जाए

अमेरिकी चुनावों के लिए सुरक्षित और समान मतदान प्रणाली की आवश्यकता

गैर-अमेरिकी नागरिकों को कुछ चुनावों में दान करने से भी रोकने का प्रस्ताव

भारत मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहा

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और ब्राजील मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका नागरिकता के लिए काफी हद तक स्व-सत्यापन पर निर्भर है। उन्होंने अमेरिका में मतपत्र प्रसंस्करण के असंगत दृष्टिकोण की आलोचना की। उन्होंने जर्मनी और कनाडा जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि जर्मनी और कनाडा में मतों की गणना करते समय कागज के मतपत्रों की आवश्यकता होती है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में कई तरीके हैं, जिनमें अक्सर बुनियादी सुरक्षा का अभाव होता है। उन्होंने अमेरिकी चुनावों के लिए एक अधिक सुरक्षित और समान मतदान प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया।

66 अरब डॉलर का निर्यात बचाने की कवायद में जुटा भारत

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत समेत कई देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। यह तारीख धीरे-धीरे करीब आ रही है। भारत अमेरिका से आने वाले 23 अरब डॉलर के सामान पर टैरिफ कम करने पर विचार कर रहा है। इसका मकसद 66 अरब डॉलर के निर्यात को बचाना है। चीन के बाद अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है और भारत उसे किसी भी हाल में खोना नहीं चाहता है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत इस समझौते के पहले चरण में अमेरिका से आने वाले आधे से ज्यादा सामान पर टैरिफ घटाने को तैयार है। यह कटौती कई साल में सबसे बड़ी होगी।

55 प्रतिशत सामान पर घटेगा टैरिफ

समझौते के तहत, भारत अमेरिका से आने वाले 55% सामान पर टैरिफ कम करने को तैयार है। इन सामान पर अभी 5% से 30% तक टैरिफ लगता है। सूत्रों ने बताया कि भारत 23 अरब डॉलर से ज्यादा के अमेरिकी सामान पर टैरिफ को काफी हद तक कम करने या पूरी तरह से हटाने को भी तैयार है। अमेरिका का ट्रेड-वेटेड एवरेज टैरिफ लगभग 2.2% है जबकि भारत का 12% है। अमेरिका को भारत के साथ व्यापार में 45.6 अरब डॉलर का घाटा है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि मांस, मक्का, गेहूं और डेयरी उत्पादों पर टैरिफ 30% से 60% तक है। उन पर कोई बात नहीं होगी। लेकिन बादाम, पिस्ता, ओटमील और क्विनोआ पर टैरिफ कम किया जा सकता है। भारत ऑटोमोबाइल टैरिफ में भी धीरे-धीरे कटौती करने पर जोर देगा, जो अभी 100% से ज्यादा है।

हाई कोर्ट में वकील का गुस्सा

4 घंटे से कोर्ट में चल रहा ड्रामा, मैं बैठकर देख रहा हूं

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक वकील ने इस तरह का बयान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में हाल ही में सुनवाई के दौरान एक वकील ने एक ऐसा बयान दिया, जिसे सुनकर हर कोई चौंक गया। वकील ने कहा कि पिछले चार घंटे से इस कोर्ट में ड्रामा चल रहा है और मैं बैठकर देख रहा हूं। इतना ही नहीं वकील ने यह भी कह दिया कि जजों की हालत तो देखिए, दिल्ली में जो हुआ, वह भी देखना चाहिए।

वकील ने कहा कि हाई कोर्ट के जज दूसरी जगहों पर जाकर कहते हैं कि नए जज नियुक्त करो, लेकिन जजों की हालत देखिए, दिल्ली में जो हुआ वो भी देखना चाहिए। ये दबाव बढ़ रहा है, हमें परेशान किया जा रहा है। मैं अब जाकर मोहन यादव से बात करूंगा। ये केस 20 बार आ चुका है, बड़ी मुश्किल से लिस्ट हुआ है। मैं इस अफरा-तफरी में अपना केस नहीं चलाना चाहता, इसे दूसरी बेंच में भेजा जाना चाहिए। वकील के बयान को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने माना कि ऐसी टिप्पणियां सही नहीं थी। यह कोर्ट के लिए अवमानना को भी दिखाती है। जस्टिस शुक्ला ने आदेश दिया कि आदेश की कॉपी चीफ जस्टिस के सामने रखी जाएगी।

जस्टिस ने फाइल सीजे को भेजी

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस अनुराधा शुक्ला ने अपने आदेश में दर्ज किया कि अपीलकर्ताओं के वकील ने कोर्ट के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। साथ ही निर्देश दिया कि मामले को जरूरी कार्रवाई के लिए चीफ जस्टिस के सामने रखा जाए। कोर्ट ने 22 मार्च के एक आदेश में कहा कि यह साफ है कि वकील इस कोर्ट के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं, इसलिए यह सही होगा कि इस आदेश की एक कॉपी मुख्य न्यायाधीश के सामने रखी जाए। मामले को स्थगित किया जाता है।

सऊदी अरब में यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता खत्म

काला सागर में सैन्य कार्रवाई समाप्त करने पर दोनों सहमत

एजेंसी ▶▶ रियाद

रूस और यूक्रेन ने अमेरिका की मध्यस्थता में हुई वार्ता के दौरान काला सागर और ऊर्जा स्थलों पर सैन्य हमलों को रोकने पर सहमति व्यक्त की है। वार्ता सोमवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच 12 घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक के बाद हुई। वहीं, मंगलवार को व्हाइट हाउस ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान प्रकाशित किया, जिसमें रविवार और मंगलवार के बीच यूक्रेन के साथ हुई दो दौर की वार्ता के परिणामों की सूची दी गई। बयान के अनुसार,अमेरिका और यूक्रेन ने काला सागर में सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने, बल का उपयोग खत्म करने और सैन्य उद्देश्यों के लिए वाणिज्यिक जहाजों के इस्तेमाल को रोकने पर सहमति जताई है।

युद्धबंदियों की करेंगे रिहाई

इसके अलावा, अमेरिका ने युद्धबंदियों की अदला-बदली, नागरिक बंदियों की रिहाई और जबरन स्थानांतरित किए गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में मदद करने का वादा किया। दोनों पक्षों ने रूस और यूक्रेन की ऊर्जा केंद्रों पर हमलों पर रोक लगाने के लिए दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच हुए समझौते को लागू करने के उपायों पर सहमति जताई। वे स्थायी शांति हासिल करने के लिए काम जारी रखने पर भी सहमत हुए।

जयशंकर की विशेष यूएन दूत से मुलाकात

म्यांमार सीमा स्थिरता और शरणार्थी मुद्दे पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष दूत जूली बिशप से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने म्यांमार की सीमा स्थिरता, शरणार्थी स्थिति, म्यांमार से जुड़े अंतरराष्ट्रीय अपराध और आर्थिक सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली में म्यांमार पर यूएन महासचिव की विशेष दूत जूली बिशप से मिलकर खुशी हुई। हमने म्यांमार सीमा स्थिरता, शरणार्थी स्थिति, अंतरराष्ट्रीय अपराध और आर्थिक सहयोग पर विचार-विमर्श किया। साथ ही राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की। बता दें, बिशप को अप्रैल 2024 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने म्यांमार के लिए विशेष दूत नियुक्त किया था।

श्रीनगर में पर्यटकों के लिए खुला ट्यूलिप गार्डन

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर स्थित श्रीनगर में डल झील के ऊपर जबरवान रेंज की तलहटी में स्थित प्रतिष्ठित ट्यूलिप गार्डन आधिकारिक तौर पर पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद सीएम ने गार्डन का दौरा किया और गैर-स्थानीय पर्यटकों से बातचीत की। पर्यटकों ने कश्मीर की अद्वितीय सुंदरता वाले गार्डन की प्रशंसा व्यक्त की। प्रतिष्ठित ट्यूलिप गार्डन में 74 बेहतरीन किस्मों के 17 लाख से अधिक फूल लगे हैं। बता दें, ट्यूलिप गार्डन को पहले मॉडल फ्लोरीकल्चर सेंटर के नाम से जाना जाता था। यह एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन है जो लगभग 30 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यह जबरवान रेंज की तलहटी में स्थित है और यहां से डल झील का नजारा दिखता है।

समुद्र में 4,000 मीटर अंदर जाकर तबाही मचाएगी चीन की मशीन

इंटरनेट केबल को काट ठप कर देगी दुनिया का कामकाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीनी वैज्ञानिकों ने एक ऐसी मशीन विकसित कर ली है जो पूरी दुनिया का इंटरनेट एक झटके में ठप कर सकता है। चीन के हाथ एक ऐसी टेक्नोलॉजी लग गई है जिसकी मदद से वह समुद्र के नीचे बिछे इंटरनेट केबल को काट सकता है। ऐसा हुआ तो पूरी दुनिया का इंटरनेट बाधित हो जाएगा। चीन में इस मशीन के बनने से वैश्विक इंटरनेट और डाटा सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। यह उपकरण चीन के शिप साइंटिफिक रिसर्च सेंटर और उसकी स्टेट की लेबोरेटरी ऑफ डीप-सी मैनड व्हीकल्स द्वारा बनाया गया है। हालांकि, इस मशीन का डुअल पर्पस यूज चिंता का विषय बन गया है। असल में इस केबल कटर को खास तौर पर समुद्र तल खनन के लिए डिजाइन किया गया था, लेकिन अब चीन इसे समुद्र के तलहटी में बिछे इंटरनेट केबल काटने के लिए भी इस्तेमाल कर सकता है।

- मशीन में एक डायमंड-कोटेड ग्राइंडिंग व्हील लगाया गया है
- पानी में बिछी स्टील-रेनफोर्ड केबल्स आसानी से कट जाएंगी



सैन्य कार्य प्रणाली होगी बाधित

जानकारों का मानना है कि चीन इस मशीन का इस्तेमाल ताइवान पर हमला करने के लिए कर सकता है। अगर युद्ध जैसी स्थिती उतपन्न होती है तो चीन इस मशीन की मदद से ताइवान के नजदीक समुद्र के भीतर इंटरनेट केबल काट सकता है जिससे ताइवान का संचार दुनियाभर से तो कट ही जाएगा साथ ही देश के भीतर भी अफरातफरी मच जाएगी। इसके अलावा, अमेरिकी सैन्य ठिकाने और एयरबेस के पास वाले इलाकों में भी चीन इस मशीन का इस्तेमाल कर सकता है।

1600 आरपीएम की गति से घूमता है ग्राइंडिंग व्हील

ये मशीन समुद्र के अंदर 4,000 मीटर की गहराई में जा सकता है। इस मशीन में रोबोटिक आर्म लगे हैं जो गहरे पानी में काम कर सकते हैं। चीन इस मशीन से पानी में बिछी स्टील-रेनफोर्ड केबल्स को भी आसानी से काट सकता है। इन केबल्स के कटने से दुनिया का 95% इंटरनेट और डेटा ट्रांसमिशन ठप पड़ जाएगा। इस मशीन को समुद्री जहाज में माउंट किया गया है। इस मशीन में एक डायमंड-कोटेड ग्राइंडिंग व्हील लगाया गया है, जो 1600 आरपीएम की गति से घूमता है और स्टील के केबल्स को काटने के लिए फोर्स उत्पन्न करता है।

तंगहाल पाकिस्तान को मिली संजीवनी

आईएमएफ ने 1.3 अरब डॉलर का ऋण किया मंजूर

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए 1.3 अरब डॉलर का ऋण मंजूर किया है और अपने बेलआउट पैकेज की पहली किस्त जारी कर दी है। यह ऋण पाकिस्तान के जलवायु लचीलापन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए है, जिसमें जलवायु परिवर्तन से होने वाले नकरात्मक प्रभावों से निपटने के उपायों को लागू किया जाएगा। यह बेलआउट पैकेज 37 महीने की अवधि में 7 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है, और इसके तहत आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 अरब डॉलर की पहली किस्त जारी की है। इससे पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है, क्योंकि इसके जरिए वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, आईएमएफआईएमएफ ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान को वैश्विक आर्थिक स्थितियों और भू-राजनीतिक संकटों से जूझते हुए अपने आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाना होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109